दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शुक्रवार, 27 मार्च 2026 | शुक्ल पक्ष-नवमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-11 अंक- 335 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पाकिस्तान जो खुद गृहयुद्ध की आग में झुलस रहा है चला था अमेरिका और ईरान के बीच फायर ब्रिगेड बनने लेकिन ईरान ने उसको पानी-पानी कर के रख दिया। होर्मूज से पाकिस्तान के जहाज को खदेड़ दिया। इसके साथ ही ईरान ने यह धमकी भी जारी की है कि जो भी देश अमेरिका का डाकिया बनकर समझौता प्रस्ताव लेकर आएगा उसे ईरान की मिसाइलें जवाब देंगी। इसके बाद से पाकिस्तान की सिट्टी पिट्टी गुम हो गई है। इसीलिए कहा गया है कि दूसरे के फटे में टांग नहीं घुसेड़नी चाहिए क्योंकि टांग टूटने का खतरा रहता है।

पूर्व-मंत्री की फॉलो गाड़ी ने बाइक को उड़ाया, दो की मौत

जगदलपुर/बस्तर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर-रायपुर एनएच-30 पर पूर्व मंत्री के काफिले की फॉलो गाड़ी ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई। घटना का लाइव वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि टक्कर लगते ही दोनों उछलकर करीब 50 मीटर दूर फेंका गए थे। सिर फटने से उनकी जान चली गई। मामला बस्तर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बोलेरो मालिक हिमांशु चक्रवर्ती को पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के काफिले में बोलेरो लेकर जाना था।

महायुद्ध: ईरान की बाब-अल-मंदेब पर हमले की धमकी, दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट, दुनिया में 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई इसी मार्ग से

इजराइल का दावा- होर्मुज बंद करने वाले ईरानी कमांडर तंगसीरी को मारा

तेल अवीव/तेहरान (ए.)। इजराइल ने ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना चीफ अलिरेजा तंगसीरी को मारने का दावा किया है। इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि ईरान के बंदर अब्बास इलाके में हुई एयरस्ट्राइक में तंगसीरी मारे गए।

इजराइली अधिकारियों के मुताबिक, तंगसीरी वही कमांडर थे जिन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की प्लानिंग की थी। हालांकि ईरान ने अभी तक तंगसीरी के मौत की पुष्टि नहीं की है। अलिरेजा तंगसीरी को 2018 में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने रिवोल्यूशनरी गार्ड की नौसेना का चीफ नियुक्त किया था।

खबर हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है। अगर बाब-अल-मंदेब में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ईरान का सख्त रुख और शांति की अपनी शर्तें?

तेहरान (ए.)। ईरान ने अपने फैसले के जरिए दुनिया को अपनी ताकत और होर्मुज पर अपने नियंत्रण का प्रदर्शन किया है। अराघची ने कहा कि ईरान युद्ध को लंबा नहीं खींचना चाहता और संघर्ष का स्थायी अंत चाहता है, लेकिन समाधान उसकी अपनी शर्तों पर ही होगा। इन शर्तों में भविष्य में हमले न होने की गारंटी और युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई शामिल है। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष में अमेरिका अपने लक्ष्यों को हासिल करने में नाकाम रहा है। वह न तो जल्दी जीत हासिल कर सका और न ही ईरान में सत्ता परिवर्तन कर पाया।

पीएम मोदी ईरान जंग पर मुख्यमंत्रियों से करेंगे बात

नई दिल्ली (ए.)। पीएम नरेंद्र मोदी 27 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे।

इसमें ईरान जंग के बाद बिगड़े हालात पर चर्चा संभव है। चुनावी राज्यों के सीएम इसमें शामिल नहीं होंगे। मोदी ने 24 मार्च को संसद में कहा था कि ईरान जंग जारी रही तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। आने वाला समय कोरोनाकाल जैसी परीक्षा वाला होगा। केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा। वहीं, सरकार ने आज देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी की खबरों को खारिज कर दिया है।

भारत के लिए खुला 'होर्मुज' का द्वार: ईरान ने दी आवाजाही की अनुमति

दिल्ली (ए.)। पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के बीच ईरान ने भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक घोषणा की है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने स्पष्ट किया है कि रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को पूरी तरह बंद नहीं किया गया है। ईरान ने भारत समेत अपने पांच मित्र देशों के जहाजों को इस रास्ते से सुरक्षित और निर्बाध गुजरने की अनुमति दे दी है। इस फैसले से दुनिया भर में बढ़ रहे तेल और गैस के संकट के बीच भारत को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि भारत का अधिकांश तेल आयात इसी समुद्री मार्ग से होता है।

ईरान युद्ध पर ट्रंप का फाइनल अल्टीमेटम: बोले- 'अब बहुत हुआ', खत्म करो युद्ध, वरना..!

वाशिंगटन (ए.)। मध्य पूर्व मिडिल ईस्ट में जारी ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब 'फाइनल अल्टीमेटम' जारी कर दिया है। उन्होंने

साफ कहा है कि आने वाले 4-6 हफ्तों में इस युद्ध को खत्म किया जाए, वरना अमेरिका पहले से भी ज्यादा कड़ा सैन्य एक्शन लेने के लिए तैयार है। ट्रंप का मानना है कि यह युद्ध उनके अन्य महत्वपूर्ण घरेलू और राजनीतिक एजेंडों से ध्यान भटका रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अगर तेहरान समझौते के लिए आगे नहीं बढ़ता है, तो अमेरिका पहले से भी कहीं ज्यादा कड़ा और निर्णायक हमला कर सकता है। इस पूरे द्वंद्व और कूटनीतिक हलचल के बीच वैश्विक तेल बाजार की नजरें होर्मुज पर टिकी हैं। यदि जल्द ही शांति समझौता नहीं होता है तो होर्मुज में रुकावट जारी रह सकती है, जिससे अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में भारी अस्थिरता आएगी। ट्रंप जानते हैं कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए इस समुद्री मार्ग का सुचारू रहना अनिवार्य है। इसीलिए वे कूटनीति और सैन्य शक्ति के मिश्रण का उपयोग कर रहे हैं ताकि ईरान को बातचीत की मेज पर लाया जा सके और उनकी शर्तों पर युद्ध का अंत हो सके।

कश्मीर में ईरान के लिए 18 करोड़ रुपए का चंदा जुटाया

■ बड़गाम जिला सबसे आगे, सुरक्षा एजेंसियों को आतंकी फंडिंग की आशंका

श्रीनगर (ए.)। कश्मीर घाटी में ईरान के समर्थन में करोड़ों रुपए का चंदा जुटाया गया है। इससे देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। आशंका है कि इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी फंडिंग में हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अब तक 17.91 करोड़ रुपए चंदा जुटाया गया है। इनमें से 85% राशि शिया समुदाय ने दान की है। कश्मीर का बड़गाम शिया बहुल इलाका है।

यहां से करीब 9.5 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। यह फंडरेजिंग अभियान जकात और सदका के जरिए लिया जा रहा है। इसका उद्देश्य मौजूदा संघर्ष से प्रभावित ईरानी नागरिकों की मदद करना बताया गया है। लोग चंदे में कैश भी दे रहे हैं। क्यूआर कोड भी है ताकि पैसा बैंक अकाउंट में जा सके। लोग सोना-चांदी के अलावा कीमती बर्तन भी दे रहे हैं।

ईरानी दूतावास ने अकाउंट-क्यूआर कोड शेयर किया

सूत्रों के मुताबिक भारत में ईरानी दूतावास ने सीधे पैसे ट्रांसफर करने के लिए एक विशेष बैंक अकाउंट भी खोला है, जिसमें यूपीआई के जरिए भुगतान की सुविधा दी गई है। अधिकारियों का मानना है कि चंदे की राशि और बढ़ सकती है। इधर प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे सीधे दूतावास के आधिकारिक माध्यमों से ही पैसा भेजें, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। खुफिया सूत्रों ने यह भी बताया कि पहले भी चैरिटी के नाम पर जुटाए गए फंड के दुरुपयोग के मामले सामने आ चुके हैं।

आईपीएस रतनलाल डांगी सस्पेंड

■ एसआई की पत्नी ने लगाए थे यौन उत्पीड़न के आरोप

■ बिना अनुमति नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय, आदेश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने सीनियर आईपीएस रतन लाल डांगी को निलंबित कर दिया है। कुछ दिन पहले एसआई की पत्नी ने डांगी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। उनके खिलाफ विभागीय जांच लंबित होने के कारण यह कार्रवाई की गई है। शासन के गृह (पुलिस) विभाग ने निलंबन का आदेश जारी किया है। बता दें कि 5 महीने पहले सरकार ने कार्रवाई करते हुए उन्हें आईजी के पद से हटा दिया था। अब सस्पेंड के बाद डांगी का मुख्यालय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अब जानिए पूरा मामला

दरअसल, पीड़िता एसआई की पत्नी ने 15 अक्टूबर 2025 को पुलिस मुख्यालय में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि 2017 में रतनलाल डांगी से उसकी मुलाकात कोरबा में हुई थी, जब आईपीएस डांगी वहां एसपी पद पर तैनात थे। शुरुआती बातचीत सोशल

मीडिया पर हुई, जो आगे बढ़ती गई। दंतेवाड़ा में पदस्थापना के दौरान वह वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें योग सिखाती थी। राजनांदगांव और सरगुजा में आईजी बनने के बाद डांगी ने कथित रूप से उसे परेशान करना शुरू किया। बिलासपुर आईजी रहते हुए उत्पीड़न का सिलसिला और बढ़ गया।

बिलासपुर में बर्ड फ्लू, 47 हजार पक्षी-अंडे नष्ट किए

■ संक्रमण के बाद हुई पूरे संभाग में सप्लाई, कानन पेंडारी 7 दिन तक बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में कोनी स्थित पोल्ट्री फार्म में बर्ड-फ्लू वायरस मिला है। यहां 5 हजार मुर्गियां की मौत के बाद 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाली 22 हजार से ज्यादा पक्षी और 25 हजार अंडे नष्ट किए गए। जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ है। वायरस फैलने के बाद प्रशासन की 2 अलग-अलग लापरवाही सामने आई है। एक तरफ खमतराई इलाके में मरी मुर्गियां फेंकी मिली। दूसरी तरफ मुर्गियों की मौत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डंपर से टकराकर बस में आग 13 जिंदा जले, 22 लोग घायल

■ 3 घंटे में आग पर काबू पाया गया, पीएम मोदी ने जताया शोक

मरकापुरम/ए.। आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत का आंकड़े में आफिशियल कंफर्मेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया।

मरकापुरम के एसपी वी हर्षवर्धन राजू ने बताया कि डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बांग्लादेश में बस नदी में गिरी, 26 की मौत

ढाका/ए.। बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले में हुए बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। यह हादसा तब हुआ जब यात्रियों से भरी बस दाउलतदिया घाट पर फेरी (बड़ी नाव) में चढ़ते समय पद्मा नदी में गिर गई। फायर सर्विस के मुताबिक, 23 शव बस के अंदर से निकाले गए, जिनमें 11 महिलाएं, 8 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 8 लोगों को जिंदा बचाया गया था, लेकिन उनमें से 3 लोगों की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। कुछ लोगों की तलाश जारी है। वहीं, 22 मृतकों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसा बुधवार शाम को हुआ। तब सिर्फ 2 लोगों की मौत की खबर आई थी। बांग्लादेश में बसों और गाड़ियों को नदी पार कराने के लिए फेरी का

इस्तेमाल होता है। यह एक बड़ी नाव या जहाज जैसा होता है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली और जांच के आदेश दिए। रेस्क्यू ऑपरेशन में फायर सर्विस की चार टीमें और 10 गोताखोर शामिल रहे। इनके साथ सेना, पुलिस, कोस्टगार्ड, BIWTC और लोकल प्रशासन ने भी मिलकर काम किया। कुल 25 मृतकों में से 22 शव फायर सर्विस ने निकाले, 2 लोगों को स्थानीय लोगों ने बचाया लेकिन बाद उनकी मौत हो गई।

शादी के 12 दिन बाद नवविवाहिता ने की आत्महत्या

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी में एक नवविवाहिता ने शादी के महज 12 दिन बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना मगरलोड थाना क्षेत्र के छोटी करेली गांव में हुई, जहां महिला ने अपने ससुराल के टॉयलेट में यह कदम उठाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतिका की पहचान 23 वर्षीय नूतन दीवान के रूप में हुई है।

रजत बंसल सीएम सचिवालय में विशेष सचिव, जनसंपर्क आयुक्त का भी प्रभार

■ रवि मित्तल पीएमओ के लिए होंगे रिलीव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए रजत बंसल को मुख्यमंत्री सचिवालय में पोस्टिंग के साथ जनसंपर्क आयुक्त का प्रभार सौंपा है, जबकि रवि मित्तल को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में उप सचिव पद के

लिए रिलीव कर दिया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार दोनों निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी रजत बंसल को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक विशेष सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय के पद पर पदस्थ किया गया है। वे अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आयुक्त जनसंपर्क, सीईओ 'संवाद', संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म तथा प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नशे में हाईवा ड्राइवर ने 12 गोवंशों को कुचला, मौत

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में देर रात शराब के नशे में हाईवा चालक ने सड़क पर बैठे गोवंशों को कुचल दिया। इस हादसे में 12 गोवंशों की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आज (गुरुवार) सुबह मृत गोवंशों का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

गरमा-गरम

अध्ययन यात्रा: नशामुक्ति अभियान, सीमापार तस्करी और सामाजिक मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

पंजाब के राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ के पत्रकारों से की मुलाकात

अनवर कुरैशी/ चंडीगढ़/पंजाब

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने आज छत्तीसगढ़ से आए 14 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल से आत्मीय भेंट की। पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित अंतर-राज्यीय अध्ययन यात्रा के अंतर्गत यह प्रतिनिधिमंडल पंजाब प्रवास पर है। इस अवसर पर राज्यपाल ने पत्रकारों के साथ संवाद करते हुए राज्य में नशामुक्ति अभियान, सीमापार तस्करी की चुनौतियों तथा सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से जानकारी साझा की। संवाद के दौरान राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बस्तर में नक्सलवाद समाप्ति की ओर

पत्रकारों ने राज्यपाल को जानकारी दी कि बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है तथा विकास कार्यों के विस्तार के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच भी बेहतर हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि नक्सल समर्पण करने वाले व्यक्तियों और उनके परिवारों को पुनर्वास योजनाओं के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे उनमें विश्वास और स्थायित्व की भावना विकसित हो रही है।

निगरानी व खुफिया व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा

राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार तकनीकी रूप से अपने तंत्र को सशक्त बना रही है और निगरानी एवं खुफिया व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में ड्रग तस्करी ने दुर्भाग्यवश एक संगठित व्यवसाय का रूप ले लिया है और इसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 31 हजार एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और बड़ी संख्या में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, दो बड़े ड्रग माफिया सरगनाओं को भी गिरफ्तार किया गया है।

रायपुर में दो जगहों पर जीएसटी की रेड, अफसर खंगाल रहे दस्तावेज

■ लक्ष्मी कमर्शियल और एसआरएस ट्रेडर्स के ठिकानों पर चल रही जांच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में गुरुवार को जीएसटी विभाग की टीम ने भैंसथान स्थित अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स में छापेमारी की है। एजेंसी की टीम लक्ष्मी कमर्शियल और एसआरएस ट्रेडर्स नाम की फर्मों में जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि करीब 10 अधिकारियों की टीम इस कार्रवाई में शामिल है। दोनों फर्मों के चार अलग- अलग ठिकानों पर जांच कर रही है। सूत्रों की मानें तो विभाग को इन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छापेमारी की विभागीय जानकारी नहीं दी गई

इस मामले में छापेमारी को लेकर अभी तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। अफसरों का कहना है कि अभी आकलन किया जा रहा है। जांच और दस्तावेजों के विश्लेषण के बाद ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

विशेष बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का हुआ आयोजन

नगरी / नवप्रदेश। कलेक्टर सिविल अस्पताल नगरी में स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से मोबाइल क्रेच अंतर्गत लइका घर में दर्ज चिन्हांकित विशेष बच्चो का गहन स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित किया गया , इस दरम्यान शिशु रोग विशेषज्ञ एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ जे पी दीवान के द्वारा चिन्हांकित सभी 74 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई , इस दरम्यान 15 कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र रेफर किया गया , 01 जन्मजात हृदय रोग के केस का फॉलोअप किया गया जो चिरायु टीम के द्वारा पूर्व आइडेंटिड् था , 61 बच्चो का रक्त परीक्षण किया गया जिसमें हीमोग्लोबिन टेस्ट 06 ऐसे बच्चे थे जिनका एचबी 7 ग्राम से कम था जिसमे से 02 को ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सलाह दी गयी 51 बच्चो का एचबी 7 से 11 ग्राम के मध्य था केवल 01 बच्चे का एक बी 11 ग्राम से ऊपर था द्य इस दरम्यान अनीमिया के लिए चिन्हांकित सभी 60 बच्चों का मौके पर उपचार कर उनके पालकों की काउंसलिंग की गई 11 बच्चो का आर बी एस टेस्ट किया गया सभी सामान्य थे 15 बच्चो का सिकलिंग टेस्ट किया गया जो सामान्य थे द्य शिविर में डॉ डी ऐन सोम बीएमओ नगरी ने बताया कि चिन्हाकिंत सभी बच्चों को उपचार प्रदान किया गया है एवं उनका महिला बाल विकास विभाग और मोबाइल क्रेच के साथ मिलकर नियमित फोल्लोअप करेंगे , जिनको रक्त चढ़ाने की जरूरत है उन्हें निशुल्क रक्त चढ़ाएंगे , हितेंद्र कुमार साहू बी पी एम नगरी ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग और लइका घर संचालक टीम के साथ भविष्य में ऐसे शिविर ब्लॉक के अलग अलग ग्रामो में कराए जाएंगे , अंत मे शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ जे पी दीवान ने बताया कि अधिकांश केस कुपोषण के थे जिसका मुख्य कारण सही समय पर पोषक खाद्य पदार्थो का बच्चों को नही मिलना है , यदि घरेलू खाने को ही स्वादिष्ट बनाकर खिलाये तो बच्चे बाहर के पैकेट वाले खाने को छोड़कर आसानी से घर मे बने खाने को खायेंगे इसके लिए पालकों को भी जागरूक होना होगा द्य इस शिविर में चिरायु टीम के चिकित्सक डॉ अखिल चंद्राकर, डॉ शमा खान और अन्य सभी स्टाफ के साथ साथ मोबाइल क्रेच के सभी सहयोगियों के विशेष सहयोग रहा

देश के खातिर बलिदान हुए, चलो याद करें कुर्बानी

महासमुंद / नवप्रदेश। शहीदी दिवस के पावन अवसर पर आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा अमर शहीदों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को समर्पित 'याद करो कुर्बानी' शीर्षक से भावपूर्ण काव्यांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन जीवन सदन, त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित श्रीमती एस. चंद्रसेन के निवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद तिवारी पौराणिक ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में शहीदों को नमन करते हुए कहा अर्पण श्रद्धा सुमन तुम्हें, देशभक्त स्वाभिमानी, सुखदेव, भगत सिंह, राजगुरु, अमर क्रांतिवीर बलिदानी। काव्य गोष्ठी में श्रीमती सरिता तिवारी ने जीवन के यथार्थ को छूती पंक्तियाँ प्रस्तुत कीं 'फूल आज उदास है, बात कुछ खास है, जब तक उपयोगी है, तब तक खास है।' श्रीमती एस. चंद्रसेन ने शहीदों को स्मरण करते हुए भावुक पंक्तियाँ पढ़ीं कि 'देश के खातिर बलिदान हुए, कहें-सुनें उनकी कहानी,आज पावन पुण्यतिथि पर, चलो याद करें कुर्बानी।' कार्यक्रम का संचालन करते हुए टेकराम सेन 'चमक' ने कहा 'तेरे आंगन को किलकारियों से फिर महकाऊंगा, तू घबरा मत मां, मैं फिर आऊंगा।' सुरेन्द्र अग्निहोत्री 'आगी' ने छत्तीसगढ़ी अंदाज में देशभक्ति का भाव जगाया, वहीं डॉ. साधना कसार ने कहा 'बिन शहादत कहां मयस्सर आजादी, बिन जोश कहां फहरता तिरंगा।' विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षाविद् के.आर. चंद्राकर ने कहा कि अमर शहीद देश की आजादी के सच्चे सूत्रधार हैं और उन्हें काव्यांजलि देना अत्यंत प्रेरणादायी है। कार्यक्रम का संचालन टेकराम सेन 'चमक' व आभार प्रदर्शन श्रीमती एस. चंद्रसेन ने किया। आयोजन की जानकारी श्रीमती सरिता तिवारी ने दी।

बिना एक्सपायरी डेट के 98 बोरी पाउच और 5,814 पानी बोतलें सीज

महासमुंद / नवप्रदेश। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में मिलावटखोरी और नियमों की अनदेखी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए महासमुंद और सरायपाली की तीन प्रमुख फर्मों पर औचक छापेमारी की। इस दौरान भारी अनियमितताएं सामने आने पर हजारों की संख्या में पानी की बोतलें और पाउच जब्त कर लिए गए। रविवार को सरायपाली के किसड़ी स्थित मेसर्स श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज में की गई कार्रवाई सबसे बड़ी रही। यहां 'प्रेशिओ' ब्रांड के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर में गंभीर लापरवाही उजागर हुई—उत्पादों पर न तो बैच नंबर अंकित था और न ही निर्माण एवं समाप्ति तिथि। इसे उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाला मानते हुए टीम ने मौके पर ही 98 बोरी पानी पाउच और 5,814 पानी की बोतलों को सीज कर दिया।

लालच में ले गए दुर्ग, गहने लूटे और हो गए फरार, इलाके में सनसनी

धमधा (दुर्ग) / नवप्रदेश।। क्षेत्र में ठगी और लूट का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें दो महिलाओं को इनाम का लालच देकर उनके गहने ठग लिए गए। घटना के बाद एक महिला लापता बताई जा रही है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रीमती चन्द्रकला साहू (56 वर्ष), पति शत्रुघ्न साहू तथा श्रीमती जमुना निर्मलकर (65 वर्ष), पति स्व. भारत निर्मलकर को एक महिला द्वारा इनाम लगने का प्रलोभन दिया गया। आरोपियों ने दोनों महिलाओं को अपने साथ दुर्ग ले जाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया और उनके पूरे गहने उतरवा लिए। घटना के बाद आरोपियों ने दोनों महिलाओं को अलग-अलग स्थानों पर छोड़ दिया। श्रीमती जमुना निर्मलकर को कोर्ट के बाहर छोड़ दिया गया, जो अपनी सूझबूझ से सुरक्षित अपनी बेटी के घर पहुंच गईं। वहीं श्रीमती चन्द्रकला साहू अभी भी लापता हैं। मामले की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष से मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारी लेकर विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है।

बाहरी लोगों की गतिविधियों पर उठे सवाल-ग्राम पंचायत बिरझापुर के सरपंच रामेश्वर साहू ने बताया कि इन दिनों गांव-गांव में बाहरी लोगों का आना-जाना काफी बढ़ गया है, जिसके चलते इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आए कई लोग बिना पहचान पत्र के रहकर फेरी, सेलिंग, एजेंसी व अन्य कार्यों के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सड़कों पर रोजाना ऐसे लोगों की गतिविधियां देखी जा सकती हैं, लेकिन प्रशासन के पास इनका कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं है।

नगर पंचायत कुंरा में कांग्रेस का घेराव, जनसमस्याओं को लेकर बुलंद की आवाज, सौंपा ज्ञापन

■ **प्रशासन से मांग, बाहरी लोगों का किया जाए सत्यापन**

धरसीवां/कूंरा । धरसींवा विधानसभा अंतर्गत नगर पंचायत कुंरा में बुधवार कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रैली निकालकर कार्यालय का घेराव कर आयोजन किया गया और उपस्थित धरसीवां तहसीलदार बी एल कुर्रे को चार बिंदुओं की ज्ञापन पत्र सौंपा , और बताया कि क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर बढ़ते आक्रोश को खुलकर सामने ला दिया। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण इस आंदोलन में शामिल हुए और नगर पंचायत कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर जोरदार विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान शुद्ध पेयजल की गंभीर समस्या, आवास हितग्राहियों को स्वीकृति न मिलने, राशन वितरण में अनियमितता और नगर के विकास कार्यों में लगातार हो रही देरी एवं अधिकारियों की मनमानी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से इन समस्याओं को लेकर शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई, जिससे लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन की लापरवाही और गलत नीतियों के कारण आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को पानी, आवास और राशन जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर आक्रोश प्रकट किया। घेराव मे मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा , जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, अन्य पिछड़ा वर्ग कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल , पूर्व जिला अध्यक्ष उद्यो राम वर्मा ,एवं नगर पंचायत कुंरा के योजनाओं से वंचित लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए थे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा , ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा , पूर्व बालक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा , नगर पंचायत कुंरा अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सुरेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजा भैया, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत ढालेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष साहिल खान, मदन गोयल, अनिल बघेल , पार्षद ढालचंद पाल, उमेश भतरिया, बसंत रजक, उमेश देवांगन , जगतु देवांगन , टिकेश्वरी हरीश साहू , रेखराज देवांगन , रिजवान खान , पूर्व पार्षद प्रेमलाल पाल , राजू राजकुमार कोसले , मीना चौहान , प्रमिला देवांगन , जीतू कोसले , चंदन देवांगन , गोपेश्वर धीवर , युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा , चूड़ामणि साहू , नीतू साहू , कलीम खान आदि उपस्थित रहे।

विधायक अजय चंद्राकर के प्रयासों से मिली सफलता

भखारा-भठेली को 14.08 करोड़ की 'जल सौगात' पेयजल संकट का होगा समाधान

कुरूद / नवप्रदेश। नगर पंचायत भखारा-भठेली में विकास की नई धारा बहने वाली है। क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही पेयजल की समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने 14 करोड़ 8 लाख 85 हजार रुपये की भारी-भरकम राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी यह स्वीकृति न केवल नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि हजारों नागरिकों के घरों तक शुद्ध पेयजल की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करेगी।

?विकास की 'पूंजी': तकनीकी रूप से सुदृढ़ होगी जल प्रदाय योजना

?मंत्रालय महानदी भवन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यह राशि पूंजीगत मद के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जल प्रदाय व्यवस्था का आधुनिक उन्नयन करना है। योजना के तहत प्रमुख कार्य निम्नलिखित होंगेः

पम्प हाउस का निर्माणः आधुनिक तकनीक से लैस नए पम्प हाउस बनाए जाएंगे।

वितरण नेटवर्क का विस्तारः पाइपलाइनों का जाल बिछाकर अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जाएगा। समय सीमा में कार्यः शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।

विधायक अजय चंद्राकर का 'भगीरथ' प्रयास

इस बड़ी उपलब्धि को क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के अथक प्रयासों का प्रतिफल माना जा रहा है। नगर पंचायत की मूलभूत सुविधाओं के लिए वे लंबे समय से प्रयासरत थे। उनके निरंतर फॉलो-अप और शासन स्तर पर प्रभावी पैरवी के कारण ही इतनी बड़ी राशि की स्वीकृति संभव हो पाई है।

हर्ष की लहरः नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरखचंद जैन सहित समस्त पार्षदों और नागरिकों ने इस सौगात पर खुशी जाहिर की है। अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल एक बजट आवंटन नहीं, बल्कि नगर के भविष्य के लिए एक जीवनरेखा है। नागरिकों का कहना है कि इस योजना के क्रियान्वयन से गर्मी के दिनों में होने वाली किल्लत बीते दिनों की बात हो जाएगी।

सीएम साय ने हितग्राहियों से किया सीधा संवाद'

बलौदाबाजार, / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित राशि वितरण कार्यक्रम में पंडित चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान से प्रदेशभर के हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से योजना के लाभ और उनके जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली।संवाद के दौरान जशपुर जिला के हितग्राही कन्हैया ने बताया कि मुख्यमंत्री के बटन दबाते ही राशि उनके खाते में पहुंच गई। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष प्राप्त राशि का उपयोग बकरी पालन में किया था और इस वर्ष की राशि का उपयोग प्रधानमंत्री आवास में करेंगे। उन्होंने योजना से मिल रहे लाभ के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कन्हैया को शुभकामनाएं दीं। इसी तरह जांजगीर-चांपा जिला के राजेंद्र कुमार ने बताया कि प्राप्त राशि से उन्होंने किराना दुकान को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। बालोद जिला के यादव राम निषाद ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान कहा कि वे उनसे बात कर भावुक हो गए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी छोटी किराना दुकान है, जिसे वे इस सहायता से और विकसित करना चाहते हैं।वहीं गरियाबंद जिला के नरेश निर्मलकर ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने योजना की राशि से घर निर्माण और बच्चों की पढ़ाई में सहयोग लिया था। इस वर्ष भी राशि का सदुपयोग करने का संकल्प व्यक्त करते हुए उन्होंने योजना के प्रति संतोष जताया।कोंडागांव जिला के एक अन्य हितग्राही ने भी बताया कि उन्हें इस वर्ष की राशि प्राप्त हो गई है और पिछले वर्ष की राशि का भी उन्होंने उपयोग किया था।

तीन ग्रामों में 'मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ' को मिली स्वीकृति

धरसीवां / कूंरा / नवप्रदेश। क्षेत्रीय विकास और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ धरसीवां विधायक अनुज शर्मा के सतत प्रयासों को एक बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के अंतर्गत धरसीवां विधानसभा के तीन प्रमुख ग्रामों– परसतराई, कुरूद और नगरगाँव के लिए गौरवपथ निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक अनुज शर्मा लंबे समय से इन क्षेत्रों में पक्की सड़कों और जल निकासी की सुविधा के लिए प्रयासरत थे। उन्होंने शासन स्तर पर मजबूती से पहल करते हुए इन ग्रामों की आवश्यकता को प्राथमिकता से रखा। स्वीकृति मिलने के बाद अब इन गाँवों की मुख्य सड़कों का कायाकल्प होगा, जिससे ग्रामीणों को कीचड़ और धूल से मुक्ति मिलेगी।मीडिया से चर्चा करते हुए इस उपलब्धि पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आज का दिन हमारे धरसीवा परिवार के लिए बेहद खुशी और गर्व का दिन है। मुझे यह बताते हुए बहुत संतोष हो रहा है कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत हमारे विधानसभा के तीन महत्वपूर्ण ग्रामों– परसतराई, कुरुद और नगरगांव–के लिए गौरवपथ की स्वीकृति मिल गई है। धरसीवां विधानसभा का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के माध्यम से गाँवों के बुनियादी ढांचे को शहरी तर्ज पर विकसित किया जा रहा है।

भूमिहिन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भटगांव के हितग्राहियों के खातों में आई राशि

भटगांव / नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव के सभा कक्ष में पं.दीनदयाल उपाध्याय भूमिहिन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम रखा गया जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहिन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत राज्य भर में हितग्राहियों को राशि का वितरण सीधे उनके खाते में आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बलौदाबाजार के चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकंडरी स्कूल मैदान के कार्यक्रम से बटन दबाकर भेजेंगे। जिसका लाईव टेलीकास्ट नगर पंचायत के सभाकक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा गया। वहीं जो पात्र हितग्राही है उनके खाते में सीधे सलाना 10 हजार रूपये जायेंगे साथ ही नगर पंचायत सभाकक्ष में पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र लेने व 10 हजार रुपए मिलने की खुशी, उत्साह हितग्राहीयो के चेहरे खिले नज़र आये । ऐसे भी लकवा पिडित हितग्राही धाराशिव जमनार से आया हुआ जो गाड़ी में बैठने में परेशानिय हो रहा था जिसे देखकर मानवता पुर्व तहसीलदार निलीमा अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि रमा पटेल ने लकवा पिडित हितग्राही को उनके घर धाराशिव जमनार पहुंचवाये। इस कार्यक्रम में जिसमें नगर पंचायत, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, नगर पंचायत पार्षदगण व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ प्रफुल्ल रजक, तहसीलदार भटगांव निलीमा अग्रवाल सहित नगर पंचायत के पार्षदगण, तथा हितग्राही नगर पंचायत अधिकारी व कर्मचारी उपस्स्थित रहे। अध्यक्ष बिक्रम कुर्रे ने आज भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणी कार्य योजना जो अंत्योदय अंतिम किसी व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंचाएगा ।

सॉफ्टवेयर अपडेट और सर्वर मेंटेनेंस के नाम पर राशन वितरण बंद रखना अन्यायः विनोद

महासमुंद / नवप्रदेश महासमुंद। पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा है कि सॉफ्टवेयर अपडेट और सर्वर मेंटेनेंस के नाम पर 5 दिनों तक राशन वितरण बंद रखना गरीबों के साथ अन्याय है।

उन्होंने कहा कि इससे पहले केवाईसी प्रक्रिया के नाम पर भी हितग्राहियों को महीनों तक राशन से वंचित रखा गया। कई परिवारों को दो-दो माह तक चावल नहीं मिला। बड़ी मुश्किल से केवाईसी पूरी कराने के बाद भी उन्हें बकाया राशन देने के बजाय केवल चालू माह का ही वितरण किया गया। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही और तकनीकी बहानों के चलते गरीबों को लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों के विपरीत, यदि परिवार के एक सदस्य की केवाईसी अधूरी थी, तो पूरे परिवार का राशन रोक दिया गया, जो कि पूरी तरह अनुचित है।

पिथौरा का आदिवासी कन्या छात्रावास बना समग्र विकास का आदर्श केंद्र

महासमुंद / नवप्रदेश विकासखंड पिथौरा स्थित पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास आज केवल रहने और पढ़ने का स्थान नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मनिर्भरता और समग्र विकास का एक प्रेरणादायक केंद्र बनकर उभर रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद यहां का सुव्यवस्थित वातावरण छात्राओं के वर्तमान को संवारने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रहा है।

छात्रावास की दिनचर्या अनुशासन और नियमितता का उत्कृष्ट उदाहरण है। सुबह प्रार्थना, योग और व्यायाम से दिन की शुरुआत होती है, इसके बाद समय पर नाश्ता और कक्षाओं के लिए प्रस्थान। शाम को खेलकूद, सामूहिक स्वाध्ययन और निर्धारित समय पर विश्राम यह संतुलित दिनचर्या छात्राओं के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को समान रूप से सुदृढ़ कर रही है।

यहां अनुशासन केवल नियमों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है, जो छात्राओं के व्यक्तित्व को चारों आयामों, बुद्धि, शरीर, चरित्र और सामाजिक व्यवहार में निखार रहा है। सामूहिक अध्ययन और सीमित संसाधनों में सीखने की प्रक्रिया ने उन्हें संसाधनों का बेहतर उपयोग करना सिखाया है।

छात्रावास परिसर की साफ-सफाई, बागवानी और किचन गार्डन जैसे कार्यों में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी उनके भीतर जिम्मेदारी, सहयोग और नेतृत्व जैसे गुणों को स्वाभाविक रूप से विकसित कर रही है। वहीं, दैनिक दिनचर्या में समाचार पत्रों का अध्ययन शामिल होने से उनकी बौद्धिक क्षमता और जागरूकता भी बढ़ रही है।समय-समय पर आयोजित रंगोली, मेहंदी, कविता, पेंटिंग, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का भरपूर अवसर मिल रहा है। कैरियर काउंसलिंग सत्र उनके लिए मार्गदर्शक साबित हो रहे हैं, जिससे वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप सही दिशा का चयन कर पा रही हैं और उनका आत्मविश्वास निरंतर बढ़ रहा है।

छात्रावास में छोटे-छोटे त्योहारों का सामूहिक आयोजन और प्रत्येक छात्रा का जन्मदिन मनाने की परंपरा आपसी आत्मीयता और अपनत्व को मजबूत करती है।

सौगातः कुरुद के युवाओं के लिए 'हुनर से शिखर' तक पहुंचने का बनेगा सशक्त सेतु

कुरुद का 'कौशल पथ': जी-जामगांव से निकलेगी विकास की नई रफ्तार

कुरूद / नवप्रदेश। राजनीति जब केवल नारों तक सीमित न रहकर धरातल पर विजन के साथ उतरती है, तो वह 'परिवर्तन' का माध्यम बनती है। कुरुद विधानसभा क्षेत्र में कुछ ऐसा ही बदलाव आकार ले रहा है। पूर्व मंत्री और विधायक अजय चंद्राकर के प्रयासों से ग्राम जी-जामगांव में नवीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की मंजूरी, महज एक सरकारी आदेश नहीं है, बल्कि यह कुरुद के युवाओं के लिए 'हुनर से शिखर' तक पहुँचने का एक सशक्त सेतु है।

आत्मनिर्भरता का नया केंद्रः जी-जामगांव -शासन के तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 07 पदों के सृजन की स्वीकृति के साथ ही अब कुरुद के ग्रामीण अंचल में कौशल क्रांति का नया सूर्योदय होने जा रहा है। विधायक अजय चंद्राकर की सोच स्पष्ट है– युवाओं के हाथ में सिर्फ कागजी डिग्री न हो, बल्कि ऐसा हुनर हो जो उन्हें दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना सिखाए। यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं को कौशल दक्षता प्रदान कर उन्हें घर के पास ही आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा।

भविष्य की तकनीकः इलेक्ट्रिक व्हीकल ट्रेड -इस संस्थान की सबसे 'तगड़ी' और आधुनिक कड़ी है–मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल ट्रेड। आज जब पूरी दुनिया ग्रीन एनर्जी की ओर बढ़ रही है, अजय चंद्राकर ने कुरुद के युवाओं को भविष्य की इस तकनीक से जोड़ने का दूरगामी फैसला लिया है।

प्रशासनिक स्वीकृति और पदों का सृजन

जारी आदेश के अनुसार, इस नए 'स्किल हब' के सफल संचालन के लिए: प्राचार्य (वर्ग-2) के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम तैयार होगी। प्रशिक्षण अधिकारी युवाओं को तकनीकी बारीकियां सिखाएंगे।सहायक ग्रेड-3 और अन्य तकनीकी पदों के माध्यम से संस्थान को सुदृढ़ ढांचा प्रदान किया गया है। विधायक का विजन: शिक्षित भी, दीक्षित भी अजय चंद्राकर अक्सर कहते हैं कि शिक्षा तभी सार्थक है जब वह रोजगार की गारंटी दे। जी-जामगांव ITI इसी सोच का परिणाम है। इस स्वीकृति से कुरुद के युवाओं में हर्ष की लहर है, क्योंकि अब उनके सपनों को उड़ान देने के लिए संसाधन उनके गांव के समीप ही उपलब्ध होंगे।

पीजी कॉलेज के दो विद्यार्थी विवि में प्रथम, स्वर्ण पदक किया अपने नाम

महासमुंद / नवप्रदेश। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित स्नातकोत्तर (पीजी) परीक्षा परिणामों में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय, महासमुंद के विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर शिक्षा जगत में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा दिया है। विज्ञान संकाय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर न केवल अपने महाविद्यालय बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय के दो होनहार विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों में पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्राणी शास्त्र में आशीष सिन्हा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप किया, वहीं गणित विषय में कु. अंजु ध्रुव ने 2000 में से 1611 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान हासिल करते हुए गोल्ड मेडल जीता।

सिर्फ यही नहीं, महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप-10 में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। गणित में कु. भूमिका दुबे ने द्वितीय तथा कु. मधु ने छठा स्थान प्राप्त किया। वनस्पति विज्ञान में मंगलू मेहर पांचवें स्थान पर रहे, जबकि कु. पायल महामल ने दसवां स्थान अर्जित किया।

दुर्घटना रोकने देशभर में सुविधाजनक पुलिया बनाने रेल मंत्री ने दिए निर्देश

***रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर इन रेल पुलियाओं से लगेगी रोक।**

***पटरी के आर-पार इन सुगम पुलियाओं का निर्माण मात्र 12 घंटे में किया जा सकेगा**

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को अब रेलवे मिशन मोड में रोकेगा।

सुविधाजनक पुलियाएँ बनाकर इसे सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी व्यापक तैयारियों के रूप में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संबंधित अधिकारियों की एक workshop की। जहाँ रेल पटरी के एक तरफ बस्ती है और दूसरी तरफ़ खेत, विद्यालय, श्मशान या अन्य उपयोगी एवं महत्वपूर्ण स्थान, ऐसे स्थानों पर ये रेल पुलियाएँ बनाई जायेंगी। रेल मंत्री ने देशभर में ऐसी रेल पुलियाओं को बनाने का निर्देश दिया, जहाँ अपने रोजमर्रा के जीवन में बड़ी संख्या में लोग पटरियों को पार करते हैं।

जीवनदायी विकल्प के रूप में उभरेगी रेल पुलिया

रेल मंत्री ने अधिकारियों को एक ऐसी सुविधाजनक रेल पुलिया बनाने को कहा जो पटरी पार करने वाले लोगों के लिए एक जीवनदायिनी विकल्प के रूप में उभरे। इन रेल पुलियाओं को बनाते समय यह ध्यान रखा जाएगा कि एक आम आदमी साइकिल, मोटर साइकिल तथा कामकाज से जुड़ी अन्य चीजों को भी अपने साथ ले जा सके। इससे देशभर में पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। देश की एक बड़ी आबादी के लिए भारतीय रेल की ये पुलिया वरदान साबित होगी।

साईट पर आने के बाद , ब्लॉक लिया जाएगा

ब्लॉक के अंतर्गत रेल पटरी को काट के 12 घंटे के अंतर्गत लगाके पुलिया ह्वह्यद्व के लिए ह्वद्वड्डस्न4 की जाएगी।पुलियों का स्ट्रक्चर पहले से तैयार किया जाएगा और फिर साइट पर लाकर 12 घंटे के ब्लॉक में लगाया

सुगम और सुरक्षित डिज़ाइन

रेल मंत्री ने अधिकारियों को देश की इस बड़ी समस्या से अगले 5-6 वर्षों में निजात दिलाने को कहा। ये पुलियाएँ इस प्रकार से बनाई जायेंगी ताकि पटरियों के आर पार इनका निर्माण मात्र 12 घंटे में हो सके। रेल मंत्री ने कहा कि, डिज़ाइन इस प्रकार की हो, ताकि लोगों को इसे इस्तेमाल करने में कोई हिचक न हो। जल भराव से पुलिया प्रभावित न हो।रेल पुलिया बनाने का यह महत्वपूर्ण निर्णय पिछले कई दिनों से अधिकारियों के साथ चली आ रही मंत्रणा का परिणाम है। रेल मंत्री का मानना है कि, व्यवस्था संवेदनशील हो तथा एक आम आदमी की समस्यों का सभी अधिकारी ऐसा समाधान निकालें जो आने वाले कई दशकों तक प्रभावी रहे। ये रेल पुलियाएँ भूमिगत होंगी। सबवे या पुलिया को 12 घंटे में लगायेंगे का मतलब – सबवे या पुलिया का स्ट्रक्चर बनने के बाद साईट पर जहाँ पुलिया लगनी है वहाँ लाया जाएगा।

न्यूज गैलरी

सिम्स के डॉक्टरों ने बचाई मासूम की आँखों की रोशनी

मस्तूरी/नवप्रदेश। बिलासपुर से एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य खबर सामने आई है। समर अवस्थी, पिता प्रभात अवस्थी एक मासूम बच्चा गंभीर आँखों के संक्रमण से पीड़ित था और लगभग 7 दिनों तक सिम्स के बेड पर रहा उसका सफल इलाज (स्द्धरूस्) सिम्स हॉस्पिटल में किया गया जहाँ डॉक्टरो प्रभा सोनवानी साक्षी एवं अनिकेत की टीम ने समय पर उपचार देकर उसकी स्थिति में सुधार किया उनकी कड़ी मेहनत से बच्चा आज स्वस्थ है। डॉक्टर प्रभा सोनवानी ने बताया कि यह संक्रमण आँखों के लिए काफी खतरनाक हो सकता था और समय पर इलाज न मिलने पर दृष्टि पर असर डाल सकता था सही समय पर अस्पताल पहुंचने से बच्चे की हालत नियंत्रित की जा सकी।डॉक्टर ने बताया कि आंख में गंभीर सूजन लाली पन धुंधला दिखाई देना दर्द होना यह मुख्य रूप से बैक्टीरिया के कारण साइनस संक्रमण से फैलता है और अन्य बातें भी आंखों से संबंधित डॉक्टर ने बताया समर अवस्थी के सफल इलाज से परिवार में खुशी का माहौल है परिवार के लोगों ने डॉक्टरो को धन्यवाद देते हुए आभार जताया।

सहकारी समिति की मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 29 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एन.सी.एन. मछुवा सहकारी समिति मर्या. कुकदा के मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 29 मार्च 2026 तक सोसाइटी कार्यालय में या कार्यालय उप पंजीयक बिलासपुर में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्वेता दुबे के समक्ष सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में 30 मार्च को सवेरे 11 बजे किया जाएगा। सूची सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बिलासपुर, विकासखण्ड बिल्हा के कार्यालय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा बिल्हा के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है।

शराब के लिए भाई ने बहन का सिर फोड़ा, गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के कोनी थाना क्षेत्र में इंसानियत को झकझोर देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक भाई ने शराब के लिए पैसे नहीं मिलने पर अपनी ही बहन को मौत के मुहाने पर पहुंचा दिया। हथौड़े से किए गए बर्बर हमले में बहन गंभीर रूप से घायल हो गई और बेहोश होकर गिर पड़ी।घटना 24 मार्च 2026 की देर रात की है। देव नगर, कोनी निवासी पीड़िता कु. मिनेश्वरी मनहर घर में अकेली सो रही थी। तभी रात करीब 10 से 11 बजे के बीच उसका भाई मानेश्वर मनहर शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा।नशे में चूर आरोपी ने पहले गाली-गलौज शुरू की, फिर बहन के बाल पकड़कर उसे घसीटते हुए घर के बाहर ले गया।

छुरी में आयोजित मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान शिविर में पहुंचे एमडी कंवर

सेवाओं में सुधार और अधिक से अधिक लोगों को मिले योजना का लाभ:भीम सिंह

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में सुधार तथा विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए पॉवर कंपनी प्रतिबद्ध है साथ ही मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना 2026 कोरोना महामारी के समय आर्थिक परेशानी व अन्य कारणों से बिजली बिल जमा नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए लाभदायक है।

कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रत्येक उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाना पावर कंपनी का दायित्व है। वे आज कटघोरा संभाग अंतर्गत छुरी वितरण केन्द्र में आयोजित समाधान शिविर में उपभोक्ताओं को संबोधित कर रहे थे। शिविर के दौरान बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए.के.अम्बस्थ तथा छुरी के राजा

कुंवर राज्यवर्धन सिंह, नगर पंचायत छुरी अध्यक्ष पद्मिनी प्रीतम देवांगन, उपाध्यक्ष हीरा लाल पंजवानी तथा प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नी मंजुला सिंह कंवर प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत आज पात्र 84 उपभोक्ताओं ने बकाया मूल राशि तथा अधिभार में छूट हेतु आन स्पॉट पंजीयन कराया जिन्हे योजना के तहत राशि 9 लाख 50 हजार रूपये छूट का लाभ प्राप्त हुआ है। छुरी निवासी संतोष यादव द्वारा अपने बकाया बिजली बिल की राशि 10413 रूपये में छूट हेतु इस योजना के तहत पंजीयन कराया गया, जिन्हे मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के अंतर्गत बकाया राशि में शतप्रतिशत छूट प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिलासपुर क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना 2026 के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बकायेदार उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आनस्पॉट रजिस्टेश्रन कर उन्हे योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। इस योजना में बीपीएल, घरेलू और कृषि श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं को बिजली बिल के सरचार्ज (अधिभार) में 100 प्रतिशत तक तथा मूलराशि में बीपीएल उपभोक्ताओं को 75 प्रतिशत एवं घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत छूट प्रदान करने लिए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्तागण उत्साहपूर्वक सम्मिलित भी हो रहे हैं। शिविर के दौरान अधीक्षण अभियंता पी.आर.साहू, व्ही.के. तिवारी, कार्यपालन अभियंताएस.के. सोनी, मधु सोनी, सहायक अभियंता शेखर सोनी, रंजीत पैकरा कनिष्ठ अभियंता निकिता सिंह, व्ही.पी.कंवर, कोशले व अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्तागण उपस्थित रहे।

योजना के लाभ और उपभोक्ताओं की भागीदारी

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं की बेहतर सेवाओं और विभागीय योजनाओं के अधिकतम लाभ के लिए कंपनी प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना 2026 कोरोना महामारी और आर्थिक कठिनाइयों के कारण बिल जमा न कर पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी है। कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार हर उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना कंपनी का दायित्व है। वे यह बात छुरी वितरण केंद्र में आयोजित समाधान शिविर में उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए कही। शिविर में बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए.के. अम्बस्थ, छुरी के राजा कुंवर राज्यवर्धन सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी प्रीतम देवांगन, उपाध्यक्ष हीरा लाल पंजवानी और प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नी मंजुला सिंह कंवर उपस्थित थीं।

धरमलाल ने कार्यकर्ताओं के साथ मां महामाया देवी के किए दर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने महासप्तमी पर रतनपुर स्थित आदि शक्ति माँ महामाया जी के दिव्य दरबार में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पुण्य अवसर पर माँ काली जी एवं भैरों बाबा की भी पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर उनसे क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली एवं निरंतर विकास की मंगल कामना की। इस मौके पर कौशिक ने मां महामाया की असीम कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो, हर घर में खुशहाली और आनंद का वातावरण बना रहे ऐसी कामना की । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दुर्गा कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत पूर्व सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

दोनों जिले के निवासियों को मिले मनियारी के पानी का लाभ: अनिता राजेन्द्र शुक्ला

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा मुंगेली जिले के वनांचल क्षेत्र से निकले मनियारी नदी पर राजीव गांधी जलाशय खुड़िया से पानी छोड़ने हेतु बिलासपुर जिला

पंचायत क्षेत्र की सदस्य अनिता राजेन्द्र शुक्ला ने बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल व मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार को पत्र प्रेषित कर मांग किए है, भीषण गर्मी मे होने वाले जलसंकट से नदी - नालो मे जलभराव होने पर निपटा जा सकता है, नदी में पानी होने से खुड़िया मुंगेली से लेकर बिलासपुर जिले के बिल्हा विधानसभा के ग्राम भोजपुरी, ताला, पौसरी व मुंगेली जिले के रामबोड, खम्हारडीह, सल्फा, चुनचुनिया से लेकर शिवनाथ नदी संगम टेल एरिया तक नदी से लगे अगल - बगल की ग्रामो मे नलकूप व बोरवेल सहित सभी जगहों पर जलस्तर मध्यम रहेगा जिससे जन जीवन को पेयजल के लिए जुझना नही पड़ेगा व पशु - पक्षी सहित समस्त जीव - जंतुओ की प्यास से अकाल मृत्यु भी नही होगी व पेड़ - पौधे हरे भरे रहने से भीषण गर्मी मे भी इन ग्रामो मे ऑक्सीजन लेवल सामान्य बनी रहेगी।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ बिलासपुर द्वारा 'प्याऊ घर' का शुभारंभ

***राहगीरों को मिलेगी ठंडे पानी की सुविधा**

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के आदेशानुसार एवं राज्य सचिव बृजेश बाजपेई के मार्गदर्शन में, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बिलासपुर के तत्वावधान में नेहरू चौक स्थित टाउन हॉल के पास, कलेक्ट्रेट के सामने 'प्याऊ घर' का शुभारंभ किया गया।

यह 'प्याऊ घर' एक माह तक निरंतर सेवा कार्य के रूप में संचालित किया जाएगा, जहां राहगीरों की प्यास बुझाने हेतु ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। बढ़ती गर्मी और तेज धूप को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ की गई इस जनसेवा पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों को राहत प्रदान करना है। शुभारंभ अवसर पर

स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्य, अधिकारीगण, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने इस सराहनीय पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेयी, विजय टांडे (जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर),सहायक राज्य आयुक्त (स्काउट) विजय यादव, भूपेंद्र शर्मा, चंद्रशेखर बाजपेयी एम.एम.बाजपेयी , मनोज राय (पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, जीपीएम) तथा डॉ. नवनीत कौशिक (जिला मुख्यालय आयुक्त, स्काउट) उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'भारत स्काउट्स एवं गाइड्स' सदैव सेवा, अनुशासन एवं समाज कल्याण के कार्यों में अग्रणी रहा है। 'प्याऊ घर' की यह पहल उसी सेवा भावना का जीवंत उदाहरण है, जो मानवता की सेवा और जरूरतमंदों की सहायता का संदेश देती है। भीषण गर्मी के बीच यह व्यवस्था राहगीरों के लिए बड़ी राहत सिद्ध हो रही है, जहां स्वयंसेवक पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ लोगों को जल सेवा प्रदान कर रहे हैं तथा स्वच्छता और सहयोग का संदेश भी दे रहे हैं। इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि यह जिले का प्रथम 'प्याऊ घर' है तथा आगामी समय में जिले के सभी ब्लॉकों में भी ऐसे 'प्याऊ घर' स्थापित किए

जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न

बिल्हा/नवप्रदेश। शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री सतीश शर्मा ने की ।

कार्यक्रम की शुरुआत वीणावादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल के साथ हुई । बैठक की शुरुआत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी ने समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए पूरे वर्ष की उपलब्धियों एवं चुनौतियों से समिति को अवगत कराया तथा भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत की। अपने अध्यक्षीय अद्बोधन में सतीश शर्मा जी ने कहा कि हमारी समिति महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। महाविद्यालय के विकास हेतु किसी भी चीज की कमी नहीं होने दी जाएगी। महाविद्यालय में छात्र छात्राओं की बढ़ती संख्या को

दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में एक सर्व सुविधायुक्त नए भवन तथा एक सर्व सुविधायुक्त वाश रूम की आवश्यकता जोर दिया तथा इस हेतु शासन स्तर पर प्रयास करने की बात कही ।

बैठक में महाविद्यालय के शैक्षणिक, खेलकूद, प्रशासनिक विकास, आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण, छात्र हित के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए गए तथा वर्तमान में चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं छात्र छात्राओं की सुविधाएं बढ़ाने हेतु सर्वसम्मति से कई निर्णय पारित किए गए।समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से महाविद्यालय में पेयजल सुविधा का विस्तार हेतु नए वाटर कूलर लगाने, छात्रों को डिजिटल माध्यम से पढ़ाई हेतु स्मार्ट बोर्ड , कंप्यूटर ,डेस्क टॉप एवं प्रिंटर क्रय करने, गार्डन के रख रखाव हेतु माली की व्यवस्था करने, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष हेतु ए सी, कूलर एवं चेयर क्रय करने, मंच का विस्तार करने, महाविद्यालय की साज सज्जा हेतु आवश्यक सामग्री क्रय करने जैसे अनेक महत्वपूर्ण निर्णय पारित किये। इस बैठक में समिति के सदस्य बलदेव अग्रवाल, मनोज माधवानी, नंदिनी क्षत्रिय, दुर्गेश कौशिक,दुर्गेश श्रीवास, मनोज यादव, धनंजय सन्नादय और महाविद्यालय से समिति के संयोजक संजय अग्रवाल, सदस्य डॉ. एम. आर. आगर, डॉ पी एल पटेल,डॉ अतुल गिरि, अजय कुम्भज, शत्रुहन राजपूत की उपस्थिति रही । अंत में जनभागीदारी समिति के संयोजक प्रो एस के अग्रवाल ने सभी सदस्यों एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इसी प्रकार की सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा जताई।

रेलवे की पहल: अतिरिक्त भीड़ के बीच कंफर्म बर्थ की सुविधा, छत्तीसगढ़ से उत्तर भारत तक आसान सफर, कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव

दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग के मध्य 11-11 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग के मध्य 11-11 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है ।

गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग-हरिद्वार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, दुर्ग से दिनांक 19 अप्रैल से 28 जून 2026 तक (11 फेरा) प्रत्येक रविवार को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, हरिद्वार से दिनाँक 20 अप्रैल से 29 जून 2026 (11 फेरा) प्रत्येक सोमवार को चलेगी 7 इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है।

कोच संरचना - इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 04 जनरल, 10 स्लीपर, 02 एसी-द्धद्वद्ध सहित कुल 18 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।

वाणिज्यिक ठहराव - रास्ते

में ये गाड़ी दोनों दिशाओं में रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा, कोसीकलाँ, निज़ामुद्दीन, मेरठ नगर, रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी।

गाड़ियों की समय सारिणी

08743 दुर्ग-हरिद्वार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, दुर्ग से प्रत्येक रविवार को 11.00 बजे रवाना होगी तथा रायपुर आगमन 11.36 बजे, प्रस्थान 11.41 बजे, भाटापारा आगमन 12.28 बजे, प्रस्थान 12.30 बजे, उसलापुर आगमन 13.45 बजे, प्रस्थान 13.55 बजे, पेंड्रारोड आगमन 15.13 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, अनूपपुर आगमन 15.53 बजे, प्रस्थान 15.55 बजे, शहडोल आगमन 16.35 बजे, प्रस्थान 16.45 बजे एवं उमरिया आगमन 17.33 बजे, प्रस्थान 17.35 बजे तथा मार्ग के मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये होते हुये दूसरे दिन सोमवार को 17.30 बजे हरिद्वार स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 08744 हरिद्वार-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन हरिद्वार से प्रत्येक सोमवार को 18.55 बजे रवाना होगी तथा तथा मार्ग के मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन उमरिया आगमन 18.44 बजे, प्रस्थान 18.46 बजे, शहडोल आगमन 19.45 बजे, प्रस्थान 19.55 बजे, अनूपपुर आगमन 20.33 बजे, प्रस्थान 20.35 बजे, पेंड्रारोड आगमन 21.10 बजे, प्रस्थान 21.12 बजे, उसलापुर आगमन 23.40 बजे, प्रस्थान 23.50 बजे, तीसरे दिन भाटापारा आगमन 00.40 बजे, प्रस्थान 00.42 बजे, रायपुर आगमन 01.40 बजे, प्रस्थान 01.45 बजे तथा बुधवार को 03.00 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

सुविचार

सभी के जीवन में कुछ गलत लोग आते हैं। अच्छी बात यह है कि यही गलत लोग आपको सही सीख देकर जाते हैं।

अमेरिका को ईरान की दो टूक शब्दों में चेतावनी

अमेरिका द्वारा ईरान को दिये गये शांति प्रस्ताव को ईरान ने ठुकरा दिया है। इसके साथ ही ईरान ने फिर अपनी पांच शर्तें रखी हैं और कहा है कि अमेरिका इस युद्ध में हुए ईरान के नुकसान की भरपाई करे और हार्मूज स्ट्रेट पर ईरान के कब्जे को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्रदान करे तथा भविष्य में ईरान पर हमला न करने की गारंटी दे तभी अमेरिका के साथ बातचीत की जाएगी। अन्यथा ईरान इजराइल के साथ साथ अमेरिका और अमेरिका के पिट्ठू खाड़ी देशों पर अपना आक्रमण जारी रखेगा। अमेरिका का प्रस्ताव ठुकराने के साथ ही ईरान ने जंग के 27वें दिन भी इजराइल और खाड़ी देशों पर अपने हमले बदस्तूर जारी रखे। यही नहीं बल्कि उसने तो अमेरिकी युद्धपोत अंब्राहमलिंकन को भी निशाना बनाने का दावा किया है। अमेरिका के एफ-18 विमान को भी मार गिराया। कुल मिलाकर ईरान समुद्र से लेकर आसमान तक अपने हमले तेज कर चुका है। इस बीच अमेरिका ने पाकिस्तान के अनुरोध पर उसे मध्यस्थता करने का मौका दिया था लेकिन पाकिस्तान की इस पहल को भी ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया और उसने होर्मूज से पाकिस्तानी जहाज को बैरंग लौटाकर यह कड़ा संदेश भी दे दिया है कि पाकिस्तान मध्यस्थता करने की गलती न करे। क्योंकि ईरान अमेरिका के किसी भी प्रस्ताव को मानने के लिए हरगिज तैयार नहीं है। अब यदि ईरान संघर्ष विराम पर विचार करेगा तो अपनी शर्तें पर ही करेगा। जाहिर है ईरान ने अमेरिका के आगे न झुकने की कसम खा रखी है। ऐसे में अब यह जंग आगे और तेज हो सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरान द्वारा शांति वार्ता का प्रस्ताव ठुकराने के बाद यह चेतावनी दी है कि यदि ईरान ने अमेरिका की शर्तें नहीं मानी तो ईरान के बाद अमेरिका अपने हमले और तेज करेगा। कुल मिलाकर इस युद्ध का अंत होता नजर नहीं आ रहा है। ईधर इजराइल ने भी ईरान के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिये हैं और वहां के प्रधानमंत्री बेनजामिन नेतन्याहू ने बयान दिया है कि ईरान के साथ अमेरिका ने एकतरफ संघर्ष विराम किया है इजराइल ने नहीं। इजराइल तो लंबे समय तक ईरान के खिलाफ लड़ाई लड़ेगा। वास्तव में यह जंग ईरान और इजराइल के बीच ही है जिसमें अमेरिका खुद कूद पड़ा है और अब उसने अपने कदम पीछे भी हटा लिये हैं लेकिन इस जंग के चलते खाड़ी के कई देश भी जंग की चपेट में आ गये हैं जिसके चलते पूरी दुनिया में तेल और गैस का संकट गहराने लगा है। ईरान द्वारा अमेरिका के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद अमेरिका भी ईरान के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करेगा और कोई बड़ी बात नहीं कि यह युद्ध विश्व युद्ध के रूप में तब्दिल हो जाये। यदि ऐसा हुआ तो पूरी दुनिया को इसका खामियाजा भुगतनता पड़ेगा।

ममता बनर्जी को ओवैसी की कड़ी चुनौती

बंगाल विधानसभा चुनाव वहां की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के लिए पहले ही आसान नहीं रह गया है। भाजपा इस बार ममता बनर्जी के खिलाफ पूरी ताकत से चुनाव लड़ने जा रही है। ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ एन्टीइंकमबेन्सी का भी भाजपा को लाभ मिलना तय माना जा रहा है। ममता बनर्जी ने मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं का पुलंदा जारी किया है। टीएमसी के 10 सुत्रीय चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के मासिक सहायता राशि में भारी वृद्धि करने का ऐलान किया है। इसके बावजूद ममता बनर्जी को इस बार अपनी हार का खतरा नजर आ रहा है। ऊपर से अब असदुद्दीन ओवैसी ने बंगाल में जाकर उन्हें कड़ी चुनौती दे डाली है। ओवैसी ने हुमांयू कबीर की पार्टी के साथ गठबंधन करके बंगाल की 182 विधानसभा सीटों पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। इन सीटों में से अधिकांश सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जिन पर अब टीएमसी का कब्जा रहा है लेकिन अब वहां से ओवैसी और हुमांयू कबीर का गठबंधन चुनाव मैदान में उतरेगा तो निश्चित रूप से टीएमसी को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा और हुमांयू कबीर और ओवैसी का गठबंधन एक नई ताकत बनकर उभरेगा। ओवैसी से बंगाल प्रवास के दौरान ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यहां के मुसलमानों के हित में कोई काम नहीं किया है सिर्फ उनका वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। उनका गठबंधन अब यहां के मुस्लिमों को उनकी पहचान देगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ भगवान अपने भक्तों को कभी-कभी दुख इसलिए देते हैं कि उसकी भक्ति को प्रकाश करना चाहते हैं कि भैया देख लो हमारो भक्त हैं दुख पा के भी इसके मन में मस्ती है! इसीलिए कभी दुखी होकर भगवान के ऊपर, गुरु के ऊपर आरोप आक्षेप मत करना। पता नहीं श्री भगवान, श्री गुरुदेव भगवान तुम्हारे भक्ति के प्रकाश को दुनिया में प्रकाशित करना चाहते हैं? और फिर बिना तपाए कोई सोना कुंदन नहीं बनता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1668: इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वितीय ने मुंबई (बम्बई) को ईस्ट इंडिया कंपनी को हस्तांतरित किया। 1871: स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला अंतरराष्ट्रीय रग्बी यूनियन मैच एडिनबर्ग में खेला गया। 1898: भारत में आधुनिक मुस्लिम शिक्षा के अग्रदूत सर सैयद अहमद खान का निधन हुआ। 1899: जी. मार्कोनी ने पहली बार इंग्लिश चैनल के पार रेडियो संदेश भेजा। 1961: अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान द्वारा पहला विश्व रंगमंच दिवस मनाया गया। 1977: स्पेन के टेनेरीफ़में दो बोइंग 747 विमानों की टक्कर से 583 लोगों की मौत, इतिहास का सबसे भयानक विमान हादसा। 1998: अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FD) ने यौन रोग की दवा 'वियाग्रा' को मंजूरी दी। 27 मार्च को प्रसिद्ध रंगकर्मी गिरीश कर्नाड (2002 में विश्व रंगमंच संदेश दिया) और अन्य हस्तियों का योगदान इतिहास में याद किया जाता है।

राम के आदर्शों से सजे जीवन का पर्व है रामनवमी

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ रामनवमी का त्यौहार मनाया जाता है। रामनवमी की तारीख को लेकर इस बार भ्रम की स्थिति बनी हुई है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल चैत्र महीने के शुक्लपक्ष की नवमी तिथि 26 मार्च को सुबह 11:48 बजे से शुरू होकर अगले दिन 27 मार्च को सुबह 10:06 बजे तक रहेगी। ऐसे में समान्य जन रामनवमी का पर्व 26 मार्च को मनाएंगे जबकि वैष्णव परंपरा से जुड़े लोग उदया तिथि के आधार पर 27 मार्च 2026 को रामनवमी मनाएंगे।

योगेश कुमार गोयल

रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं तथा अयोध्या स्थित सरयू नदी में पवित्र स्नान कर पंचकोसी की परिक्रमा करते हैं। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आती है और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ती है। देशभर में अन्य स्थानों पर भी जगह-जगह इस दिन श्रद्धापूर्वक हवन, व्रत, उपवास, यज्ञ, दान-पुण्य आदि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया। महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मर्यादा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से

शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14000 राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया। कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। वास्तव में विधि के विधान के अनुसार राम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें 'मर्यादा पुरूषोत्तम' कहा गया। जहां तक राम-रावण के बीच हुए भीषण युद्ध की बात है तो वह सिर्फ दो राजाओं के बीच का सामान्य युद्ध नहीं था बल्कि दो विचारधाराओं का संघर्ष था, जिसमें एक मानव संस्कृति थी तो दूसरी राक्षसी संस्कृति। एक ओर क्षमादान की भावना को महत्व देने वाले व जनता के दुख-दर्द को समझने एवं बांटने वाले वीतरागी भाव थे तो दूसरी ओर दूसरों का सब कुछ हड़प लेने की राक्षसी प्रवृत्ति। रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के। यही नहीं, सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मर्यादाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी 'आदर्श' शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को 'रामराज्य' कहकर परिभाषित किया जाता है। 'रामराज्य' यानी सुख, शांति एवं न्याय का राज्य।

राम नाम की लूट है, लूट सके तो लूट, अंतकाल पछताएगा जब प्राण जाएगा छूट

मुकेश ऋषि

राम नवमी का पावन पर्व प्रभु श्रीराम के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्म चैत्र माह के नवमी तिथि को मध्यान्ह समय में हुआ। उनका जन्म विषिष्ट कार्य के लिए हुआ। अधर्म के विनाष व धर्म की स्थापना के लिए उन्हें अवतारी सश्रा के रूप में जाना जाता है। जन्म से लेकर षरीर के त्याग करने के समय तक प्रभु श्रीराम का जीवन काफी संघर्षमय रहा। उनके जीवन का पूरा का पूरा समय लोककल्याण में ही गुजरा। लोककल्याणकारी कार्यों के कारण उनका जीवन ही आदर्ष और मर्यादा का पुंज बन गया और वे श्रीराम से प्रभु श्रीराम बन गये। उसी समय से प्रभु श्रीराम का नाम दिव्य औषधि बन गया। राम का नाम संजीवनी बूटी है। दैहिक, दैविक व भौतिक तापों, दुखों व परेषानियों को षमन करके धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष प्रदान करने में कल्याणप्रद-समर्थ है।

''राम नाम लो भाई, राम नाम सुखदायी।''जब किसी प्रकार की बिमारी-रोग हो जाता है, तो औषधी सेवन करने के पष्चात् उन रोगों से रोगी निजात पा लेता है। उसी तरह से जम-जनम के प्रारब्ध, पापों-तापों के रूप में कुसंचित कुसंस्कार जो भवरोग हैं, उससे निजात पाने के लिए एक ही अद्वितीय औषधी का पयपान करने से जीवन के समस्त दुःख, तकलीफ परेषानी व रोग दूर होकर भवबंधन से मुक्ति मिलती है तथा मोक्ष एवं स्वर्ग की प्राप्ति होती है। ''राम का नाम बड़ा प्यारा है। राजा दषरथ के राम दुलारा हैं।''यह प्यारा नाम हजारों वर्षों के पष्चात् भी अभी पूर्णतः नवीन ही है। पुराना नहीं लगता है और न ही जगत् से विलुप्त ही होने वाला है। कोई व्यक्ति अपने प्यारे बच्चे का नाम पुकारता है, तो एक घंटा, दस घंटा, दस दिन, महीना दिन तक पुकारने पर जी भर जाता है, नाम पुकारने का मन नहीं करता है। लेकिन राम का नाम तो व्यक्ति जितना ही सुमिरता है, वह उतना ही आनंद पाता है। इस नाम से व्यक्ति का जी नहीं भरता और न ही अघाता ही है। उसे राम के नाम जप में और ही डुबते ही जाने का मन करता है, क्योंकि राम नाम अलौकिक, अद्वितीय व अनंत फलदायी है। किसी व्यक्ति से पूछा जाय कि आपके पिता, दादा, परदादा, छड़दादा का क्या नाम है, तो यहाँ तक व्यक्ति कोषिष करके बताने में सक्षम हो सकता है, पर इससे आगे पीढी का नाम बताने में वह सक्षम नहीं हो सकता है, लेकिन राम तो हजारों वर्ष पूर्व षरीर त्याग चूके, फिर भी उनका नाम जग में बच्चा- बच्चा के जुबान से उच्चरित होता रहता है इसलिए कि यह नाम अलौकिक व अद्वितीय है। राम नाम कभी भी पुराना नहीं होने वाला है। यह नाम सबको प्यारा है। यह नाम परमात्मा का अलौकिक दिव्य नाम है। इसे स्वयं भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती को भी प्यारा है। इस नाम को वे हर-पल निरंतर जपते रहते हैं। मानस-- ''महामंत्र जोइ जपत महेसू,कासीं मुकुति हेतु उपदेसू। महिमा जासु जान गनराऊ, प्रथम पूजिअत नाम प्रभाऊ।।'' जो महामंत्र है, जिसे महेष्वर षिवजी जपते हैं

और उनके द्वारा जिनका उपदेष काषी में मुक्ति का कारण है, तथा जिसकी महिमा को गणेषजी भी जानते हैं, जो इस नाम 'राम'के प्रभाव से ही पूजे जाते है। मानस--''हरषे हेतु हेरि हर ही को, किय भूषन तिय भूषन ती को। नाम प्रभाउ जान सिव नीको, कालकूट फलु दीन्ह अमी को।।''नाम के प्रति पार्वती जी के हृदय की ऐसी प्रीति देखकर श्रीषिव जी हर्षित हो गये और उन्होंने स्त्रियों में भूषण रूप पार्वती जी को अपना भूषण बना लिया। नाम के प्रभाव को श्रीषिव जी भलीभाँति जानते हैं,जिस प्रभाव के कारण कालकूट जहर ने उनको अमृत फल दिया। मानस--''नामप्रसाद संभु अबिनासी,साजु अमंगल मंगल रासी। सुक सनकादि सिद्धमुनि जोगी,नाम प्रसाद ब्रह्मसुख भोगी।।'' नाम ही के प्रसाद से षिव जी अविनाषी हैं और अमंगल वेष वाले होने पर भी मंगल की राषि हैं। षुकदेव जी और सनकादि सिद्ध, मुनि, योगीगण नाम के ही प्रसाद से ब्रह्मानंद को भोगते हैं। मानस--''नारद जानेउ नाम प्रतापू, जग प्रिय हरि हरि हर प्रिय आपू। नामु जपत प्रभु कीन्ह प्रसादू, भगत सिरोमनि भे प्रहलादू।।'' नारद जी ने नाम के प्रताप को जाना है। हरि सारे संसार को प्यारे हैं और आप हरि और हर दोनों के प्रिय हैं। नाम के जपने से प्रभु ने कृपा की, जिससे प्रह्लाद भक्ति षिरोमणि हो गये।मानस--''जान आदिकबि नाम प्रतापू, भयउ सुद्ध करि उलटा जापू। सहस नाम सम सुनि सिव बानी। जपि जेईं पिय संग भवानी।।''आदि कवि श्रीबाल्मीकि जी राम नाम के प्रताप को जानते हैं, जो उल्टा नाम जपकर पवित्र हो गये। श्रीषिवजी के इस वचन को सुनकर कि एक राम-नाम सहस्त्र नाम के समान है, पार्वती जी सदा अपने पति के साथ राम-नाम का जप करती रहती है। मानस---''बरषा रितु रघुपति भगति तुलसी सालि सुदास। राम नाम बर बरन जुग सावन भादव मास।।'' श्री रघुनाथ जी की भक्ति वर्षा-ऋतु है। तुलसीदासजी कहते हैं कि उतम सेवकगण धान हैं और 'राम' नाम के दो सुंदर अक्षर सावन-भादो के महीने हैं। मानस--''आखर मधुर मनोहर दोऊ, बरन बिलोचन जन जिय जोऊ। सुमिरत सुलभ सुखद सब काहू लोक लाहू परलोक निबाहू।।'' दोनों अक्षर मधुर और मनोहर हैं, जो वर्णमालारूपी षरीर के नेत्र हैं,भक्तों के जीवन हैं तथा स्मरण करने में सबके लिए सुलभ और सुख देने वाले हैं और जो इस लोक में लाभ और परलोक में निर्वाह करते हैं। आज के समय में व्यक्ति राम का नाम, भगवान का नाम जपना नहीं चाहता है। उनका जबाब होता है कि राम का नाम जपने से क्या रामजी पेट भर देंगे। काम करेंगें तो ही पेट में खाने के लिए अन्न प्राप्त होगा। कहा गया है कि ''पूर्व जन्म के पाप से हरि चर्चा न सुहाए।''

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिसके पास प्रतिभा होती है ,उसके पास रुपये कम होते हैं ,,, जिसके पास प्रतिभा और रुपये दोनों हों ,उसके पास जज़्बा कम होता है ,,, जिसके पास प्रतिभा ,रुपये और जज़्बा तीनो हों ,उसके पास भाग्य नहीं होता ,,, जिसके पास प्रतिभा, रुपये ,जज़्बा और भाग्य चारों होता है ,उसके पास उम्र नहीं होती और जिसके पास प्रतिभा ,भाग्य,रुपया ,जज़्बा ,उम्र, पर्सनालिटी सब कुछ होता है ,वह अनैतिक हो जाता है

– तनु देहलवी

खिड़की के पास बैठे सुबह से रात हो गई तन्हा थे सुबह भी तन्हाई में ही रात हो गई दो दफे गुजरी थी वो गली से इठलाते शरमाते ये सोच लिया हमने कि इश्क की शुरुआत हो गई निकले थे तलाश में कि गुजार सकें पल सुकून में मयखाने में अपने जैसों से इक रोज मुलाकात हो गई कमबख्त हसीन अदाओं ने बिगाड़े कितने इंसान यहां जो अपनी हालात हुई जाने कितनों की हालात हो गई। – **संत आर थवाइत**

मैं खुश हूँ... फिर भी बार-बार क्यों आँखें मेरी भरती हैं... शायद, बीते समय की यादें, अब भी पीछा मेरा करती हैं.... मैं संपूर्ण समर्पण भाव से हूँ समर्पित अपने पथ पर... फिर भी न जाने क्यों, पल-पल इच्छाएँ मेरी अब मरती हैं... – **अलका अग्रवाल**

ये मेरी माँ की रहमत है, न मन में कोई उदासी है तुम्हारी सभ्यता , रस्में, सब देखो लहू की प्यासी हैं मैं बेटी को बेटी, बहिन को बहन गर्व से कहता हूँ बाप की उम्र का हूँ "मसीहा" ये नवेली फुलबारी है मर्द हो तो भाई -बाप, दोस्त बन जीना सीखो तुम बनो ईलाज़ आंसुओं का, अब कहो कहाँ उदासी है। – **केदार नाथ शब्द मसीहा**

एक राजा को लगता था कि मकड़ी और बर्र जैसे जीव किसी काम के नहीं वो उन्हें तुच्छ समझता था। लेकिन एक दिन परिस्थिति ऐसी बनी कि उसी मकड़ी के जाले और बर्र की मौजूदगी ने उसकी जान बचा ली तब उसे समझ आया सृष्टि में कोई भी व्यर्थ नहीं होता। हर जीव, हर इंसान किसी न किसी रूप में महत्वपूर्ण है किसी को छोटा मत समझिए क्योंकि वक्त सबकी अहमियत दिखा देता है।

– **रेनु सिंघल**

बस यूँ ही दिल से- प्यार के किस्से बड़े सुहाने हैं न -था मिलना बड़े बहाने हैं! एक शोर सा उठा है ,मेरे दिल में आशिकी के लिए, हम कैसे बताये ,हम जिये तो जिये किस के लिए। जो आशियॉ था अपना, किसी और के ठिकाने हैं, प्यार के किस्से बड़े सुहाने हैं न-था मिलना बड़े बहाने हैं!

– **अजयश्री**

गुनगुनी धूप की थिरकती छाँव हूँ...
चंचल सा है मन ढलती हुई साँझ हूँ...
खुला ये आसमां नन्हा सा ख्वाब हूँ...
हौसलों के बोली अपना ही साज़ हूँ...
एहसासों की पाती कलम की जान हूँ....
मुस्कुराती ज़िंदगी ईश्वर के साथ हूँ....
स्वाभिमान में निखरी अस्तित्व की पहचान हूँ... कि प्रेम है स्वयं से, प्रेम का अंदाज़ हूँ..!!

– **नंदिता तनूजा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन अकस्मात लाभ की प्राप्ती कराएगा लेकिन ध्यान रखें लापरवाही से कार्य करने पर आज जो विचार में नही रहेगा वह घटना घट सकती है। कार्य व्यवसाय से अचानक धन मिलने पर प्रसन्न रहेंगे।

वृष: आज का दिन पूर्वार्ध में अस्त व्यस्त रहेगा लेकिन आज आपके सभी कार्य सही दिशा में आगे बढ़ेंगे मध्यान तक व्यक्तिगत अथवा अन्य कारणों से व्यवसायिक कार्यो में विलंब होगा।

मिथुन: आज का दिन आशानुकूल रहने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित नही रहेगी फिर भी सौभाग्य वृद्धि के योग बनने से सभी तरह से खुशहाली मिलेगी।

कर्क: आज का दिन बनते कार्यो में विघ्न खड़े करेगा। दिन का पहला भाग शांति से व्यतीत करेंगे लेकिन इसके बाद किसी ना किसी उलझन में फंसते ही रहेंगे जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे। सेहत में भी कुछ ना कुछ कमी लगी रहेगी।

सिंह: आज के दिन सार्वजिनक कार्यो आपका महत्त्वपूर्ण योगदान स्वयं के साथ परिजनों का भी मान बढ़ाएगा किसी अपरिचित से कहासुनी भी हो सकती है धैर्य से काम लें।

कन्या: आज परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी भाग्य का साथ भी मिलने से सोची हुई योजनाए निर्विघ्न पूर्ण कर सकेंगे।

तुला: आज का दिन शुभफलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध और अंत मे शुभ कर्म के लिये प्रेरित होंगे घर मे मांगलिक आयोजन होने से नई ऊर्जा का संचार होगा।

वृश्चिक: आज का दिन प्रतिकूल रहेगा खराब सेहत आज प्रत्येक कार्य मे बाधक बनेगी फिर भी जबरदस्ती कार्य करेंगे जिससे कम समय मे अधिक थकान बनेगी।

धनु: आज आपका मानसिक संतुलन स्थिर नही रहेगा असमंजस की स्थिति के कारण पल पल में निर्णय बदलेंगे इससे कार्य विलंब के साथ अन्य लोगो को परेशानी होगी फिर भी स्वार्थी पूर्ति के कारण आज आपसे कोई शिकायत नही करेगा।

मकर: आज का दिन धन-धान्य में वृद्धि करने वाला रहेगा। दिन का आरंभिक भाग घरेलू व्यस्तता के कारण व्यावसायिक कार्यो से लाभ नही उठा सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधित थोड़ी बहुत समस्या लगी रहेगी।

कुंभ: आज के दिन आप अपनी कमियों को छुपाने का प्रयास करेंगे। लोगो के आगे अपनी बुद्धि चातुर्य का प्रदर्शन करेंगे बाहर से व्यवहारिकता लेकिन अंदर से ईर्ष्या और अहम की भावना रहेगी।

मीन: आज का दिन आपके लिये विपरीत फलदायक रहेगा। परिवार के सदस्य आपसे अधिक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत के किस राज्य में आदि पेरूक्कु मानसून महोत्सव मनाया जाता है जिसमें देवी पार्वती की पूजा भी शामिल है?

2) दरूबरू मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता यह दुनिया में पुरुषों के लिए सबसे बड़ी और सबसे सम्मानित प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता किस राज्य में मनाया जाता है?

3) दिल्ली में स्थित जंतर-मंतर का निर्माण किसने करवाया था?

4) ओडिशा के संबलपुर में समलेई मंदिर परियोजना का उद्घाटन हाल ही में किसके द्वारा किया गया?

5) भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हाल ही में कौन बनीं हैं?

उत्तरमाला- (1) तमिलनाडु (2) गोवा (3) जयपुर के राजा सवाई जयसिंह (4) प्रधानमंत्री मोदी (5) प्रीति रजक

पहेली

राज्यपाल से धमतरी के सुदूर वनांचल क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों ने की आत्मीय मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज लोकभवन में धमतरी जिले के सुदूर आदिवासी एवं वनांचल विकासखंड नगरी के विशेष प्रतिभावान स्कूली बच्चों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान बच्चों की प्रतिभा और उपलब्धियों पर राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस समूह में शामिल 22 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए हुआ है, जबकि पांच बच्चों ने स्पोकन इंग्लिश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। क्षेत्र की विशेष प्रतिभा एआई वीडियो क्रिएटर सातवीं कक्षा की छात्रा कुमारी गरिमा साहू द्वारा तैयार वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया, जिसकी राज्यपाल श्री डेका ने सराहना की और उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

राज्यपाल ने इन बच्चों की सफलता में योगदान देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया और कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों को आगे बढ़ाने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

राज्यपाल ने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना बहुत आवश्यक है। लक्ष्य को सामने रखकर निरंतर मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सरकारी स्कूलों के बच्चों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है। राज्यपाल ने उपस्थित सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। उन्होंने बच्चों से कहा कि इस राशि का उपयोग अपनी पढ़ाई और आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में करें। साथ ही, उन्हें गुल्लक भी प्रदान किए गए, ताकि उनमें नियमित बचत की आदत विकसित हो सके। इस अवसर पर राज्यपाल की उपसचिव श्रीमती निधि साहू सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्राम सरपंच, संबंधित स्कूलों के प्रधान पाठक, शिक्षक उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

युवाओं के सपनों को पंख दे रही स्मृति पुस्तकालय योजना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जिले में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना जनभागीदारी का प्रेरक उदाहरण बनती जा रही है। इस पहल के माध्यम से लोग स्वेच्छा से पुस्तकें और इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट दान कर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में आज अभिषेक चौबे ने इंजीनियरिंग सहित अन्य विषयों की 20 पुस्तकें जिला प्रशासन को दान कीं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। श्री चौबे ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से मिली। उन्होंने कहा कि समाज के लिए कुछ सकारात्मक करने की भावना से उन्होंने पुस्तक दान का निर्णय लिया। उन्हें खुशी है कि इन पुस्तकों से जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत अब तक 10 हजार छह सौ से अधिक पुस्तकें और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स दान किए जा चुके हैं। इन संसाधनों का लाभ लेकर अनेक विद्यार्थी अपनी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को नई दिशा दे रहे हैं। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे भी इस पुनीत पहल से जुड़कर ज्ञान के दान में भागीदार बनें और युवाओं के सपनों को साकार करने में सहयोग दें। पुस्तक अथवा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दान करने के इच्छुक नागरिक प्रभात सक्सेना (94060 49000) एवं केदार पटेल (94255 02970) से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्रभात सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में पांच जजों को स्थायी करने कालेजियम की मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में पांच न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट के कालेजियम ने स्थायी जज के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसके चलते हाईकोर्ट में पदस्थ जज को वेतनमान और अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। छग. हाईकोर्ट में कुल पद निर्धारित किये गये है जिनमें से कई पद फिलहाल रिक्त है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जज की अस्थायी नियुक्ति की थी जिसे स्थायी किया गया है। कालेजियम की मंजूरी के बाद इन जजों को स्थायी जज के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। गत 24 मार्च को हाईकोर्ट में यह बैठक हुई थी। जिसमें बिलासपुर हाईकोर्ट के पांच प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है। जिनमें प्रमुख है। जस्टिस सचिन राजपूत राधाकृष्ण अग्रवाल संजय कुमार जायसवाल, बीहू दत्ता गुरु और अमितेन्द्र किशोर प्रसाद शामिल है। छग के हाईकोर्ट में रिक्त पदों के लिए निर्धारित प्रक्रिया जारी है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की अनुशंसा पर हाईकोर्ट की जज की नियुक्ति की जाती है। इसलिए अब प्रदेश के कई प्रतिष्ठित वकील इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के परमिशन मिलने के बाद ही इनकी नियुक्ति की जाएगी।

महापौर को सामान्य सभा में घेरने कांग्रेस पार्षद दल की हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कु मार मेनन की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्षद दल की बैठक हुई, जिसमें 30 मार्च को नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में महापौर को घेरने के लिए रणनीति बनाई गई। कुमार मेनन ने कांग्रेस पार्षद दल की बैठक लेने के पश्चात बताया कि पिछले बजट में जो वायदा किया गया था वह पूरा नहीं किया गया, बल्कि इस वर्ष पेयजल संकट से निपटने के लिए कोई योजना नहीं बनाई गई है। गर्मी बढ़ते ही नलों की धार धीमी पड़ गई है तथा कई वार्डों में पेयजल की किल्लत शुरू हो गई है। महापौर का वार्ड इसको लेकर सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण अस्पताल में सफाई करने वाले तीन की मौत का मामला भी उठाया जाएगा। सड़क नाली तथा गड्ढो से लेकर आम लोगों को हो रही परेशानी को लेकर भी हम संघर्ष करेंगे। कुमार मेनन ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता के सरकारी लूट का मामला एक बार सामने आया है। भाजपा नेता ने शराब दुकानों में सेल्समेन के दो ठेके के लिए जुग्गत जमाए हुए है। शीघ्र ही उनके नाम सामने आएंगे। आउटसोर्स की जगह छत्तीसगढ़ के युवाओं को कोई स्थान नहीं मिलेगा। भाजपा के कई राष्ट्रीय नेता यह ठेका लेने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

महाअष्टमी पर मंदिरों में हुआ हवन

रायपुर/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन आज नगर के महामाया मंदिर काली मंदिर सहित माता देवालयों में यज्ञ आदि का आयोजन दोपहर दो बजे से शाम छह बजे के मध्य आयोजित किया गया है। प्रदेश भर में आज माता रानी के आठवें स्वरूप महागौरी की स्तुति श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में पहुंचकर की। अष्टमी के अवसर पर शहर भर में आज कन्या भोज का आयोजन किया गया है। मंदिर परिसर में भी कन्या भोज का आयोजन किया गया है। वहीं स्वयं सेवी संगठनों द्वारा शहर के अनेक चौक चौराहों पर माता का भंडारा का आयोजन किया गया है। रामनवमीं की तिथि में भी घर घर कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था जिसके फलस्वरूप माता का शरीर काला पड़ गया था। भगवान शिव ने माता को गंगा जल से नहलाया उसके पश्चात माता का शरीर दमकते श्वेत वर्ण में परिवर्तित हुआ। इस कारण माता के इस स्वरूप को महागौरी का नाम दिया गया। महागौरी की आराधना करने से माता न केवल भक्तों के दुख हरती है वरन उनके जीवन में अच्छा स्वास्थ्य एवं अक्षय सुखों का आशीर्वाद देती है।

छत्तीसगढ़ में जनजातीय शक्ति का खेल महाकुंभ, सीएम विष्णुदेव साय हुए कार्यक्रम में शामिल

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की शुरुआत छत्तीसगढ़ से होना ऐतिहासिक: मांडविया

■ **देशभर से 9 खेल विधाओं में 30 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लगभग 2500 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की धरती आज एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी, जब राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में देश के प्रथम 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस राष्ट्रीय आयोजन की आधिकारिक घोषणा करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस गरिमामयी अवसर पर केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह खेल महाकुंभ 25 मार्च से 3 अप्रैल तक रायपुर के साथ-साथ बस्तर और सरगुजा में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर के 30 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से लगभग 2500 खिलाड़ी 9 खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष श्री दिलीप तिर्की और ओलंपिक पदक विजेता सुश्री साइखोम मीराबाई चानू की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गौरव प्रदान किया। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि आत्मसमर्पित नक्सली भी 'नुआबाट' के माध्यम से मुख्यधारा में लौटकर इन आयोजनों में सहभागी बने–जो परिवर्तन और विश्वास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार में खेलों को लेकर उत्साह और प्रयास दोनों दोगुने हैं। राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन' की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत खेल अधोसंरचना निर्माण और प्रतिभाओं के चिन्हांकन के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि रायपुर और बिलासपुर में खेलो इंडिया के तहत रेजिडेंशियल अकादमियां संचालित हैं, जबकि जशपुर, रायगढ़ और रायपुर में इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है।

खेलो इंडिया गेम्स छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य का विषय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य का विषय है कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल में देश के पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बस्तर ओलंपिक में 4 लाख तथा सरगुजा ओलंपिक में साढ़े तीन लाख लोगों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि जनजातीय समाज में खेलों के प्रति गहरी रुचि है।

फर्जी मेडिकल डिग्री रैकेट का पर्दाफाश, 2.34 करोड़ की ठगी

n **यूनिवर्सिटी के नाम पर तैयार होती थीं नकली डिग्रियां**

रायपुर/नवप्रदेश। देश में फर्जी डिग्री और नौकरी दिलाने के नाम पर चल रहे बड़े ठगी नेटवर्क का खुलासा हुआ है। रायपुर पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरोह लोगों को मेडिकल डिग्री और सरकारी नौकरी का झांसा देकर करोड़ों रुपये वसूल रहा था। इस मामले में पुलिस ने मुख्य कड़ी के रूप में साक्षी सिंह (28) को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली है और लंबे समय से गिरोह के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने का काम कर रही थी। पूरे मामले की शुरुआत तब हुई जब पीड़ित ने 17 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि कुछ लोगों ने पोस्ट ऑफिस में नौकरी और मेडिकल डिग्री दिलाने का लालच देकर उससे और उसके परिजनों से कुल 2.34 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। पैसे लेने के बाद न नौकरी मिली और न ही कोई वैध प्रमाणपत्र दिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने पहले गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ा, जिनसे पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ। इसके आधार पर साक्षी सिंह तक पहुंच बनाई गई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह डीवाई पाटिल विद्यापीठ के नाम पर फर्जी एमबीबीएस और बीएएमएस डिग्रियां तैयार करती थी। इन नकली डिग्रियों का उपयोग गिरोह भोले-भाले लोगों को विश्वास में लेने और उनसे बड़ी रकम वसूलने के लिए करता था। दस्तावेज इतने पेशेवर तरीके से बनाए जाते थे कि पहली नजर में असली लगते थे। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इनमें मौजूद डेटा से इस अंतरराज्यीय गिरोह के बड़े नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना है। जांच एजेंसियां अब लेन-देन, संपर्क और अन्य सहयोगियों की जानकारी खंगाल रही हैं।

सीजीपीएससी प्रीलिम्स का रिजल्ट जारी, 3921 उम्मीदवार रहे सफल

रायपुर/नवपद्रेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। परिणाम जारी होते ही अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है और चयनित उम्मीदवार अब अगले चरण की तैयारी में जुट गए हैं।

आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष कुल 3921 अभ्यर्थियों ने प्रारंभिक परीक्षा में सफलता हासिल की है। ये सभी अभ्यर्थी अब मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे, जो चयन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है।

आयोग ने मुख्य परीक्षा की तिथियां भी घोषित कर दी हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य परीक्षा 16 मई से 19 मई 2025 के बीच आयोजित की जाएगी। ऐसे में अभ्यर्थियों के पास तैयारी के लिए सीमित समय है, जिसे देखते हुए उन्हें योजनाबद्ध अध्ययन पर ध्यान देना होगा।

परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर पीडीएफप्रारूप में उपलब्ध कराया गया है। इस सूची में चयनित अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक (रोल नंबर), जन्मतिथि, वर्ग (श्रेणी) और कटऑफ अंक जैसी आवश्यक जानकारी दी गई है, जिससे अभ्यर्थी आसानी से अपना परिणाम देख सकते हैं।

रायपुर/नवप्रदेश। हनुमान मंदिर के सामने दुर्गा मंदिर एवं शीतला मंदिर संजय नगर रायपुर।

महादेव सट्टा केस में प्रवर्तन निदेशालय का बड़ा एक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1700 करोड़ रुपये की देश-विदेश में फैली संपत्तियों को अटैच किया है। इस कार्रवाई में दुबई और नई दिल्ली सहित करीब 20 अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लिया गया है। ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि इस अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क से जुड़े मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर और उसके सहयोगियों ने बड़े पैमाने पर काली कमाई की। जब्त संपत्तियों में बुर्ज खलीफा में स्थित प्रॉपर्टी के साथ-साथ कई लग्जरी विला और अपार्टमेंट भी शामिल हैं। एजेंसी के मुताबिक, अवैध सट्टे से कमाई गई रकम को हवाला और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए विदेश भेजा गया। मामले में कार्रवाई करते हुए ईडी ने देशभर में 175 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की है। अब तक इस मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 74 लोगों को आरोपी बनाया गया है। ईडी का कहना है कि पूरे अंतरराष्ट्रीय सट्टा नेटवर्क को तोड़ने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

रीना कंगाले की सख्ती से एलपीजी वितरण पर नई व्यवस्था लागू

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में एलपीजी गैस की उपलब्धता और वितरण को सुचारू बनाने के लिए खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहब कंगाले ने ऑयल कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में गैस वितरण प्रणाली को मजबूत करने और प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। जिला प्रशासन को सभी एलपीजी एजेंसियों के कार्यालय और गोदामों में पुलिस एवं होमगार्ड की तैनाती करने को कहा गया है, ताकि भीड़ और अव्यवस्था से बचा जा सके। साथ ही वितरकों को अपने फोन नंबर सक्रिय रखने और उपभोक्ता शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। उपलब्ध स्टॉक को देखते हुए गैस वितरण के लिए प्राथमिकता श्रेणियां तय की गई हैं। इनमें प्रमुख रूप से शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, सैन्य व अर्द्धसैन्य बलों के कैंप, जेल, होटल, रेलवे-एयरपोर्ट कैंटीन, शासकीय कार्यालय, गेस्ट हाउस, समाज कल्याण संस्थान, पशु आहार इकाइयां और रेस्टोरेंट शामिल हैं। ऑयल कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एलपीजी स्टॉक और वितरण की रोजाना समीक्षा करें और इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन विभाग को भेजें।

कमर्शियल एलपीजी पर नई सीमा तय

बैठक में निर्णय लिया गया कि कमर्शियल गैस उपभोक्ताओं–जैसे होटल, रेस्टोरेंट और अन्य संस्थानों–को अब पिछले महीने की खपत के अधिकतम 20 प्रतिशत तक ही एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिले, इसके लिए शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर ऑनलाइन रिफिल बुकिंग की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

भाजपा का घोषणा पत्र झूठाः कन्हैया

रायपुर/नवप्रदेश। । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार और नगरीय निकायों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव 2024 के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, जिन्हें आज 'ट्रिपल इंजन' की सरकार पूरी तरह भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी और अटल घोषणा पत्र के वादे धरातल पर केवल झूठ और जनता के साथ फरेब साबित हो रहे हैं। अग्रवाल ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र की याद दिलाते हुए तीन मुख्य बिंदुओं पर सरकार को घेरते हुए कहा कि महिलाओं को संपत्ति कर में 25त्न छूटः भाजपा ने वादा किया था । निकाय क्षेत्रों में महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों के कर में 25त्न की भारी छूट दी जाएगी। आज तक इस पर कोई अमल नहीं हुआ है। पुराने बकाया पर ब्याज माफी की घोषणा भी अधूरी। घोषणा पत्र में वादा था कि संपत्ति कर के जितने भी पुराने लंबित मामले हैं।

सफलता: कक्षा में लिया गया एक साधारण फैसला बना सफलता की नींव

संयोग से शुरुआत, ऐतिहासिक स्वर्ण तक: अंजलि ने रचा इतिहास

रायपुर/नवप्रदेश। कभी-कभी जीवन की दिशा एक छोटे से निर्णय से बदल जाती है। ओडिशा की 15 वर्षीय अंजलि मुंडा की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। वर्ष 2022 में कक्षा में खेल चयन के दौरान उन्होंने तैराकी को चुना–एक ऐसा खेल जिसे वे उस समय सिर्फ मनोरंजन के रूप में जानती थीं। आज, वही निर्णय उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि तक ले आया है।

ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव की रहने वाली अंजलि ने रायपुर में आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 2:39.02 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही वे इस प्रतियोगिता की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता बन गईं।

साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली अंजलि चार भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं। उनके पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं। 10 वर्ष की आयु में वे कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज से जुड़ीं, जहां उन्हें निःशुल्क शिक्षा और प्रशिक्षण मिला। यहीं से उनके खेल करियर की नींव मजबूत हुई। शुरुआत में वे अपनी बड़ी बहन से प्रेरित थीं, जो तीरंदाजी में सक्रिय हैं, लेकिन अंजलि ने तैराकी को अपना मार्ग चुना। उनकी मेहनत जल्द ही रंग लाई और तैराकी शुरू करने के एक वर्ष के भीतर ही उन्होंने एक स्थानीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंजलि अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों और खेल मंत्रालय की 'अस्मिता लीग' पहल को देती हैं। वर्ष 2024 में संभलपुर में आयोजित इस लीग में उन्होंने दो रजत पदक जीते थे, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। इसके बाद गुवाहाटी में आयोजित अस्मिता स्विमिंग लीग (ईस्ट जोन) में भी उन्होंने दो रजत पदक हासिल किए। हालांकि, इस उपलब्धि के बावजूद अंजलि संतुष्ट नहीं हैं। उनका लक्ष्य अपने 2:25 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय को बेहतर करना है। लगातार यात्रा और थकान के बावजूद उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

अब अंजलि की नजर आगामी स्पर्धाओं–50 मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर बैकस्ट्रोक और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडली–पर है, जहां वे अपने प्रदर्शन को और बेहतर करने के इरादे से उतरेंगी।

अंजलि मुंडा की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सही अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर प्रतिभा किस तरह नई ऊंचाइयों को छू सकती है।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ने एडमिशन के लिए प्रास्पेक्टस लांच किया

रायपुर/नवप्रदेश। आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर ने आज एडमिशन वर्ष 2026 का प्रास्पेक्टस लांच किया। इस अवसर पर विवि के कुलपति डॉ. लक्ष्मी मूर्ति एवं एजीएम मोहन गौड़ा ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि विवि इसवर्ष कई नये आधुनिक कोर्स लांच कर रहा है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को बैंकिंग एवं फाइनेंसियल सर्विस में बड़े रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस वर्ष हास्पिलिटी का नया प्रोग्राम लांच किया गया है जिसके तहत छात्रों को विदेश में रोजगार का अवसर मिलेंगे। लक्ष्मी मूर्ति ने बताया कि केंपस इंटरब्यूह के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार के बड़े अवसर मिले है।

न्यूज गैलरी

उमंग-एक प्रतिभा कार्यक्रम संपन्न

कांकेर /नवप्रदेश। कांकेर ब्लॉक के द्वारा ग्राम पंचायत गोविन्दपुर में महिला दिवस के अवसर पर आयोजित ''उमंग- एक प्रतिभा'' 25 मार्च 2026 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हरेष मण्डावी के मार्गदर्शन में ''उमंग-एक प्रतिभा कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया, इस कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र की माताओं-बहनों की अद्भुत प्रतिभा आत्मविश्वास और ऊर्जा को देखने का सौभाग्य मिला। यह आयोजन केवल एक मंच नहीं, बल्कि महिलाओं की छुपी प्रतिभाओं को निखारने, उन्हे सशक्त बनाने और उनके जीवन में नई ऊर्जा व आत्मविश्वास भरने का सशक्त प्रयास है। हमारी सरकार और संगठन सदैव नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। जब महिलाएं आगे बढ़ती है, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बनता है। संकुल स्तरीय महिला संगठनों के महाधिवेशन उमंग का आयोजन ग्राम पंचायत गोविन्दपुर में किया गया। इसमें महिलाओं द्वारा आजीविका से जुडे महिलाओं के द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाकर पारंपरिक व्यंजन जैसे भाजी, पापड, मुरकु सहित आत्मनिर्भर के लिए कार्य करे व्यवसाय को प्रदर्शित किया। बैंक ऑफबडोदा के मैनेजर के द्वारा सविता चक्रधारी लखपति लोन वितरण राशि 50 हजार एंव स्व. तीजो बाई गोटा के मृत्यु उपरान्त, नामिनी राजकुमार गोटा को बीमा क्लेम राशि 2 लाख रूपये जीवन ज्योति योजना के तहत वितरण किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि- आशाराम नेताम विधायक विधान सभा क्षेत्र कांकेर, अतिविष्ट अतिथि- श्रीमति किरण नरेटी अध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर, अध्यक्षता- श्रीमति पूर्णिमा कावड़े अध्यक्ष जनपद पंचायत कांकेर, विषिष्ट अतिथि- श्रीमति तारा ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर, 04 कलस्टर संगठन के 94 ग्राम संगठन पदाधिकारी, पीआरपी एंव समस्त कैडर उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश से शराब तस्करी पर कार्यवाही 11 आरोपियों पर आबकारी के प्रकरण दर्ज

कोरिया, / नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश से लाई गई अवैध शराब के मामले में 11 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं। यह कार्रवाई सचिव आबकारी श्रीमती आरण् शंगीता एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के सख्त निर्देशों के बाद की गई है। जिला आबकारी अधिकारी श्री रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध शराब की तस्करी और बिक्री में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की गई। जब्त की गई विदेशी शराब मध्यप्रदेश से लाई गई थीए जिसे न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।इसी क्रम में कंट्रोल रूम को मिली मुखबिर सूचना के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा के नेतृत्व में ग्राम डुमापानी में छापामार कार्रवाई की गई। यहां 150 रुपये में गोवा व्हिस्की बेचे जाने की सूचना पर टीम ने तत्काल पहुंचकर मानती पति मेवालाल के कब्जे से 22 पाव अंग्रेजी शराब जब्त की। आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पशु औषधालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

कोरिया / नवप्रदेश। जिले में पशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बुधवार को चिरमी स्थित पशु औषधालय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर के अचानक पहुंचने से केंद्र के कर्मचारी हड़बड़ाते नजर आए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रजिस्टर पंजीए दवा वितरण और अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की।कलेक्टर ने पंजी रजिस्टर का अवलोकन करते हुए पशुओं के टीकाकरण की प्रगति की जानकारी ली। टीकाकरण कार्य में सुस्ती पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।उन्होंने जिला पशुधन विकास विभाग के उप संचालक को निर्देशित किया कि जिले के सभी पशु औषधालयों का नियमित निरीक्षण किया जाए ताकि व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित हो सके।

स्व-सहायता समूह से बसंती बनीं लखपति दीदी

बलरामपुर / नवप्रदेश। विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम धनगांव की निवासी श्रीमती बसंती सरकार ने लखपति दीदी के रूप में पहचान बनाई है। सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बीच जीवन यापन करने वाली बसंती ने विपरीत परिस्थितियों हार नहीं मानी और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा देने का निर्णय लिया। वे बताती है कि शुरुआती दौर में आर्थिक संकट, खेती के पारंपरिक तरीकों और संसाधनों की कमी जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। परिवार की जिम्मेदारियों के साथ आय के सीमित साधनों के कारण उन्हें कई बार कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा था लेकिन अब समूह से जुड़ने के बाद उन्हें न सिर्फ आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि नई तकनीकों और आजीविका के अवसरों की जानकारी भी मिली। उन्होंने समूह से ऋण लेकर उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाया और अपनी मेहनत से 65 क्विंटल धान का उत्पादन किया। इसके साथ ही मक्का की खेती से लगभग 1 लाख रुपये तथा खीरे की फसल से 2 लाख रुपये की आय अर्जित की। श्रीमती बसंती ने मछली पालन भी शुरू किया, जिससे उन्हें अतिरिक्त 10 हजार रुपये की आय प्राप्त हुई। विभिन्न आय स्रोतों के माध्यम से उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और लखपति दीदी बनी। श्रीमती बसंती क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभर रही है।

सरकार की पुनर्वास योजना से जुड़कर 3 हथियारबंद नक्सली सहित 5 ने किया सरेंडर

हथियार छोड़ मुख्य धारा में लौटे नक्सली

कांकेर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पुनर्वास योजना से बीहड़ जंगल के दुर्दांत नक्सली सरकार की योजना से जुड़कर सरेंडर कर रहे हैं। 26 मार्च 2026 गुरुवार को कांकेर में पांच हथियार बंद नक्सलियों ने एसपी कार्यालय में सरेंडर करते हुए पुनर्वास योजना से जुड़कर मुख्य धारा में लौट आए। नक्सलियों के सरेंडर को लेकर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि कांकेर जिला अंतर्गत एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में विगत दो दिनों में राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन के 05 माओवादी कैडर एवं मिलिट्री कंपनी-05 के 01 कैडर ने हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है।पुनर्वास हेतु आगे आए इन माओवादी कैडरों द्वारा कुल 03 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया गया है जिसमें 01 नग एसएलआर तथा 02 नग 303 राइफल शामिल हैं।पुनर्वास हेतु आगे आए माओवादी कैडरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर इलाके में सक्रिय अन्य माओवादी कैडरों से संपर्क स्थापित कर उन्हें भी मुख्यधारा में शामिल कराने के प्रयास जारी हैं। वे सभी 06 माओवादी कैडर जिन्होंने पुनर्वास का मार्ग चुना है, उनके सामाजिक मुख्यधारा में पुनः एकीकरण तथा हथियारों की औपचारिक सुपुर्दगी आदि की कार्यवाई संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात आयोजित की जाएगी।पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पट्टलिंगम ने एक बार फिर शेष बचे कुछ माओवादी कैडरों से हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील दोहराई। उन्होंने कहा कि जो कैडर शांतिपूर्ण एवं सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आगे आएंगे, उन्हें पुनर्वास नीति के अंतर्गत सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी। यह उल्लेखनीय है कि सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर पिछले 26 महीनों में 2700 से अधिक माओवादी कैडर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।

पुनर्वास के लिए आगे आए माओवादी कैडरों के नाम एवं रैंक

(1) एसीएम मंगेश पोडियमी
(2)एसीएम गणेश वीके
(3) एसीएम मंगती जुर्री
(4) एसीएम हिडमे मरकाम उर्फ सुनीता (5) एसीएम राजे
(6) पीआरसीएम स्वरूपा उसेंडी (पीएलजीए कंपनी-05)

पुरानी रंजिश में दो युवकों पर बदमाशों ने किया था हमला, एक युवक की हो गई थी मौत

हत्या के प्रयास का फरार आरोपी दुर्ग से गिरफ्तार, भेजा गया जेल

कांकेर /नवप्रदेश। विगत वर्ष पुराना बस स्टैंड में पुरानी दुश्मनी को लेकर आदतन अपराधियों ने मिलकर शहर के दो युवाओं पर जानलेवा हमला किया गया था ।इस घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो चुकी है। मारपीट के बाद हत्या के प्रयास का फरार आरोपी विक्रम सारथी को दुर्ग से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया ।आरोपी का पूर्व में जिलाबदर एवं थाना कांकेर के कई अपराध में संलिप्त होने की जानकारी मिली है।कांकेर पुलिस की सतर्कता से फरार आरोपी पुलिस गिरफ्त में है। बता दे कि इसी प्रकरण में पूर्व में भी 02 आरोपी गिरफ्तार कर हवालात पहुंच चुके है। विगत महीनों से घटना का फरार आरोपी विक्रम सारथी पिता स्वकरण सारथी उम्र 28 वर्ष निवासी श्रीरामनगर कांकेर है।आरोपी के विरुद्ध थाना कांकेर में निम्न अपराध दर्ज पाए गए ।अपराध क्र. 270/2019 - धारा 294, 506, 34 भादवि अपराध क्र. 238/2020 -धारा 323, 294, 506 बी भादवि.अपराध क्र. 125/2021- धारा 323, 294, 506, 336, 427, 452, 34 भादवि अपराध क्र. 153/2023 ड्ढधारा 294, 323, 506 भादवि अपराध क्र. 353/2022 -धारा 323, 294, 506, 34 भादवि सहित अन्य प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सतीश दीपक (उम्र 53 वर्ष, निवासी आमापारा कांकेर) द्वारा 09 जनवरी 2025 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपने मित्र सुधरा चौहान के साथ पुराने बस स्टैंड गया था।रात्रि लगभग 8:30 बजे बस स्टैंड पुल के पास विक्रम सारथी आशीष सारथी एवं अन्य साथियों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की एवं जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर प्रार्थी के नाक एवं आंख में चोट पहुंचाई और दोनों को पुल के नीचे फेंक दिया था।प्रकरण में अपराध क्र. 15/2025 धारा 126(2), 296, 351(3), 3(5), 309(4), 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई।विवेचना के दौरान आरोपी आशीष सारथी एवं सूरज देहारी को 10 जनवरी 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मुख्य आरोपी विक्रम सारथी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था एवं गिरफ्तारी से बचने के लिए विभिन्न स्थानों पर छिपकर रह रहा था।मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी के दुर्ग में होने की जानकारी मिलने पर विशेष टीम गठित कर घेराबंदी करते हुए आरोपी को दुर्ग से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के पश्चात पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया, जिसके बाद 25 मार्च 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।आरोपी को पकड़ने में पुलिस टीम का विवरण प्रशिक्षु आईपीएस थाना प्रभारी प्रतिक दादासाहेब बनसोडे सउनि सोमेन्द्र सिंह प्र.आर.जीवधन यादव आर.शिवप्रसाद नेताम आर. संतोष पैकरा शमिल है।

भानुप्रतापपुर का मावा मोदोल बना सफलता की मिसाल

20 छात्रों ने सीजीपीएससी प्री परीक्षा में हासिल की कामयाबी

कांकेर /नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा संचालित अभिनव पहल 'मावा मोदोल' (मेरा मूल मेरा भविष्य) निःशुल्क कोचिंग ने एक बार फिर अपनी प्रभावशीलता सिद्ध करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों ने सीजी पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 20 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है, जो जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गया है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की विशेष पहल पर दूरस्थ एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग सुविधा प्रदान की जा रही है।जिला मुख्यालय कांकेर एवं विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में संचालित इस कोचिंग में पिछले एक वर्ष से विद्यार्थी नियमित अध्ययन कर रहे थे। अब इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। मावा मोदोल की भानुप्रतापपुर शाखा से 12 छात्र-छात्राओं तथा कांकेर शाखा से 08 छात्र-छात्राओं ने प्रारंभिक परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। इनमें भानुप्रतापपुर शाखा से उत्तीर्ण विद्यार्थियों में श्रीमती शिल्पा नुरेटी, कु. छबिलता देहारी, भावेश करंगा, रामगुलाल, कु. रजोतिन, राहुल ठाकुर, डेनियल वर्मा, गजेंद्र सोनवानी, लोचन प्रसाद देवांगन, कु. नेहा कोरेटी, दीप मल्लिका चुरेंद्र एवं कमल राम ठाकुर (नायब तहसीलदार) शामिल हैं। वहीं, कांकेर शाखा से उत्तीर्ण विद्यार्थियों में सुभाष नेताम, वीरेंद्र टंडन, प्रतिभा कुजाम, प्राची वासनीकर, तुषार शेंडे (टेस्ट सीरीज लाभार्थी), दिलीप कुमार मार्कण्डेय, नीरज कुमार साहू एवं विक्रांत शामिल हैं।इन सभी विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि आर्थिक रूप से कमजोर होने तथा सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और अनुकूल वातावरण ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया।

खादी सिर्फ वस्त्र ही नहीं, बल्कि विचारधारा भी है: मनोज कुमार

ग्रामोद्योग विकास योजना अंतर्गत 580 हितग्राहियों को बांटे गए टूलकिट

कांकेर /नवप्रदेश। खादी एवं ग्रामोद्योग विकास आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत विभाग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार आज कांकेर के गोविंदपुर स्थित खेल मैदान पहुंचे जहां पर उन्होंने ग्रामोद्योग विकास योजना अंतर्गत प्रदेशभर से आए 580 हितग्राहियों को विभिन्न गतिविधियों जैसे-कुम्हारी, दोना-पत्तल निर्माण, फुटवियर निर्माण, मधुमक्खी पालन, इमली प्रसंस्करण, प्लंबर जैसी विभिन्न सृजनात्मक कार्यों से संबंधित मशीनों एवं टूलकिट का वितरण किया। इस अवसर पर हितग्राहियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि खादी वस्त्र ही नहीं, यह एक विचारधारा भी है। आज दोपहर गोविंदपुर के खेल मैदान में आयोजित टूलकिट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर हाथों को हुनर दिलाने, उन्हें कुशल बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास और उत्थान पर सतत कार्य कर रहे हैं। उनके विजन-2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी पूरा हो सकता है, जब प्रत्येक व्यक्ति हर दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर बनें। अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा को पूर्ण करने प्रदेश की साय सरकार लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश सशक्त होगा तो देश भी सशक्त होगा।

डेढ़ हजार से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों के खाते में डेढ़ करोड़ रुपए अंतरित

कोरिया / नवप्रदेश।बुधवार को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के हाथों से प्रदेश के लाखों भूमिहीन कृषि मजदूरों के खाते में करोड़ों की राशि हस्तांतरित की गई वहीं जिले के 1 हजार 528 भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में लगभग 1.52 करोड़ की राशि हस्तांतरित किया गया। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आज ब्लॉक स्तरीय दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पटना तहसील के पंडित ज्वाला प्रसाद शास्त्रीय महाविद्यालय व सामुदायिक भवन सोनहत में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के हितग्राही उपस्थित रहे।

गांव में ही होगा जमीन विवादों का समाधान

पटवारी पहुंचेंगे आपके द्वार, जिले में राजस्व पखवाड़ा का मेगा प्लान जारी

एमसीबी/ नवप्रदेश। जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए ÷राजस्व पखवाड़ा÷ का विस्तृत ग्रामवार शेड्यूल जारी कर दिया है। इस अभियान के तहत तहसील मनेन्द्रगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के 100 से अधिक गांवों में शिविर लगाए जाएंगे, जहां पटवारी और राजस्व अमला मौके पर ही समस्याओं का समाधान करेंगे।

यह विशेष अभियान तीन चरणों में 01 से 15 अप्रैल, 04 से 18 मई और 01 से 15 जून 2026 तक संचालित होगा। प्रत्येक ग्राम के लिए अलग-अलग तिथियां निर्धारित की गई हैं, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार तहसील मनेंद्रगढ़ के ग्राम उजियारपुर, बरबसपुर, राधारमणनगर, सोनवर्षा, दरीटोला, नवापारा, महाराजपुर, लोहारी, सेमरा, हर्रा, अमृतधारा, नागपुर, सरभोका, मोरगा, सेंधा, चिरईपानी, बंजी, मुक्तियारपारा, सरोला, सलका, उदलकछार, नौगई, बेलबहरा, सिरौली, कोथारी, खैरबना, बरकेला, सिरियाखोह, चैनपुर, मेण्ड्राडोल, परसगढ़ी और चिटमिार, पिपरिया, भलौर, हस्तिनापुर, डोमनापारा, लालपुर, साल्ही, कठौतिया, डंगौरा, बिछली, शंकरगढ़, चनवारीडांड, चौघड़ा, बौरीडांड, खोंगापानी, नई लेदरी, पुरानी लेदरी, मनेन्द्रगढ़, गिद्धडांड, झगराखाण्ड, तेंदूडांड, छिपछिपी, नारायणपुर, भौता, बंजी, बुदेली, पाराडोल सहित अनेक ग्रामों में अलग-अलग तिथियों पर शिविर आयोजित होंगे।

कलेक्टर के निर्देशन में तैयार इस शेड्यूल के तहत संबंधित पटवारियों- श्रीमती रंजीता लकड़ा, सुश्री मंजुलता, चंदा भगत, आशीष मिंज, नागेंद्र नारायण, मनीषा मिश्रा, पूजा सोनी, आशिष सिंह, दीपेंद्रपाल सिंह, नलिन तिवारी, रमेश कुमार, हीरालाल पुरी, ग्रिजेष कुमार, बाबू नारायण सिंह, सुश्री रूकमणी, सुश्री दुर्गा गुप्ता सहित अन्य राजस्व अधिकारियों को ग्रामवार जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी प्रकार तहसील भरतपुर के 108 ग्राम, केल्हारी तहसील के 74 ग्राम, कोटाडोल तहसील के 75 ग्राम, केल्हारी तहसील के 74 ग्राम, चिरमिरी तहसील के 16 ग्राम तथा खड़गवां तहसील के 44 ग्राम सहित कुल 376 ग्राम पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा।अभियान के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-अभिलेख सुधार, ऋण पुस्तिका, फौती नामांतरण जैसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों को राजस्व प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

भूमिपूजन: चैनपुर में 301.32 लाख रुपए की लागत से बनेगा जिला पंचायत का भव्य भवन

स्वास्थ्य मंत्री ने रखी विकास की मजबूत नींव

गांव से लेकर शहर तक विकास की नई लहर:

एमसीबी/ नवप्रदेश। जिले के विकास इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय उस समय जुड़ गया जब चैनपुर में 3 करोड़ 1 लाख 32 हजार की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक जिला पंचायत भवन का भव्य भूमि पूजन समारोह पूरे उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भूमि पूजन से हुई, जिसे मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों द्वारा संपन्न किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को जनभागीदारी का अद्भुत स्वरूप प्रदान किया।

भूमि पूजन के उपरांत राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया तथा छत्तीसगढ़ की अस्मिता और गौरव को दर्शाते हुए राज्य गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इसके बाद अतिथियों के स्वागत का क्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें सभी विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, जिला अध्यक्ष चंपादेवी पावले, मनेंद्रगढ़ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, जिला पंचायत के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि गरिमामयी उपस्थिति में रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम लिंगराज सिदार ने कहा कि यह दिन एमसीबी जिले के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि शासन और जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से लगभग 301.32 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह जिला पंचायत भवन प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा तथा विकास कार्यों को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

बलरामपुर / नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार के लिए 18 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक तथा जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 22 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। विद्यार्थी 1 मई से 9 मई 2026 के बीच अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के 3 हजार हितग्राही हुए लाभान्वित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। प्रदेश के भूमिहीन कृषि मजदूरों के आर्थिक सशक्तीकरण और सर्वांगीण विकास की दिशा में आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 'दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना' के तहत सरगुजा जिले के हजारों श्रमिकों के बैंक खातों में सीधे राशि का अंतरण किया।

जिले के कुल 3,158 हितग्राहियों के खातों में 3 करोड़ 15 लाख 80 हजार रुपए की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से जमा की गई। राज्य शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य उन भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक संबल प्रदान करना है, जिनकी आजीविका का मुख्य आधार केवल शारीरिक श्रम है। मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप, 'परिश्रम का सम्मान, श्रमिकों का कल्याण और भूमिहीनों का सशक्तीकरण' के संकल्प के साथ डबल इंजन की सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

सरगुजा जिले के अंतर्गत तहसील स्तर पर ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को इस योजना का सीधा लाभ मिला है। जिले की विभिन्न तहसीलों के अंतर्गत आने वाले 2,893 ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में राशि भेजी गई। वहीं नगर पंचायत लखनपुर एवं सीतापुर के 265 पात्र श्रमिक इस योजना से लाभान्वित हुए। जिले के कुल 3,158 लाभार्थियों को कुल 3,15,80,000 रुपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किया गया है। सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

आजीविका सुदृढ़ीकरण और आत्मनिर्भरता

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले के हजारों श्रमिक परिवारों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। इस वित्तीय सहायता से न केवल इन परिवारों की दैनिक आवश्यकताएं पूरी होंगी, बल्कि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की दिशा में भी अग्रसर होंगे। जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए पात्र हितग्राहियों का चयन सुनिश्चित किया गया था, ताकि शासन की इस योजना का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्ति तक पहुँच सके।

न्यूज गैलरी

डॉ. विनय प्रताप सिंह का बस्तर विश्वविद्यालय में चयन

सक्ती/नवप्रदेश। जिले के दमाउ धारा में स्थित श्याम शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय प्रताप सिंह का शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर, बस्तर के शिक्षा संकाय में सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ है जिससे परिवार, मित्रों, छात्रों और शुभचिंतको में खुशी और प्रेरणा का माहौल है बताते चले की डॉ. सिंह विगत 11 वर्षो से श्याम शिक्षा महाविद्यालय में (6 वर्ष सहायक प्राध्यापक तथा 5 वर्षो से विभागाध्यक्ष) के पद पर सेवारत रहे है डॉ. सिंह का शिक्षक-शिक्षा को जन जन तक पहुँचने में विशेष योगदान रहा है तथा श्याम शिक्षा को राज्यस्तरीय महाविद्यालय का दर्जा दिलाने मे अतुलनीय योगदान और समरपन रहा है डॉ. सिंह से बात-चित के दौरान उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने लक्ष्य का निर्धारण कर सतत् प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलेगी इस सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, लगन व नियमित अध्ध्यन शीलता है साथ ही गुरुजनों और माता- पिता का स्नेहिल आशीर्वाद एवं शुभचिंताको का प्रेम और साथ मानते हुए गुरुजनों, माता- पिता, शुभचिंतको और अपने समस्त छात्रों (जिनसे मै जीवन में कुछ ना कुछ आवश्य सीखा) को आभार और धन्यवाद दिया।

एनएचएम के संविदा पदों के लिए भर्ती परीक्षा, 150 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सरगुजा द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की भर्ती प्रक्रिया के तहत आज विभिन्न चरणों में परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। यह भर्ती प्रक्रिया जिला आर.ओ.पी. वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत मानव संसाधन (सेवा प्रदाता एवं कार्यक्रम प्रबंधकीय पद) के लिए संचालित की जा रही है। आज आयोजित लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार में कुल 150 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। पदवार उपस्थिति के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हेतु 94, टी.बी.एच.व्ही. हेतु 08, एम.पी.डब्ल्यू. हेतु 18, चतुर्थ वर्ग हेतु 12, कुक कम केयर टेकर हेतु 06, अटेण्डेन्ट हेतु 06 तथा क्लिनर पद हेतु 06 परीक्षार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। विभागीय अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा एवं भर्ती प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी तथा आगामी सूचनाएं जिले की आधिकारिक वेबसाइट www.surguja.gov.in पर समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

बलरामपुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार के लिए 18 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक तथा जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 22 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। विद्यार्थी 1 मई से 9 मई 2026 के बीच अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग ने जानकारी दी है कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। ऑनलाइन आवेदन एवं विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट httpsÑ//eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail पर विजिट कर सकते हैं। साथ ही कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, बलरामपुर से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

विपरीत परिस्थितियों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बनी उम्मीद

बलरामपुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम धनगांव की निवासी बसंती सरकार ने लखपति दीदी के रूप में पहचान बनाई है। सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बीच जीवन यापन करने वाली बसंती ने विपरीत परिस्थितियों हार नहीं मानी और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा देने का निर्णय लिया। वे बताती है कि शुरुआती दौर में आर्थिक संकट, खेती के पारंपरिक तरीकों और संसाधनों की कमी जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। परिवार की जिम्मेदारियों के साथ आय के सीमित साधनों के कारण उन्हें कई बार कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा था लेकिन अब समूह से जुड़ने के बाद उन्हें न सिर्फ आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि नई तकनीकों और आजीविका के अवसरों की जानकारी भी मिली। उन्होंने समूह से ऋण लेकर उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाया और अपनी मेहनत से 65 क्विंटल धान का उत्पादन किया। इसके साथ ही मक्का की खेती से लगभग 1 लाख रुपये तथा खीरे की फसल से 2 लाख रुपये की आय अर्जित की। श्रीमती बसंती ने मछली पालन भी शुरू किया, जिससे उन्हें अतिरिक्त 10 हजार रुपये की आय प्राप्त हुई। विभिन्न आय स्त्रोतों के माध्यम से उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और लखपति दीदी बनी।

30 मार्च से शुरू होगी दिल्ली और कोलकाता के लिए सीधी विमान सेवा

***कलेक्टर ने मां महामाया एयरपोर्ट का किया निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। उत्तर छत्तीसगढ़ की एयर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। आगामी 30 मार्च से अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट से दिल्ली और कोलकाता के लिए सीधी विमान सेवा का संचालन प्रारंभ होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण सेवा के शुभारंभ की तैयारियों का जायजा लेने आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक एवं एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। विमानन कंपनी एलायंस एयर द्वारा इन उड़ानों का संचालन किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट बुकिंग आधिकारिक वेबसाइट पर प्रारंभ हो चुकी है। दिल्ली रूट (सोमवार और बुधवार) सोमवार (फ्लाइट नं. 91613) दिल्ली से बिलासपुर होते हुए सुबह 11:35 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी। वापसी में दोपहर 12:00 बजे अंबिकापुर से सीधे दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। बुधवार (फ्लाइट नं. 91614) दिल्ली से सुबह 10:25 बजे अंबिकापुर आगमन और दोपहर 12:00 बजे बिलासपुर होते हुए दिल्ली प्रस्थान।

कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने एयरपोर्ट टर्मिनल, रनवे, सुरक्षा जांच क्षेत्र और यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उड़ानों के प्रारंभ होने से पूर्व सभी तकनीकी और प्रबंधकीय औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने यात्रियों के सुगम आवागमन हेतु एयरपोर्ट तक पहुंच मार्ग और पार्किंग व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

कोलकाता रूट (गुरुवार और शनिवार)शनिवार (फ्लाइट नं. 91763) कोलकाता से बिलासपुर होते हुए सुबह 10:00 बजे अंबिकापुर आगमन और 10:25 बजे सीधे कोलकाता प्रस्थान।गुरुवार (फ्लाइट नं. 91765): कोलकाता से सुबह 08:50 बजे अंबिकापुर आगमन और 09:15 बजे बिलासपुर होते हुए कोलकाता प्रस्थान।

क्षेत्रीय विकास को मिलेगी नई गति

अम्बिकापुर से दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों से सीधा जुड़ाव सरगुजा संभाग के बड़ी उपलब्धि है। इससे पर्यटन के क्षेत्र में मैनपाट और आसपास के पर्यटन स्थलों पर राष्ट्रीय स्तर के सैलानियों का आगमन बढ़ेगा। साथ ही स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों को बड़े बाजारों तक सीधी पहुंच होगी और शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए महानगरों की यात्रा करने वाले नागरिकों का समय बचेगा।

फैलोशिप से युवाओं को मिलेगा शासन में योगदान का अवसर

***प्रत्येक फेलो को प्रति माह 50 हजार रुपए की मिलेगी छात्रवृत्ति**

***31 मार्च तक आवेदन करने की अंतिम तिथि**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं को शासन एवं नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप ' की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा नवंबर 2024 में की गई थी।

यह फेलोशिप कार्यक्रम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर एवं छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करना है, जिससे शासन की प्रभावशीलता और दक्षता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से प्रायोजित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें समस्त शिक्षण शुल्क का वहन राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक फेलो को प्रति माह 50 हजार रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम दो वर्षों की अवधि का होगा, जिसमें प्रतिभागियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं जिला कलेक्टर कार्यालयों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। फेलोशिप के दौरान प्रतिभागियों को माननीय मुख्यमंत्री के साथ नियमित संवाद का अवसर भी प्राप्त होगा, जिससे वे अपने सुझाव साझा कर सकेंगे और शासन की विभिन्न योजनाओं में प्रत्यक्ष योगदान दे सकेंगे। यह कार्यक्रम युवाओं को सार्वजनिक नीति, शासन परामर्श एवं नेतृत्व से जुड़े क्षेत्रों में करियर निर्माण के लिए सशक्त मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का चयन ध्ट्ठ्ठ स्कोर, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

भूमि नामांतरण मामले में सहायक ग्रेड-2 पर कार्रवाई

वेतन मैट्रिक्स के न्यूनतम लेबल पर पदावनत करने की दीर्घ शास्ति की गई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा शासकीय कार्यों में गंभीर अनियमितता और पद के दुरुपयोग के मामले में सहायक ग्रेड-02 अजय कुमार तिवारी के विरुद्ध दीर्घ शास्ति अधिरोपित करने की कार्रवाई की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिवारी जिला कार्यालय की नजूल शाखा में पदस्थ रहते हुए ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा क्रमांक 243/1 की 1.710 हेक्टेयर शासकीय भूमि के नामांतरण में निर्धारित नियमों का पालन नहीं करते हुए विधि विरुद्ध तरीके से नामांतरण किए जाने में संलिप्त पाए गए।

इस संबंध में देहात थाना गांधीनगर में भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 420, 467, 468, 471 एवं 120-बी के तहत 11 मार्च 2024 को अपराध पंजीबद्ध किया गया था। इसके अतिरिक्त, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धौरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि अजय तिवारी 12 मार्च 2024 से बिना अनुमति के लगातार कर्तव्य से अनुपस्थित रहे। उक्त कृत्य के परिप्रेक्ष्य में उन्हें निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय उदयपुर नियत किया गया था। प्रकरण में विभागीय जांच संस्थित की गई, जिसमें जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में श्री तिवारी के विरुद्ध लगाए गए आरोप प्रमाणित पाए गए। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 एवं 07 के विपरीत पाया गया।

अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, 22 वाहन जब्त

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए मांड एवं मैनी नदी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। समाचार पत्र में प्रकाशित 'मांड व मैनी नदी का सीना छलनी, खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन' शीर्षक समाचार पर त्वरित संज्ञान लेते हुए 24 मार्च 2026 को सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बतौली एवं सीतापुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम केसला, भिठुआ, राधापुर, मंगरैलगढ़, नवाटोली, काराबेल एवं प्रतापगढ़ में छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में कुल 22 वाहनों को जब्त किया गया, जिसमें रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 14 ट्रैक्टर एवं 01 हाईवा तथा गिट्टी एवं ईंट के अवैध परिवहन में संलिप्त 06 हाईवा एवं 01 टीपर शामिल हैं। जब्त सभी वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से सीतापुर, बतौली एवं रघुनाथपुर थानों की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(4), 21(5) एवं 23 के अंतर्गत कठोर अर्थदंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित

9वीं में प्रवेश के लिए 17 अप्रैल तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। उक्त जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

जारी सारणी के अनुसार ऑनलाईन आवेदन 17 अप्रैल 2026 (रात्रि 12:00 बजे तक) तक भरे जा सकते हैं।

पीएम आवास योजना में 145 हितग्राहियों को मिला आशियाना

लॉटरी से हुआ मकानों का आवंटन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम अंबिकापुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत सुभाषनगर स्थित परियोजना में 145 हितग्राहियों को लॉटरी पद्धति के माध्यम से मकानों का आवंटन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से देखने को मिला। आयुक्त श्री डी.एन. कश्यप के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 'मोर मकान मोर आस' घटक के अंतर्गत यह आवंटन प्रक्रिया साइट पर ही पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कुल 493 आवासों की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई थी। प्रथम चरण में 07 जनवरी 2026 को शासकीय भूमि पर काबिज 67 हितग्राहियों को आवास आवंटित किए जा चुके हैं, जबकि शेष 426 आवासों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस प्रक्रिया में कुल 1280 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से शासन के दिशा-निर्देशों एवं दावा-आपत्ति निराकरण के पश्चात 295 हितग्राही पात्र पाए गए। इनमें से 145 हितग्राहियों ने न्यूनतम टोकन राशि 25 हजार रुपये जमा कर आवंटन हेतु पात्रता प्राप्त की, जिन्हें लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किए गए। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी, प्रभारी सदस्य लोक निर्माण विभाग श्री मनीष सिंह सहित निगम के समस्त पार्षदगण उपस्थित रहे।

निरीक्षण: निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और जल प्रदाय व्यवस्था को समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने नगर निगम के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने बुधवार को नगर पालिक निगम अंबिकापुर क्षेत्र के अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माणाधीन विकास कार्यों, सड़क डामरीकरण और स्वच्छता केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखने और परियोजनाओं को जनहित में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अपने भ्रमण की शुरुआत शिवधारी कॉलोनी में चल रहे सड़क डामरीकरण कार्य के अवलोकन से की। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता को परखते हुए निर्देश दिए कि सड़क के दोनों ओर व्यवस्थित 'साइड शोल्डर' का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि यातायात सुगम और सुरक्षित हो सके। शहर के जल शोधन तंत्र को मजबूत करने के लिए शंकर घाट (16 एमएलडी) एवं सैनिटरी पार्क (14 एमएलडी) में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि के पूर्ण होने के पश्चात प्राप्त होने वाले उपचारित जल के पुनरुपयोग हेतु अभी से एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। जिससे आमजनों को इसका लाभ मिले। पुराने बस स्टैंड डिपो परिसर में 10 लाख लीटर क्षमता के निर्माणाधीन उच्च स्तरीय जलागार (पानी टंकी) के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रस्तावित वितरण क्षेत्र की समीक्षा की। इस पानी टंकी के पूर्ण होने से शहर के जल संकट ग्रस्त क्षेत्रों जैसे राम मंदिर एरिया, ब्रह्मपारा, कुंडला सिटी और केंद्रीय जेल क्षेत्र में जल प्रदाय की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री वसंत डीसी रोड स्थित एसएलआरएम केंद्र पहुंचे। वहां उन्होंने स्वच्छता दीदियों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, प्रोसेसिंग और यूजर चार्ज वसूली के संबंध में जानकारी ली। साथ ही स्वच्छता दीदीयों की नियमित स्वास्थ्य जांच और हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने प्लास्टिक प्रोसेसिंग भिट्ठीकला स्थित प्लांट में प्लास्टिक दाना निर्माण और नॉन-रिसाइक्लेबल प्लास्टिक को सीमेंट प्लांट भेजने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने वेस्ट मैनेजमेंट की संपूर्ण प्रक्रिया को डिजिटाइजेशन करने और इसके लिए एक 'कमांड कंट्रोल सेंटर' बनाने के लिए तत्काल डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त डी.एन. कश्यप, निगम के कार्यपालन अभियंता सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डॉ. मनीष बंजारा के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं की मिसाल बना पदमपुर केंद्र

मुंगेली/नवप्रदेश। स्थानीय नागरिको जन प्रतिनिधियों के में मार्गदर्शन टीम वर्क और सर्मपण के साथ किए गए कार्य को सफलता मिलती ही है उपलब्धि हासिल होती ही है, स्वास्थ्य विभाग समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बन मरीजों का विश्वास और सुरक्षा तथा संतोष स्थापित कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में 86,10 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह मानक भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित एक सशक्त ढांचा है, जिसका उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है।

यह उपलब्धि मात्र एक आंकड़ा नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, समर्पण और सेवा भावना का जीवंत प्रमाण है। उनका यह सफर केवल एक चिकित्सक का नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और मानवता के प्रति समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। इस सफलता के पीछे चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बंजारा का अनुभव, नेतृत्व और समर्पण विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। वर्ष 2018 से 2021 तक उन्होंने दिल्ली के प्रतिष्ठित अस्पताल ईएसआईएस अस्पताल, सफदरजंग अस्पताल एवं राम मनोहर लोहिया अस्पताल में सेवाएं देते हुए व्यापक अनुभव अर्जित किया। इसी दौरान उन्हें सफदरजंग अस्पताल एवं वीएमएमसी में यूरोलॉजी, रोबोटिक सर्जरी एवं गुर्दा प्रत्यारोपण विभाग के प्रमुख डॉ. अनूप कुमार के साथ कार्य

करने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसने उनके चिकित्सा कौशल को और अधिक सुदृढ किया। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के कठिन दौर में भी उन्होंने राम मनोहर लोहिया अस्पताल में अपनी सेवाएं देते हुए लोगों के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रत्यारोपण सेवाओं से प्रेरित होकर उन्होंने अपने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुर सुव्यस्थित करने निर्णय लिया और पूरे अस्पताल को नया स्वरूप देते हुए भर्ती वार्ड को स्वच्छ व सुंदर व आराम दायक दिशा देकर पदमपुर के साथ जिले का गौरव बढ़ाया है। तीन वर्षों की मेहनत, टीमवर्क और समर्पण ने आज इस केंद्र की तस्वीर बदल दी है। अब यह केंद्र न केवल बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है, बल्कि मरीजों के मन में विश्वास सुरक्षा और सतोष की भावना भी स्थापित कर रहा है। यह परिवर्तन केवल भवन और व्यवस्थाओं का नहीं, बल्कि आशा, सेवा और विश्वास के पुनर्निर्माण की प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है। उल्लेखनीय है कि डा. मनीष बंजारा अगस्त 2022 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुर में पदस्थ हुए है। तब से लेकर आज तक स्वास्थ्य केन्द्र में मातृव एवं शिशु मृत्यु दर जहां शून्य है वहीं इस केन्द्र की एक भी शिकायत नहीं हुई है। इस सफलता में ग्राम सरपंच अनिल जायसवाल, स्थानीय नागरिकों के सक्रिय सहयोग, जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन एवं समय-समय पर प्राप्त सहयोग का विशेष योगदान रहा है।

न्यूज गैलरी

कन्या भोज में उमड़ा जनसमूह, भक्तिमय माहौल में मिली आस्था की झलक

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के महामाया मंदिर में सप्तमी तिथि के अवसर पर कन्याओं को कन्या भोज कराया गया। यह लगातार आठवां वर्ष है जब मंदिर प्रांगण में कन्या भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कन्याओं को आमंत्रित किया गया। उन्हें माँ दुर्गा का साक्षात स्वरूप मानकर उनका चरण पूजन किया गया, उपहार भेंट किए गए और आदरपूर्वक भोजन कराया गया। इस दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। सप्तमी के दिन कन्या भोज आयोजित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगरवासियों ने मंदिर समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज को एक सकारात्मक दिशा भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने भी कन्याओं को भेंट देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी परिवार सहित इस पुनीत कार्य में हिस्सा लिए और कन्याओं को भोजन कराया।

हिंदू नववर्ष व रामनवमी पर जगराता

मुंगेली/नवप्रदेश। हिंदू नववर्ष एवं रामनवमी के अवसर पर नगर के दाऊपारा स्थित रेस्ट हाउस मैदान में आज 26 मार्च को शाम 7 बजे से भव्य जगराता का आयोजन किया जा रहा है। माँ भारती सेवा समिति द्वारा आयोजित इस जगराता में सुप्रसिद्ध भजन गायक विवेक शर्मा अपनी भजनों की प्रस्तुति देंगे। मां भारती सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदू नववर्ष और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी की खुशी को सामूहिक पर्व के रूप से मनाना और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना करना है। समस्त धर्म प्रेमी जनता को इस भक्तिमय संध्या में सपरिवार आमंत्रित किया है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्थानीय भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

31 मार्च तक कराएं पंजीयन, समर्थन मूल्य पर होगी दलहन-तिलहन खरीदी

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन द्वारा ''प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान'' अंतर्गत दलहन-तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु प्राइस सपोर्ट स्कीम लागू की गई है, इसके तहत खरीफ फसलों जैसे अरहर, मूंग, उड़द मूंगफली, सोयाबीन एवं रबी फसलों जैसे चना, मसूर, सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। योजना के तहत पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। योजना का लाभ उठाने हेतु किसानों को 31 मार्च तक पंजीकरण पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए ग्रामीण कृषि अधिकारी और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों ने सीखी आधुनिक कृषि तकनीकें

मुंगेली/नवप्रदेश। प्री-वोकेशनल एजुकेशन अंतर्गत, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के पूर्व माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष पूर्व व्यावसायिक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव के निर्देशन में 25 मार्च को आयोजित विद्यार्थियों ने बीएसआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय तथा अनुसंधान केन्द्र चातरखार का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञों ने छात्रों को कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक वैज्ञानिक यंत्रों, ट्रैक्टर की कार्यप्रणाली, सिंचाई की सूक्ष्म तकनीकों और फसल कटाई के बाद के प्रसंस्करण, दाल मिल, मछली उत्पादन, सौर चलित सायकल, हाइब्रिड गेहूं की फसल आदि से संबंधित बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दिये। विद्यार्थियों ने प्रयोगशालाओं का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षकों ने बताया कि कैसे विज्ञान और अभियांत्रिकी मिलकर खेती को आसान और अधिक लाभप्रद बना रहे हैं, जिससे उनमें भविष्य के प्रति तकनीकी एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण विकसित हुआ एवं कृषि के प्रति रूझान बढ़ा। इस ज्ञानवर्धक भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के डीन डॉ. जितेन्द्र सिन्हा सहित सभी विभागीय प्रमुखों का सराहनीय सहयोग रहा।

निधन

डॉ. हृदय नारायण गुप्ता

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र के प्रतिष्ठित अधिवक्ता रहे स्व. विश्वनाथ

प्रसाद गुप्ता के पुत्र डॉ. हृदय नारायण गुप्ता का निधन 25 मार्च बुधवार को हो गया। वे रामखिलावन गुप्ता, विजयश्री गुप्ता, व्यासनारायण गुप्ता के भाई एवं दीपेन्द्र, रविन्द्र गुप्ता के पिता थे। उनका अंतिम यात्रा 26 मार्च गुरूवार को 11 बजे उनके गांधी वार्ड स्थित निवास से निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

डिवाइडर हरियाली योजना फेल पानी के अभाव में दम तोड़ते पौधे

मुंगेली/नवप्रदेश। गर्मी का मौसम आते ही दाऊपारा से गीधा तक डिवाइडर में लगे पौधों की देखभाल पानी की व्यवस्था नही होने से सूखते जा रहे है। डिवाइडर में लगे पौधों में पानी की व्यवस्था के लिये उद्यानिकी विभाग को लगभग 14 लाख रूपए का बजट उपलब्ध कराकर जिम्मेदारी दी गई थी। डिवाइडर पर लगाये गये पौधे पूर्ण आकार लेने के बाद पानी के छिड़काव नही होने के चलते सूखने के कगार पर पहुंच रहे है, जिसे लेकर पर्यावरण प्रेमी चिंता व्यक्त किये है।

मुंगेली-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर दाऊपारा से लेकर गीधा तक लगभग 4 किलोमीटर के डिवाइडर में लगे पौधों की सिंचाई के नाम पर लाखों रुपये पानी की तरह बहा दिए गए, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 5 अप्रैल 2023 को सहायक संचालक उद्यानिकी द्वारा

डिवाइडर के पौधों की सिंचाई व्यवस्था के लिए 13 लाख 82 हजार रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई थी। सरकारी फाइलों में अब तक लगभग 14 लाख रुपये खर्च भी दिखाए जा चुके हैं।

स्थानीय निवासियों और राहगीरों का कहना है कि शुरुआत में कुछ दिनों तक सिंचाई का दिखावा किया गया, लेकिन रख-रखाव के अभाव में बोरवेल और पाइपलाइन शो-पीस बनकर रह गए हैं। डिवाइडर में लगे बड़े-बड़े पौधे को सूखते देखकर पर्यावरण प्रेमी चिंतित है। नागरिकों का कहना है कि देखरेख न होने से बोरवेल अनुपयोगी हो रहे हैं। जब पौधों की सिंचाई के लिए 4 बोरवेल स्वीकृत थे, तो पौधों तक पानी क्यों नहीं पहुँचा, क्या राशि का उपयोग वास्तव में निर्माण कार्य में हुआ या यह केवल कागजी खानापूर्ति थी, पाइप लाइन का मेंटनेंस नही होने एवं देखरेख के अभाव में पौधों तक पानी नही पहुंच पा रहा है, जिससे धूप में डिवाइडर में लगे पौधे झूलस रहे है। उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधों की देखभाल, पानी की समुचित व्यवस्था के बाद भी पौधों तक पानी नही आने से शासकीय राशि खर्च पर अब सवालियां निशान लग रहे हैं। जानकारों का मानना है कि यदि इस राशि का सही उपयोग हुआ होता, तो आज यह क्षेत्र एक आदर्श हरित गलियारे के रूप में विकसित हो चुका होता। इस संबंध में संबंधित निर्माण एजेंसी उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक से संपर्क किया गया, किन्तु उनसे संपर्क नही हो पाया।

कोरिया कॉलरी को 5.50 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

***मंत्री श्यामबिहारी ने किया भूमिपूजन**

चिरमिरी/मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर। कोरिया कॉलरी क्षेत्र के निवासियों की दशकों पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने क्षेत्र में ?5 करोड़ 51 लाख 9 हजार के विभिन्न सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की।

इस सौगात से स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।वर्षों से खराब सड़क के कारण सिद्धबाबा मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर बरसात के दिनों में स्थिति बदतर हो जाती थी। मंत्री जायसवाल ने इस मार्ग के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हुए क्षेत्रवासियों को राहत दी है। इसके अतिरिक्त, नगर उत्थान योजना के तहत कोरिया कॉलरी शाखा उद्यान का सौंदर्यीकरण और शाखा शिव मंदिर परिसर में लगभग ?3.5 करोड़ की लागत से भव्य विकास कार्य कराए जाएंगे। जनसभा को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, 'कोरिया कॉलरी को मुख्यधारा से जोड़ना मेरी प्राथमिकता है।

अस्पताल की समस्या दूर हो चुकी है और नल-जल योजना अब अंतिम चरण में है, जिससे हर घर को शुद्ध पेयजल मिलेगा। बिजली की समस्या के निदान के लिए प्रथम चरण की राशि से गेल्हापानी और कोरिया क्षेत्र में नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे।' उन्होंने महापौर को वार्डों का दौरा कर छोटी-मोटी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी दिए। मंत्री ने जिला अस्पताल और साजा पहाड़ सड़क निर्माण का जिक्र करते हुए 'सबका साथ, सबका विकास' का संकल्प दोहराया।

जनकपुर-कोटाडोल में कांग्रेस मंडल प्रभारियों की नियुक्ति

जनकपुर/मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'संगठन सृजन अभियान' के तहत जनकपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जनकपुर और कोटाडोल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना और आगामी रणनीतियों पर चर्चा करना रहा। संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने के लिए जनकपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले चारों मंडलों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई। इसमें माड़ीसरई मंडल से रंगे लाल बैगा, जनकपुर से जयकरन सिंह, बहरासी से सेमलाल

बैगा और कुंवारपुर से कौशल पनिका को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार कोटाडोल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत दो मंडलों में नियुक्ति की गई, जिसमें कोटाडोल मंडल से वरुणेंद्र सिंह और मैनपुर से राम बहादुर बैगा को प्रभारी बनाया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक के दौरान वार्ड और पंचायत स्तर पर भी प्रभारियों की नियुक्ति को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, जिला महामंत्री अवधेश प्रताप सिंह, कोटाडोल ब्लॉक अध्यक्ष रामू सिंह, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मरावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

नवरात्रि अष्टमी पर विशेष पूजा-अर्चना

मुंगेली/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि पर्व में आज अष्टमी तिथि पर क्षेत्र के देवी मंदिरों में सुबह से भीड़ लगी रही। मंदिरों में दिन भर पूजन चढ़ोतरी होते रहा। मंदिरों में माता व ज्योति कलश के दर्शन के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर जाने के रास्ते पर स्ट्रीट लाईट बंद रहने से श्रद्धालु परेशान होते रहे।

नवरात्रि में अष्टमी तिथि पर सुबह से दिन भर देवी मंदिरो में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है। नगर के मध्य में स्थापित महामाया मंदिर, पंडरिया रोड में शक्तिमाई, खर्रीपारा में काली मंदिर, अंगार मोती मंदिर, दाउपारा में महामाया मंदिर, गायत्री मंदिर

मल्हापारा सहित अनेक मंदिरों में भक्तो का तांता लगा रहा। अष्टमी के अवसर पर विविध अनुष्ठान हुए। महिलाएं श्रृंगार की सामग्री एवं अठवाई चढ़ाने के लिए सुबह 5 बजे से ही मंदिर में पहुंच गए थे। सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में सुबह से लेकर रात्रि तक पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ लगी रही। पूरे विधि-विधान से माता का श्रृंगार किया गया। पूजा-अर्चना की गई। दूरदराज से माता के दर्शन करने आए भक्तों ने पूजा अर्चना की। फूल, मालाएं, श्रीफल और माता की श्रृंगार सामग्री चुनरी आदि अर्पित किए। वातावरण में भक्ति का माहौल बना हुआ है। पूरे नवरात्रि तक माता की भक्ति विशेष पूजा अर्चना मंदिरों में आयोजित हो रही है। इसके अलावा भोग भंडारा भी आयोजित की जा रही है।

शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम नागोपहरी मे अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब बिक्री परिवहन करने वाले ग्राम विचारपुर व निरजाम निवासी 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रकरण मे 2 आरोपियों से 80 पाव देशी प्लेन मदिरा 14.400 बल्क लीटर कीमती 6400 व परिवहनरत 1 नग स्कूटी, कीमती 15000 रूपये को जप्त किया गया। शराब तस्कर के विरूद्ध थाना फास्टरपुर सेतगंगा मे आबकारी एक्ट का अपराध धारा 32(2), 59 क आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल के द्वारा असामाजिक तत्वो एवं मादक पदार्थ बिक्री व तस्करी करने वालो के विरूद्ध ''ऑपरेशन बाज'' अभियान चलायी जाकर जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन मे अति.पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबडा एवं अति.पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी के मागदर्शन मे थाना फास्टरपुर-सेतगंगा एवं सायबर सेल द्वारा संयुक्त रूप से नशे के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये अधिक मात्रा मे शराब ब्रिकी हेतू परिवहन करने पर 01 प्रकरण मे 02 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

रमजान के संदेश के साथ बच्चों को शिक्षा और संस्कार की प्रेरणा

मुंगेली/नवप्रदेश। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में नन्हे रोजेदार सम्मान एवं ईद मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 11 वर्ष से कम उम्र के 50 से अधिक नन्हे बच्चों को प्रोत्साहित किया गया, जिन्होंने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ रोजे रखे।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज, रायपुर संभाग सचिव मोहम्मद शबाना, मुस्लिम समाज के मुतवल्ली सैय्यद वाजिद, सदर इशहाक खान,

पंडरिया अध्यक्ष हमीदुल्लाह खान, अल्पसंख्या नीति मंच के प्रदेश मंत्री मोहम्मद आलम सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे। मो. अलीम के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महीना सब्र, त्याग, इबादत और इंसानियत का संदेश देता है। विशेष रूप से छोटे बच्चों द्वारा रोजा रखना उनके अच्छे संस्कार और धार्मिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। साथ ही बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया गया, ताकि वे धार्मिक मूल्यों के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा में भी आगे बढ़ सकें। इस दौरान नन्हे रोजेदारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र और आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में सकारात्मक सोच, अनुशासन और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ÷माहे रमजान हमें सब्र, त्याग और इंसानियत की सीख देता है।

पेज 1 का शेष...

इजराइल का दावा- होर्मुज...

रुकावट आती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष और बढ़ सकता है।

ईरान की मदद कर सकते हैं हूती विद्रोही

यह यूरोप, एशिया और मिडिल ईस्ट को जोड़ने वाला अहम समुद्री रास्ता है। हर साल करीब 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 94 लाख करोड़ रुपये) का सामान इस रास्ते से गुजरता है। रोजाना लगभग 45 लाख बैरल तेल यहां से ट्रांसपोर्ट होता है। हालांकि, इसे बंद करना ईरान के लिए आसान नहीं है, क्योंकि यह स्ट्रेट ईरान से करीब 2500 किमी दूर है।

आईपीएस रतनलाल...

नया रायपुर पीएचक्यू निर्धारित किया गया है। इस दौरान वे सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे।

वीडियो कॉल से संपर्क करने का आरोप

शिकायत में महिला ने बताया कि आईपीएस डांगी उसे अपनी पत्नी की गैरमौजूदगी में बंगले में बुलाते थे। न आने पर पति के तबादले की धमकी देते थे। वीडियो कॉल के जरिए संपर्क करने का दबाव बनाते थे। महिला ने यह भी दावा किया है कि उसके पास कई आपत्तिजनक डिजिटल साक्ष्य मौजूद हैं। इस मामले की शिखायत रतनलाल डांगी ने की थी डीजीपी से की थी। उन्होंने महिला द्वारा ब्लैकमेलिंग का आरोप भी लगाया था।

बिलासपुर में बर्ड फ्लू...

के बाद भी चूजों और अंडों की सप्लाई संभागभर में जारी रही। वहीं, एहतियात के तौर पर 25 मार्च से 7 दिन के लिए कानन पेंडारी जू बंद कर दिया है। निगम की टीम ने चिकन अंडे की दुकाने बंद करवाई है, लेकिन लोग मनमानी फिर दुकानें खोल ले रहे हैं।

पूरे संभाग में हुई अंडे चुजों की सप्लाई : पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त संचालक जीएसएस तंवर ने बताया कि पूरे संभाग में अंडों और चुजों ककी सप्लाई हुई है। बिलासपुर जिले में 14 मार्च को 6 यूनिट सप्लाई हुई थी। 14 मार्च के बाद दूसरे जिलों में सप्लाई जारी रही। राज्यभर से इसके डाटा मंगाए जाएंगे।

रजत बंसल सीएम सचिवालय...

अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

वहीं, वर्ष 2016 बैच के आईएएस अधिकारी रवि मित्तल को भारत सरकार के आदेश के परिपालन में प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली में उप सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है। इसके लिए उन्हें 31 मार्च 2026 की अपराह्न से कार्यमुक्त किया जाएगा। उनकी प्रतिनियुक्ति अवधि चार वर्ष या आगामी आदेश तक निर्धारित की गई है।

डंपर से टकराकर बस में...

जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया।

पीएम मोदी ने की आर्थिक मदद की घोषणा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है।

पंजाब के राज्यपाल ने ...

पत्रकारों से बस्तर क्षेत्र की नक्सल प्रभावित स्थिति के बारे में भी विशेष रुचि लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामाजिक परिस्थितियों, विकास कार्यों तथा सुरक्षा व्यवस्था की वर्तमान स्थिति के बारे में प्रश्न पूछे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानने का प्रयास किया कि नक्सल समर्पण के बाद पूर्व उग्रवादियों के परिवारों और परिजनों को मुख्यधारा में शामिल करने की प्रक्रिया किस प्रकार आगे बढ़ रही है और समाज में उन्हें किस तरह स्वीकार किया जा रहा है।

राज्यपाल ने इस संदर्भ में कहा कि किसी भी क्षेत्र में स्थायी शांति और विकास के लिए केवल सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं होते, बल्कि सामाजिक समावेशन और पुनर्वास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह एक सकारात्मक संकेत है कि प्रभावित क्षेत्रों में धीरे-धीरे सामान्य स्थिति बहाल हो रही है।

राज्यपाल ने पंजाब में नशामुक्ति के लिए चलाए जा रहे व्यापक अभियान की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में नशीले पदार्थों की समस्या एक गंभीर चुनौती है, जिससे निपटने के लिए सरकार बहु-स्तरीय रणनीति के तहत कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सीमापार से नशीले पदार्थों और अवैध शस्त्रों की तस्करी एक प्रमुख समस्या है, जिस पर नियंत्रण के लिए सुरक्षा एजेंसियां निरंतर प्रयासरत हैं।

रायपुर में दो जगहों पर...

फर्मों के खिलाफ जीएसटी चोरी और फर्जी बिलिंग की शिकायत मिली थी। इसी आधार पर छापेमारी की गई है। जांच के दौरान दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डेटा को जब्त किया गया है।

सत्तापक्ष और विपक्ष ने अधिकारियों पर लगाए मनमानी के आरोप, भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष का भारी हंगामा, लगातार घिरते रहे कमिश्नर और राजस्व अधिकारी

भिलाई नगर निगम में 838 करोड़ का बजट पारित

भिलाई/नवप्रदेश। नगर निगम की बजट सभा में आज महापौर नीरज पॉल ने कुल 838 करोड़ का बजट पेश किया। दिन भर चली बैठक के बाद बजट पारित कर दिया गया। बजट को मंजूरी के लिये शासन को भेजा जाएगा। इससे पहले महापौर के बजट भाषण के फौरन बाद सदन में निगम अफसरों खास तौर पर निगम कमिश्नर राजीव पांडे की मनमानी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। निगम के वरिष्ठ पार्षद पीयूष मिश्रा ने निगम कमिश्नर पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने निगम एक्ट को ताक पर रखकर अलग-अलग मदों की राशि का उपयोग दूसरे मद में किये जाने पर कमिश्नर और राजस्व अधिकारी को घेरा। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा द्वारा महापौर समेत सत्तापक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार हंगामा हुआ। सत्तापक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है। अगर करप्शन हुआ है तो इसकी जांच क्यों नहीं कराई जा रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार ही करप्शन को बढ़ावा दे रही है। महापौर के बजट पेश करते ही पार्षद पीयूष मिश्रा ने बजट की टाइमलाइन को लेकर सवालों की झड़ी लगा दी। जवाब देते हुए निगम सचिव ने बताया कि निगम एक्ट के मुताबिक एमआईसी में 30 नवंबर तक बजट प्रस्ताव रखा जाना चाहिये। इसके बाद सामान्य सभा में बजट पेश होता है। पीयूष ने कहा कि निगम एक्ट के अनुसार तय समयसीमा में बजट पेश नहीं किया गया। यह निगम अधिकारियों की मनमानी का उदाहरण है। बाद में नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने आरोप लगाया कि हर साल अनुमानित बजट का लुभावना सपना दिखाया जाता है। बजट के अनुसार शहर का विकास नहीं किया गया है। उन्होंने निगम मद से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के ठेकेदार को को 40 करोड़ का भुगतान करने पर भी तीखी आपत्ति जताई। शहर के नागरिकों से पैनल चार्ज वसूलने और संपत्ति कर में विधवा, दिव्यांगजनों को 50 प्रतिशत की छूट न मिलने पर भी सवाल उठाए। सिन्हा ने कहा कि केवल भिलाई में पैनल चार्ज वसूल किया जा रहा है। महापौर बताएं कि नागरिकों का पैनल चार्ज माफहोगा या नहीं। उन्होंने दिव्यांगो और विधवा महिलाओं को संपत्तिकर में 50 प्रतिशत छूट देने का प्रावधान लागू करने की मांग भी की। नेता प्रतिपक्ष ने 2000 प्लेसमेंट कर्मचारियों के पीएफ की राशि जमा न करने का मामला भी उठाया।

वरिष्ठ पार्षद पीयूष मिश्रा ने शिक्षा उपकर की राशि का उपयोग स्कूलों के संधारण की बजाय दूसरे मद में खर्च करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसके आदेश से शिक्षा उपकर की राशि दूसरे मदों में खर्च की जा रही है। इस मामले को लेकर उन्होंने निगम कमिश्नर से जवाब मांगा। पीयूष ने कहा कि शिक्षा उपकर की राशि का उपयोग निगम मद में डालना आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है। महापौर नीरज पॉल ने भी जोर देकर कहा कि जिस मद की राशि है, उसी मद में राशि का उपयोग किया जाना चाहिये।

सवालों में घिरते रहे कमिश्नर और अफसर

बजट सभा के दौरान निगम कमिश्नर और राजस्व अधिकारी की लगातार घेरेबंदी की गई। शिक्षा उपकर सहित अन्य मदों की राशि का उपयोग वेतन भुगतान सहित अन्य मदों में खर्च किये जाने पर निगम कमिश्नर राजीव पांडेय ने सदन को बताया कि दूसरे मद में राशि के उपयोग का मामला शासन की जानकारी में है। नगर निगम में वेतन सहित स्थापना व्यय में काफी राशि खर्च होती है। निगम की आय से वेतन भत्ते की राशि का भुगतान नहीं किया जा सकता है। नगर निगम की आमदनी शीघ्र बेहतर होगी। इसके बाद 4 करोड़ की शिक्षा उपकर की राशि का उपयोग स्कूलों से संबंधित कार्य में ही किया जाएगा।

आयुक्त बोले - बुद्धिपूर्वक चर्चा होगी तो बैठूंगा, भड़के पार्षदों ने आयुक्त को हटाने की मांग की

सदन में पार्षदों के सवालों से लगातार घिरने के बाद आयुक्त राजीव पांडेय ने सदन में कह दिया कि बुद्धिपूर्वक चर्चा होगी तो ही वे सदन में बैठेंगे। इस पर कांग्रेस और बीजेपी पार्षदों ने तीखा विरोध जताते हुए आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव पर महापौर नीरज पाल सहित सभी पार्षदों ने हस्ताक्षर किए।

सभा खत्म होने के बाद महापौर नीरज पाल ने कहा कि आयुक्त ने अमर्यादित भाषा में बात की है। वो कह रहे थे कि बुद्धिपूर्वक बात करिए। सवाल ये है कि क्या हम हंसी-मजाक कर रहे थे। नेता प्रतिपक्ष भोजराम सिन्हा ने आयुक्त के शब्दों की निंदा की। इधर, आयुक्त राजीव पांडेय ने कहा कि किसी भी सवाल का जवाब एमआईसी सदस्यों को देना चाहिए। संबंधित प्रभारी के जवाब के बाद सभापति के कहने पर अधिकारी जवाब देंगे। इस मुद्दे पर पार्षदों को बुरा लगा है।

सामान्य सभा की मंजूरी के बिना कैसे किया टेंडर

विपक्षी भाजपा पार्षदों ने प्लाटों की बिक्री के मामले में भी निगम कमिश्नर राजीव पांडे को घेरा। पार्षदों ने कहा कि सफाई कार्य करने वाली जिस एजेंसी पर भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के आरोप लगते रहे हैं, उसी एजेंसी को प्राथमिकता से भुगतान किया जा रहा है। भाजपा पार्षद संतोष मौर्य ने आरोप लगाया कि सामान्य सभा में प्रस्ताव लाए बिना 22 करोड़ से अधिक राशि का टेंडर कैसे कर दिया गया। जोन 1 के आयुक्त पर बिफरते हुए पार्षद पीयूष मिश्रा ने तीखे लहजे में कहा कि 22 करोड़ का सीवरेज टेंडर किसके कहने पर किया गया। इस दौरान महापौर ने अधिकारियों को जिम्मेदारी से जवाब देने कहा। पार्षदों ने सवाल किया कि पूर्व में सफाई को लेकर जांच कमेटी की रिपोर्ट का क्या हुआ। पेवर ब्लॉक, शिक्षा उपकर की राशि, नामांतरण सहित अन्य मामलों में भी जांच कमेटी का गठन किया गया। जांच की रिपोर्ट कहां है और सदन के समक्ष कब पेश किया जाएगा।

अफीम के नशे में चल रही सरकार

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा बजट सभा में सूटकेस लेकर आए थे। उन्होंने सूटकेस खोलते हुए कागजों का पुलिंदा दिखाते हुए कहा कि पेवल ब्लाक मामले में गड़बड़ी, ठेकेदारों को भुगतान सहित सफाई कार्य में हुए भ्रष्टाचार में सत्तापक्ष शामिल है। सिन्हा के इतना कहते ही एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, पार्षद के जगदीश ने सत्तापक्ष की ओर से मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने कहा कि राज्य में सुशासन की सरकार गड़बड़ी के आरोपों की जांच क्यों नहीं करा रही। प्रदेश की भाजपा सरकार भ्रष्ट है। करप्शन को भाजपा सरकार ही संरक्षण दे रही है। इस मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस होती रही। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि अफीम के नशे में चल रही प्रदेश सरकार गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की जांच नहीं कराई जा रही है।

न्यूज गैलरी

डीएमसी प्रीमियर लीग में नरसिम्हा पावर हीटर कुम्हारी विजेता

कुम्हारी। डी एम सी प्रीमियर लीग कुम्हारी का फाइनल मैच नरसिम्हा पावर हीटर और सीजे टाइटन में मध्य खेला गया जिसमे नरसिम्हा पावर हीटर कुम्हारी ने 17 रनों से जीत हासिल की। करण कुमार 36 रन बनाकर मेन ऑफ द मैच रहे। लीग मैच में कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया था। विगत 6 वर्षो से लगातार इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मैच में कमेंट्री उमेश ने किया और कार्यक्रम का संचालन इमरान रिज़वी ने किया। पूरे आयोजन में वेद प्रकाश साहू, रवि वाधवानी, डॉ टिकेंद्र पटेल, दीपक गोस्वामी, पूर्व पार्षद राजू राव, आलोक सिंह, निज़ाम, राजू मंडल, राकेश, राजेश, शुभम, मनीष, विपुल दुबे, निरंजन, चमन, हितेश, सुमित खोडिय़ार और देवाशीष सक्रिय रहे।

सेमरिया में अहाता निर्माण, 6 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा क्षेत्र साजा में विकास कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। साजा विधानसभा क्षेत्र विधायक ईश्वर साहू द्वारा अनुशंसित इस कार्य के लिए 6 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि से विकासखंड धमधा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरिया में सेन भवन के पास अहाता निर्माण का कार्य कराया जाएगा। इस कार्य के संपादन के लिए क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमधा को नियुक्त किया गया है।

वेल्डिंग एवं गैस कटिंग में सुरक्षा पर प्रशिक्षण

भिलाई। सेल-बीएसपी के एसपी-3 विभाग द्वारा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत वेल्डिंग एवं गैस कटिंग में सुरक्षा विषय पर विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन प्रेरणा विकास केंद्र, एसपी-3 में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य उच्च जोखिम वाले कार्यों में सुरक्षा जागरूकता को सुदृढ़ करना और सुरक्षित कार्य व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा। सत्र का संचालन औद्योगिक विशेषज्ञ महाप्रबंधक (मार्स-3) एवं सचिव, आईआईडब्ल्यू भिलाई चैप्टर राजेश अग्रवाल और कनिष्ठ कार्यपालक सहायक (मार्स) व राष्ट्रीय वेल्डिंग प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता परमेश्वर लाटिया ने किया। महाप्रबंधक (एलडीसीपी) व संयुक्त सचिव, आईआईडब्ल्यू भिलाई चैप्टर वीके ओगले, उप महाप्रबंधक (एसपी-3) एमयू राव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीस के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षित वेल्डिंग एवं गैस कटिंग प्रक्रियाओं, संभावित खतरों की पहचान, मानक संचालन प्रक्रियाओं के पालन और कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग पर विशेष बल दिया गया।

बोरसी उपकेंद्र की क्षमता में वृद्धि, 14,500 उपभोक्ताओं को मिलेगी बिजली

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा दुर्ग क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल के दिशा-निर्देशों एवं अधीक्षण अभियंता (नगर वृत्त दुर्ग) जे. जगन्नाथ प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में बोरसी जोन के अंतर्गत 33/11 केवी बोरसी उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता का आवर्धन सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। उपकेंद्र में बढ़ते लोड को देखते हुए 3.15 एमवीए के ट्रांसफार्मर को बदलकर 5 एमवीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया। लगभग 60 लाख 38 हजार रुपये की लागत से संपन्न हुए इस कार्य से बोरसी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था काफी सुदृढ़ होगी। उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि से क्षेत्र के लगभग 14,500 से अधिक घरेलू एवं गैर-घरेलू उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। अब उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी और गर्मी में बढ़ते लोड को बेहतर और स्थिर वोल्टेज के साथ बिजली मिल सकेगी।

भिलाई इस्पात संयंत्र में एबीएमएस की उच्च- स्तरीय प्रबंधन समीक्षा

भिलाई/नवप्रदेश। आईएसओ 37001:2016 के अंतर्गत एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम (एबीएमएस) के लिए प्रमाणित भिलाई स्टील प्लांट में विगत दिनों इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सम्मेलन कक्ष में उच्च-स्तरीय 'टॉप मैनेजमेंट रिव्यू मीटिंग' आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने की। इस अवसर पर संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के अधिकारीगण कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक (परियोजना) पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान) और सीएमएलओ कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक (रावघाट) और सीएमएलओ अरुण कुमार, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) एवं मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन एवं सीएसआर) उत्पल दत्ता सहित सभी मुख्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं अतिरिक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा अतिरिक्त मुख्य एबीएमएस अधिकारी सुनील सिंघल द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने अवगत कराया कि भिलाई इस्पात संयंत्र को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा 9 जनवरी 2024 से आईएस/आईएसओ 37001:2016 प्रमाणपत्र प्रदान किया गया और वर्तमान में संयंत्र के लगभग 34 विभाग एवं अनुभाग इस प्रणाली के अंतर्गत प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं।

निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक के दौरान पारदर्शिता एवं नैतिकता को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें कर्मचारियों के मध्य एबीएमएस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संयंत्र के प्रमुख स्थानों पर पोस्टर एवं बैनर प्रदर्शित करने, एबीएमएस विषयक प्रशिक्षण सामग्री तैयार कर 'आईगॉट कर्मयोगी' प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य पाठ्यक्रम के रूप में उपलब्ध कराने और संवेदनशील विभागों व अनुभागों की पुनः समीक्षा कर निगरानी तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने जैसे निर्देश शामिल रहे।

इस अवसर पर सतर्कता विभाग के महाप्रबंधकगण संदीप गुप्ता, रेणु गुप्ता, दीप्ति राज, सहायक महाप्रबंधक हिमांशु दवे, वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल, सहायक प्रबंधक प्रफुल्ल करोड़े, राम प्रवेश कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मिनी बस ने बाइक को टक्कर मारी, दो की मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। धमधा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। 24 मार्च को शाम करीब 6:30 बजे ग्राम गिरहोला निवासी हरीश चंद्र यादव (48 वर्ष) और भोले यादव (35 वर्ष) अपने भतीजे की बारात से लौट रहे थे। उनकी मोटरसाइकिल को एक तेज रफ्तार मिनी बस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना स्वामी आत्मानंद स्कूल और कलश मंदिर के बीच मुख्य मार्ग पर हुई। मृतक हरीश चंद्र यादव और भोले यादव अपनी पल्सर मोटरसाइकिल (सीजी 07 सीएक्स 7712) से बरहापुर से धमधा लौट रहे थे। इसी दौरान खैरागढ़ की ओर जा रही एक मिनी बस (सीजी 07 ई 0669) ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस की रफ्तार काफी तेज थी। बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही धमधा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। मृतक अपने भतीजे प्रहलाद यादव की बारात में शामिल होने धमधा आए थे।

भिलाई में सट्टा-जुआ, 9 आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। अवैध सट्टा और जुआ के खिलाफ अभियान छेड़ते हुए पुलिस ने भिलाई नगर और पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने नगद रकम, मोबाइल फोन, सट्टा पट्टी के साथ कुल 2 लाख 51 हजार रुपए की सामग्री जप्त की है। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम और बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-5 क्रॉस स्ट्रीट-4 में मंच के पास कुछ लोग सट्टा पट्टी लिख रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर चार लोगों को सट्टा लिखते हुए पकड़ लिया। आरोपियों के पास से नगद रकम और कई मोबाइल फोन जप्त किए गए। इस मामले में संजय सेनापति, संतोष कुमार चौहान, दिनेश कुमार और मनीष को गिरफ्तार किया गया है। जप्त सामान की कुल कीमत करीब 43 हजार रुपए बताई गई है। दूसरी कार्रवाई पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के भिलाई-3 में नूतन चौक शिव मंदिर के पास की गई। यहां कुछ लोग अंकों के आधार पर रुपये का दांव लगाकर सट्टा-जुआ चला रहे हैं। थाना पुरानी भिलाई और क्राइम टीम ने संयुक्त रूप से दबिश देकर मौके पर पांच लोगों को सट्टा संचालित करते हुए पकड़ा। आरोपियों के पास से 1 लाख 67 हजार 600 रुपए नगद, 6 मोबाइल फोन, सट्टा पट्टी, रजिस्टर, कैलकुलेटर व अन्य सामान जप्त किया गया। कुल जप्ती 2 लाख 8 हजार 600 रुपए की बताई गई है। इस मामले में राजेश सचदेव, रवि बिसाई, मानसिंग यादव, मोहन साहू और धर्मेश सोनी को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

अमृत भारत योजना से हो रहा मरौदा रेलवे स्टेशन का विकास

भिलाई/नवप्रदेश। सांसद विजय बघेल के अतारांकित प्रश्न संख्या- 5430 के उत्तर में आज, लोक सभा में केन्द्रीय रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मरौदा रेलवे स्टेशन के विकास के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

6 आरोपियों को 10-10 साल की सजा

दुर्ग/नवप्रदेश। पंचम अपर सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार कोशले की अदालत ने बहुचर्चित भिलाई हत्याकांड में फैसला सुनाते हुए सभी 6 आरोपियों को दोषी माना है। कोर्ट ने मामले को धारा 302 के बजाय धारा 304 भाग-2 के तहत गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में रखते हुए आरोपियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने भूपेश देवदास, ब्रिजेश उर्फबिजू, हरीश कुमार घृतलहरे, समीर खान उर्फ अमन, अजय उर्फ अज्जू भदौरिया, पंकज कुमार लाउत्रे को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 500-500 रुपए अर्थदंड लगाया गया है घटना 20 सितंबर 2022 को रात करीब 11 बजे अब्दुल ग्यासू उर्फ बाबा कुरैशी अपने साथियों के साथ खाना खाने जा रहा था। कार में आरोपी भी मौजूद थे। भगत सिंह चौक, वैशाली नगर के पास कार खराब हो गई। आरोपियों ने गाड़ी धक्का लगाने के लिए कहा। इंकार करने पर विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते झगड़ा बढ़ गया। आरोपियों ने ग्यासू पर हाथ-मुक्कों, ईंट, चाकू से हमला किया। हमले के बाद आरोपी गंभीर रूप से घायल ग्यासू को छोड़कर भाग निकले। परिजनों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा संख्या: 101-एन एन टी-परियोजना- निविदा 2026, दिनांक: 23.03.2026

कार्य का नाम: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों के कम घनत्व वाले नेटवर्क पर संरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण प्रणालियों जैसे बीपीएसी/एमएसडीएसी/इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग/युएफएसबीआई/कवच के लिए ओएफसी बैकबोन का प्रावधान।

निविदा मूल्य- ₹ 228,25,14,686.00/- (रूपये दो सौ अट्ठाईस करोड़ पच्चीस लाख चौदह हजार छः सौ छियासी मात्र), अमानत राशि- ₹ 1,00,00,000.00/- (रूपये एक करोड़ मात्र)।

निविदा जमा करने की तिथि तथा समय: दिनांक: 17.04.2026 के 16.30 बजे तक।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है, उससे देख सकते हैं।

उप मुख्य सिग. एवं दूर. इंजी.(परि.-II)
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/785

South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिका परिषद सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

Email Address - cmonppsaraipali@gmail.com

क्रमांक / 1322/न.पा.प. / लो.नि.वि/2025-26 सरायपाली, दिनांक 24/03/26

//ईश्तहार//

नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत शिशुपाल गृह निर्माण सहाकरी समिति मर्या. सरायपाली कॉलोनी का विकास कार्य पूर्ण होते तक नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अधीन 12 प्रतिशत भूमि का भू-खण्ड क्र. 21, 26, 27, 33, 34, 39, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 48, 50, 58, 93, 102, 108, 126, 131 SQM 205.94, 214.46, 205.94, 205.29, 205.29, 224.48, 207.09, 208.35, 209.58, 223.82, 240.43, 232.49, 201.24, 216.61, 200.74, 126.67, 191.61, 211.11, 124.09 में उल्लेखित क्षेत्रफल को बंधक रखा जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सरायपाली

कार्यालय नगर पालिका परिषद् बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ0ग0)

Email ID - nagarpanchayatbijapur@rediffmail.com

क्रमांक/1308/लो.नि.शा./न.पा. परि. / 2025-26 **बीजापुर, दिनांक 25/03/2026**

-:: मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना ::-

नगरपालिका परिषद् बीजापुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/एजेंसी/ठेकेदारों से छ.ग.लो.नि.वि. द्वारा भवन निर्माण कार्य हेतु दिनांक 01/01/2015, सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्य हेतु दिनांक 01/01/2025 को जारी एस.ओ.आर. तथा निविदा दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर. के आधार पर निविदा प्रपत्र "अ" में कम / बराबर / अधिक प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है -

(1) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय - 15/04/2026 समय 05:30 बजे तक
(2) निविदा प्रपत्र प्रदायगी की अंतिम तिथि एवं समय - 17/04/2026 समय 05:30 बजे तक
(3) निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 22/04/2026 समय 04:00 बजे तक
(4) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय - 22/04/2026 समय 04:30 बजे से

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	नवीन उचित मूल्य की दुकान भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक-07 (द्वितीय निविदा)	9.45	7100/-	750/-
2	नवीन उचित मूल्य की दुकान भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक-11 (द्वितीय निविदा)	9.45	7100/-	750/-
3	नवीन उचित मूल्य की दुकान भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक-12 (द्वितीय निविदा)	9.45	7100/-	750/-
4	नवीन उचित मूल्य की दुकान भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक-13 (द्वितीय निविदा)	9.45	7100/-	750/-
5	आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य सुरेश के घर के पास वार्ड क्रमांक -12 बीजापुर (द्वितीय निविदा)	2.60	2600/-	750/-
6	02 मीटर स्पान आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य मांझीपारा वार्ड क्रमांक-03 बीजापुर (द्वितीय निविदा)	6.99	5300/-	750/-
7	वार्ड क्रमांक-12 में पायम किस्टैया के धर के पास आर.सी.सी. कलवर्ट निर्माण कार्य (प्रथम निविदा)	8.62	6500/-	750/-
8	वार्ड क्रमांक -14 में सुखलाल के घर से बालक आश्रम तक, अटल आवास, आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (प्रथम निविदा)	5.20	5000/-	750/-
9	वार्ड क्रमांक - 14 में भूमि निषाद के घर से एगड़ी के घर तक, अटल आवास, आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (प्रथम निविदा)	2.60	2600/-	750/-

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, बीजापुर

भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना की राशि वितरण से हितग्राहियों में खुशी

■ **भाजपा नेताओं ने कहा मोदी की गारंटी को पूरा कर रही सुशासन की विष्णुदेव सरकार**

गरियाबंद /नवप्रदेश।। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत हितग्राहियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित किए जाने पर जिलेभर में खुशी का माहौल देखा गया। योजना की एकमुश्त राशि मिलने से भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक संबल मिला है और उनके जीवन स्तर में सुधार के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति भी प्रदान करेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा और मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना गरीब, भूमिहीन और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। इस योजना से गरियाबंद के 17 हजार 575 पात्र हितग्राही लाभान्वित हुए हैं, जिनके बैंक खाते में 17 करोड़ 57 लाख 50 हजार की राशि डीबीटी के माध्यम से राशि दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा नेताओं ने

कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन की दिशा में लगातार काम हो रहा है और मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारा जा रहा है। भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता प्रदान कर सरकार ने यह साबित किया है कि वह गरीबों के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए गंभीर है। उन्होंने आगे कहा कि इस योजना से हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिला है, जिससे उनके दैनिक जीवन में आर्थिक मजबूती आएगी। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है और आने वाले समय में भी ऐसे जनहितकारी फैसले लिए जाते रहेंगे।

राशि प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने भी सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए बेहद उपयोगी साबित होगी और इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। योजना के तहत मिली राशि से वे अपनी जरूरी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन की विष्णुदेव सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है और मोदी की गारंटी को पूरी मजबूती के साथ लागू किया जा रहा है।

रामनवमी को लेकर नगरी में भव्य सजावट

नगरी / नवप्रदेश। श्रीराम जन्मोत्सव (राम नवमी) के पावन अवसर को लेकर नगरी नगर में हिंदू संगठनों द्वारा व्यापक स्तर पर भव्य सजावट की गई है।

संक्षिप्त खबरें

भटगांव कदम चौक में श्री अखंड नवधा रामायण कथा का आयोजन

भटगांव / नवप्रदेश। नगर भटगांव में वर्षों बित गया अब जाकर कदम चौक में श्री अखंड नवधा रामायण कथा का आयोजन किया गया है जिसमें नव दिनों तक चलेगा जिसमें आसपास के रामायण मंडली अपने-अपने गांव क्षेत्र के रामायण मंडली को लेकर नगर में चल रहे अखंड नवधा रामायण कथा में में प्रभु श्रीराम चद्र जी कथा को गाकर ,सुन कर, भजन - कीर्तन कर, प्रभु राम की कृपा पात्र बन रहे हैं इस अखंड नवधा रामायण कथा में अच्छे भजन कीर्तन प्रवचन टिका करने वाले रामायणीक मंडली को पुरस्कृत किया जाएगा जिसमें पहला इनाम 21001, दुसरा 17001, तीसरा 15001 , चौथा 13001, पांचवा 10001, छठवां 7001, सातवां 5001, आठवां 4001,नवा 3001,दसवां 2001, ग्यारहवां 1001ऊपये ग्यारह वां तक ईनाम रखा गया है मोमेंटो स्मृति चिह्न दिया जाएगा इस कार्यक्रम के पदाधिकारी - संरक्षक- मुरारी लाल आदित्य,उपसंरक्षक -दादू लाल साहू ,तुलसी आदित्य,अध्यक्ष- काशीराम आदित्य , उपाध्यक्ष- गणेश यादव, बिहारी लाल आदित्य ,विनोद आदित्य, कोषाध्यक्ष- संतोष यादव, सचिव- मनोज साहू अखंड नवधा रामायण कथा के यजमान- मुरारी लाल आदित्य -श्रीमती उषा आदित्य, कथा आचार्य पंडित प्रशांत दुबे है अखंड नवधा रामायण कथा का विशेष सहयोगी कदम चौक महिला समिति एवं नवयुवकगण। विनीत - कदम चौक मोहल्लावासी भटगांव।

जिले के मंडल प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की सूची जारी

गरियाबंद / नवप्रदेश। । भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जिले के मंडल प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की सूची जारी की है। इस सूची में सभी मंडलों के लिए अनुभवी पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती मिलेगी। भाजपा जिला संगठन के जिला प्रभारी अमित चिमनीनी की सहमति से जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने मंडल के प्रभारी सह प्रभारी की घोषणा की।जारी सूची के अनुसार मंडल प्रभारी गरियाबंद में चंद्रशेखर साहू, राजिम में डॉ. आशीष शर्मा, फिंगेश्वर में मुरलीधर सिन्हा तथा कोपरा में प्रभारी ईश्वर साहू एवं सह प्रभारी अजय रोहरा को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार छुरा में प्रीतम सिन्हा, खड़मा में प्रभारी जगदीश यादव एवं सह प्रभारी शिवांगी चतुर्वेदी, मलेवांचल में पारस ठाकुर, बिंद्रानवागढ़ में सुरेंद्र सोनटेके तथा मैनपुर में गुरुनारायण तिवारी को जिम्मेदारी दी गई है।इसके अलावा मंडल प्रभारी गोहरापदर में योगेश शर्मा, कांदाडोंगर में पुनीत राम सिन्हा, देवभोग में प्रभारी पदुलोचन जगत एवं सह प्रभारी सीताराम यादव तथा झाखरपारा में प्रभारी मनीष सिन्हा एवं सह प्रभारी योगीराम माखन कश्यप को संगठन की कमान सौंपी गई है। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने सभी प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे संगठन के विस्तार के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

45 नग कॉमर्शियल सिलेंडर जब्त

खरोरा / नवप्रदेश। थाना खरोरा पुलिस द्वारा गैस किल्लत समस्या को देखते हुए ? पीकप वाहन क्र.ष्ट्त 04 त्तय़ 6282 से सिलेंडर किया गया जप्त थाना खरोरा जिला-रायपुर (ग्रामीण)धारा-106 BNSS के तहत कार्यवाही जिनसे सिलेंडर बरामद नाम/पता 1.गिनेश्वर प्रसाद पिता लेखराम साहू उम्र-32 पता- कुरूद वार्ड क्र.01लीला चौक थाना आरंग जिला-रायपुर 2.लादू राम पिता रामरख राम उम्र-29 साल पता- बिकमकोर कड़वासरा केडाने मोहल्ला थाना मतोड़ा जिला- जोधपुर (राजस्थान) हालपता- बालाजी होटल रसनी थाना आरंग जिला-रायपुर आज दिनांक 25/03/26 को जरिए मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम चिचोली शान ए पंजाब ढ़ाबा के सामने मेनरोड में वाहन पिकअप सफेद रंग क्रमांक ष्ट्त 04 त्तय़ 6282 के डाला में अधिक मात्रा में भरा हुआ कॉमर्शियल सिलेंडर रखा हुआ है, गाड़ी में दो लोग बैठे हुए है। सिलेंडर को बेचने के लिये ग्राहक की तलाश कर रहे है जिस पर तस्दीक हेतु मुखबीर द्वारा बताये स्थान ग्राम चिचोली शान ए पंजाब ढ़ाबा के सामने तिल्या-खरोरा मेन रोड पहुंचा जहां पर वाहन पिकअप सफेद रंग क्रमांक ष्ट्त 04 त्तय़ 6282 के डाला में लाल रंग का एक इंडियन कंपनी का खाली सिलेंडर एवं लाल नीला रंग का 37 नग श्री छत्तीसगढ़ गैस लिखा हुआ 21 किलोग्राम वाला भरा हुआ सिलेंडर तथा लाल नीला रंग का 07 नग श्री छत्तीसगढ़ गैस लिखा हुआ खाली सिलेंडर पाया गया । जिसे गवाहो के समक्ष बरामद कर ड्रायवर गिनेश्वर प्रसाद साहू एवं कंडक्टर लावू राम* को दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई दस्तावेज पेश नहीं करते हुए कागजात मालिक भुपेश्वर प्रसाद साहू के पास होना तथा उसी के हिसाब से काम करने बताये। ड्रायवर गिनेश्वर प्रसाद साहू एवं कंडक्टर लादूराम के संयुक्त कब्जे से एक पिकअप सफेद रंग जिसमें आगे-पीछे दोनो नंबर प्लेट में ष्ट्त 04 त्तय़ 6282 अंकित है पुरानी इस्तेमाली *किमती लगभग 10,00,000 रूपये* तथा लाल रंग का एक इंडियन कंपनी का खाली सिलेंडर सील खुला हुआ एवं लाल नीला रंग का 37 नग श्री छत्तीसगढ़ गैस लिखा हुआ 21 किलोग्राम बाला भरा हुआ सिलेंडर सीलबंद 07 नग श्री छत्तीसगढ़ गैस लिखा हुआ खाली सिलेंडर अनुमानित कीमत 74,000 रूपये रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर धारा-106 भा.ना.सु.सं. के तहत कार्यवाही करते हुए मामला खाद्य विभाग से संबंधित होने से अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतू खाद्य निरीक्षक शुभा गुप्ता को 45 नग सिलेंडर वाहन चालक एवं कंडेक्टर को संपूर्ण दस्तावेज सुपुर्द किया गया।

अनुमति 10 पेड़ों की, कटे 50 से अधिक, जेसीबी से समतलीकरण, प्रशासनिक चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

अधिकार की आड़ में हरियाली पर प्रहार!

n **हरियाली से वीरानी तक का बदला मंजर**

छुरा/नवप्रदेश। छुरा विकासखंड के ग्राम नयापारा स्थित राजस्व क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई का मामला सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार लगभग 7.26 एकड़ भूमि, जो डिप्टी कलेक्टर तुलसीराम मरकाम की धर्मपत्नी प्रभातबेला मरकाम के नाम दर्ज बताई जा रही है, वहां दो जेसीबी मशीनों के माध्यम से 50 से अधिक पेड़ों को काट दिया गया। कुछ ही महीनों पहले तक यह क्षेत्र घने वृक्षों और प्राकृतिक हरियाली से आच्छादित था जहां स्थानीय लोग इसे छोटे जंगल के रूप में पहचानते थे। अब वही इलाका पूरी तरह समतल और बंजर नजर आ रहा है।

औषधीय, फलदार और इमारती पेड़ों का व्यापक नुकसान-

ग्रामीणों के मुताबिक कटाई के दौरान पीपल जैसे औषधीय वृक्ष, महुआ जैसे फलदार पेड़ और साजा जैसे बहुमूल्य इमारती लकड़ी देने वाले वृक्ष बड़ी संख्या में नष्ट कर दिए गए। इसके अलावा कई छोटे-बड़े वन औषधीय पौधे भी इस कार्रवाई की भेंट चढ़ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र पर्यावरणीय संतुलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण था, जहां पक्षियों का बसेरा, छांव और जैव विविधता का अच्छा खासा विस्तार था। पेड़ों के इस अंधाधुंध सफाये से न केवल प्राकृतिक संतुलन बिगड़ा है, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका और पारंपरिक संसाधनों पर भी असर पड़ा है।

क्या नियमों की अनदेखी कर की गई कार्रवाई?

इस पूरे घटनाक्रम ने नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आमतौर पर इस तरह की पेड़ कटाई के लिए संबंधित विभाग से अनुमति लेना, सीमित संख्या में कटाई करना और पर्यावरणीय मानकों का पालन करना अनिवार्य होता है। लेकिन यहां जिस तरह भारी मशीनों का उपयोग कर बड़े पैमाने पर पेड़ों को उखाड़ा गया, उससे यह आशंका जताई जा रही है कि नियमों को ताक पर रखकर कार्रवाई की गई। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि यही कार्य किसी आम नागरिक द्वारा किया जाता, तो अब तक कड़ी कार्रवाई हो चुकी होती।

सूचना के बाद भी प्रशासन की धीमी प्रतिक्रिया

मामले की सूचना मिलते ही छुरा एसडीएम और तहसीलदार को अवगत कराया गया। तहसीलदार मौके पर पहुंचे भी, लेकिन तब तक दर्जनों पेड़ काटे जा चुके थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि मौके पर मौजूद जेसीबी मशीनों को न तो जब्त किया गया और न ही कटाई को तत्काल प्रभाव से रोके जाने के ठोस प्रयास नजर आए। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली और गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं।

अनुमति से कई गुना अधिक कटाई का आरोप

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार इस भूमि पर केवल 10 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई थी, लेकिन मौके पर 50 से अधिक पेड़ों के कटने की बात सामने आ रही है। यदि यह तथ्य सही पाया जाता है, तो यह स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है और संबंधित पक्षों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जरूरत बनती है।

भूस्वामी और प्रशासन का पक्ष-इस मामले में डिप्टी कलेक्टर तुलसीराम मरकाम ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उक्त भूमि को लीज पर दिया गया है, जहां सोलर प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि पेड़ों की कटाई एसडीएम कार्यालय के निर्देशानुसार की जा रही है।

वहीं, एसडीएम अंजलि खालखो ने स्पष्ट किया कि केवल 10 पेड़ों की कटाई की अनुमति प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित सीमा से अधिक पेड़ काटे गए हैं, तो इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अब निगाहें कार्रवाई पर टिकी

घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी किसी ठोस कार्रवाई का सामने नहीं आना लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर सच्चाई सामने लाता है या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह समय के साथ ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

2 अप्रैल को हनुमान मंदिर में ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा

छुईखदान/ नवप्रदेश। ।दनिया अतरिया उदयपुर हनईबन अंचल इन दिनों भक्ति और जनजागरण की लहर में डूबा हुआ है। जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोष के बीच 02 अप्रैल 2026 को नवनिर्मित किसान हनुमान मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होगा। यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि 55 गांवों की एकता, सामाजिक समरसता और किसानों के अधिकारों के संघर्ष का प्रतीक बन गया है।

55 गांवों की शक्ति, जनआंदोलन का रूप-हर गांव से लोग तन-मन-धन से योगदान दे रहे हैं। महिलाएं मंगलगीत गा रही हैं, युवा व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं और बुजुर्ग मार्गदर्शन दे रहे हैं- जिससे यह आयोजन एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

छह दिवसीय भक्ति महोत्सव 28 मार्च से शुरू होकर 02 अप्रैल तक चलने वाले इस आयोजन में शोभायात्रा, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला होगी।

अखंड राम नाम जाप और वैदिक अनुष्ठान-01 अप्रैल सुबह 9 बजे से 02 अप्रैल तक 24 घंटे का अखंड राम नाम जाप होगा। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना भी आयोजित की जाएगी।

भूमिहिन मजदूरों के खातों में आई रकम, खिले चेहरे

भटगांव // नवप्रदेश। - नगर पंचायत भटगांव के सभा कक्ष में पं.दीनदयाल उपाध्याय भूमिहिन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम रखा गया जिसमें

पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहिन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत राज्य भर में हितग्राहियों को राशि का वितरण सीधे उनके खाते में आज मुख्यमंत्री विष्णु देव सा बलौदाबाजार के चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकंडरी स्कूल मैदान के कार्यक्रम से बटन दबाकर भेजेंगे। जिसका लाईव टेलीकास्ट

नगर पंचायत के सभाकक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा गया। वहीं जो पात्र हितग्राही है उनके खाते में सीधे सलाना 10 हजार रूपये जायेंगे साथ ही नगर पंचायत सभाकक्ष में पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें भटगांव तहसील तथा सरसीवां तहसील क्षेत्र से 2423 हितग्राहीयो को प्रमाण पत्र लेने व 10 हजार रुपए मिलने की खुशी, उत्साह हितग्राहीयो के चेहरे खिले नज़र आये। इस कार्यक्रम में जिसमें नगर पंचायत, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, नगर पंचायत पार्षदगण व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ प्रफुल्ल रजक, तहसीलदार भटगांव निलीमा अग्रवाल सहित नगर पंचायत के पार्षदगण, तथा हितग्राही नगर पंचायत अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

चारामा/ नवप्रदेश। नवरात्र के आठव दिन अष्टमी और नवमी का पर्व एक साथ मनाया गया, माता के मंदिरो में सुबह अष्टमी हवन आरती के बाद कन्याभोज का आयोजन किया गया, कई मंदिरो में सिर्फहवन किया गया और कन्याभोज नवमी की सुबह शुक्रवार को किया जायेगा। जिसके बाद जवारा और ज्योत विसर्जन किया जायेगा।

कांग्रेस का बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर

महासमुंद/ नवप्रदेश। संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने संगठन विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों सहित सभी जिम्मेदार कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में तेजी से कमेटियों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है।

बैठक में विशेष रूप से उपस्थित जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर (पूर्व जिलाध्यक्ष, बलौदाबाजार) ने जानकारी दी कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में 'संगठन सृजन अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसके तहत

प्रदेशभर में कमेटियों के गठन की नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने निर्देशित किया कि बूथ, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर सर्वसम्मति से पारदर्शी और ईमानदार तरीके से कमेटियों का गठन सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने महासमुंद जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर कमेटी गठन की प्रगति की समीक्षा की थी, जिससे इस अभियान की गंभीरता स्पष्ट होती है।पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कमेटी गठन को पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए, क्योंकि यही संगठनात्मक संरचना आगामी चुनावों में जीत का आधार बनेगी।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा, देवनाथ साहू, श्रीमती अन्नू चंद्राकर, करण दीवान, दाऊलाल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, अमर चंद्राकर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनम बंसोड़, दिव्येश चंद्राकर, जसबीर ढिल्लो, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, ढेलू निषाद, अमन चंद्राकर, राजू साहू, बसंत चंद्राकर, तुलसी साहू, हर्षित चंद्राकर, इमरान कुरैशी, छन्नू साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सौगात: 28.48 करोड़ के कार्यों को मिली मंजूरी, शहर की सड़कों का होगा कायाकल्प

महापौर रामू रोहरा की पहल से धमतरी में विकास को रफ्तार

धमतरी / नवप्रदेश। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए एक बार फिर धमतरी को बड़ी सौगात मिली है। महापौर रामू रोहरा के लगातार प्रयासों का ही परिणाम है कि में लगभग 28.48 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है।

विधानसभा धमतरी अंतर्गत छाती-गागरा-कंडेल-देवपुर मार्ग (लंबाई 9.0 किलोमीटर) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 25.04 करोड़ रुपये की

स्वीकृति पर वित्त विभाग ने सहमति प्रदान कर दी है। बेंद्रा नवागांव सड़क मार्ग की भी मंजूरी दी गई है।यह मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में था, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी। अब इस सड़क के निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

इसी क्रम में नगर निगम धमतरी को भी एक बड़ी उपलब्धि मिली है। मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत दानीटोला स्कूल चौक से ट्रेंचिंग ग्राउंड, सीता कुंड तालाब होते हुए गर्ल्स कॉलेज तक सीसी रोड एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य के लिए 3.44 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति को वित्त विभाग ने हरी झंडी दे दी है।

यह मार्ग शहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां हर वर्ष बारिश के दौरान जलभराव और सड़क खराब होने की समस्या बनी रहती थी। प्रस्तावित निर्माण कार्य से सड़क मजबूत होगी और रिटेनिंग वॉल के निर्माण से जलभराव एवं मिट्टी कटाव की समस्या से राहत मिलेगी। इससे विद्यार्थियों, आम नागरिकों और राहगीरों को बड़ी सुविधा मिलेगी।महापौर रामू रोहरा ने इन स्वीकृतियों पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि धमतरी के विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद रूपकुमारी चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से धमतरी में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में शहर और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में और भी बड़े विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाई जाएगी।

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 में प्रवेश उत्सव

चारामा / नवप्रदेश। नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 15 भाटापारा चारामा में बुधवार 25 जून 2026 को आंगनवाड़ी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सम्माननीय पार्षद श्री लोकेश नागवंशी द्वारा 3 वर्षों के बच्चों का तिलक लगाकर व फूल माला पहना कर सम्मानित कर किया गया। साथ ही बच्चों को प्रतिदिन आंगनवाड़ी आने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनकी माता एवं पालको को सलाह दी गई की अपने बच्चों को आंगनबाड़ी तक छोड़ने की स्वयं की जिम्मेदारी ले व आंगनबाड़ी तक छोड़ें।

वेनेजुएला के तेल से दूर भागती हैं ऑयल कंपनियां

वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है. वहां पूरे अमेरिका से पांच गुना ज्यादा तेल मौजूद है. जनवरी 2026 में डॉनल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला में तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंधक बनाकर सत्ता परिवर्तन कर दिया. इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने वेनेजुएला के तेल उद्योग को दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनियों के सामने परोस दिया. लेकिन इसे लेकर ऑयल कंपनियों में बहुत उत्साह नहीं दिखा। 28 फरवरी 2026 को अमेरिका ने इस्राएल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया. इस हमले के बाद ईरान ने भी पलटवार किया और होर्मुज जलमार्ग को बंद कर दिया। होर्मुज जलमार्ग बंद होने से एशिया और यूरोप समेत दुनिया के बड़े हिस्से में तेल और गैस के दाम बढ़ गए. युद्ध के चौथे हफ्ते में दाखिल होने के बाद भी ऊर्जा संकट का हल होता नहीं दिख रहा है, लेकिन इसके बावजूद वेनेजुएला के तेल को लेकर बहुत दिलचस्पी फिर भी नहीं दिख रही है।

कच्चे तेल का कोई एक मानक बैरल नहीं

कच्चे तेल के मामले में एक स्टैंडर्ड बैरल तेल जैसी कोई चीज नहीं होती. यहां तो सारा मामला केमिकल कंपोजिशन का होता है. तेल को कहां और कितनी आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है, ये इस बात पर निर्भर है कि वह आया कहां से है। 20वीं सदी की शुरुआत में वेनेजुएला में तेल का पहला बड़ा भंडार खोजा गया. देश के पश्चिमी हिस्से में. गल्फ, शेल और स्टैंडर्ड ऑयल जैसी बड़ी तेल कंपनियां फौरन वहां पहुंची और उन्होंने जल्द ही वेनेजुएला को दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक और निर्यातक बना दिया. 1980 के दशक में देश के पूर्वी हिस्से में तेल का एक बड़ा और हाई वैल्यू भंडार मिला. और जल्द ही देश के मध्य में एक और बड़ा तेल रिजर्व मिला, इसे ओरिनोको बेल्ट नाम दिया गया।

न्यूज गैलरी

बंगाल में दक्षिण 24 परगना में भाजपा-टीएमसी समर्थकों में झड़प

कोलकाता(वार्ता)। पश्चिम बंगाल में चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी पार्टियां पूरी ताकत के साथ प्रचार कर रही है। भाजपा और टीएमसी के बीच यहां मुख्य तौर पर लड़ाई है। लेकिन हालात उस समय खराब हो गए दक्षिण 24 परगना जिले में चुलाव प्रचार के दौरान दोनों दलों के समर्थक आपस में भिड़ गए। हालात को काबू करने की कोशिश कर रही पुलिसकर्मियों पर भी हमला हुआ। यह घटना एससी आरक्षित बसंती सीट पर हुई। यहां 29 अप्रैल को दूसरे और आखिरी चरण में चुनाव होने है। एक अधिकारी ने बताया कि बसंती सीट से भाजपा उम्मीदवार विकास सरदार इलाके में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। जिस जगह भाजपा कार्यकर्ता चुनाव प्रचार कर रहे थे वहां एक सड़क कनारे पर जमा हुए टीएमसी समर्थक प्रचार की रिकॉर्डिंग कर रहे थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रिकॉर्डिंग किए जाने पर आपत्ति जताई। देखते ही देखते बहस शुरू हुई और फिर हाथापाई शुरू हो गई। जब पुलिस इस झड़प को रोकने के लिए आगे आई तो पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया गया। भाजपा उम्मीदवार सरदार ने दावा किया टीएमसी के गुंडों ने हमारे कार्यकर्ताओं पर बिना किसी उकसावे के हमला किया, जबकि हम उस इलाके में शांतिपूर्ण ढंग से प्रचार कर रहे थे। पुलिस मूकदर्शक बनी रही। वहीं दूसरा तरफ टीएमसी नेताओं ने भाजपा पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। पुलिस ने इस घटना में आठ लोगों को हिरासत में लिया, और इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

एअर इंडिया की लंदन जाने वाली फ्लाइट सात घंटे बाद दिल्ली लौटी

नई दिल्ली। एअर इंडिया से जुड़ी एक और चिंता वाली खबर सामने आई है। गुरुवार दोपहर को एअर इंडिया की दिल्ली से लंदन के हीथ्रो जाने वाली उड़ान में तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण विमान को उड़ान भरने के घंटों बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। इस घटना से यात्रियों को न केवल अप्रत्याशित असुविधा का सामना करना पड़ा बल्कि एयरलाइन के बेड़े में हाल ही में शामिल किए गए आधुनिक विमानों की हालत पर भी सवाल खड़े हो गए। गुरुवार सुबह लगभग छह बजे, एअर इंडिया की उड़ान संख्या AI111 ने दिल्ली से लंदन के लिए उड़ान भरी थी। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट Flightradarwy.com पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, विमान जब सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में था, तब इसे वापस मोड़ने का बड़ा निर्णय लिया गया। इस निर्णय से पहले विमान लगभग चार घंटे तक हवा में रह चुका था।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए संभावित बातचीत पर गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की और उन्हें अलग एवं अजीब करार दिया। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले में नाटो देशों से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलने पर उनकी अप्रत्यक्ष रूप से आलोचना की है। ट्रम्प ने अपनी सोशल नेटवर्किंग साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा, ईरानी वार्ताकार बहुत अलग एवं अजीब हैं। वे हमसे समझौता करने की विनती कर रहे हैं जो कि उन्हें करना ही चाहिए क्योंकि वे सैन्य रूप से पूरी तरह पराजित हो चुके हैं और उनके युद्ध में वापसी की कोई संभावना नहीं है। लेकिन फिर भी वे सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि वे केवल हमारे प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं।

जहाजों से प्रति यात्रा करीब 20 लाख डॉलर तक का शुल्क मांगा जा रहा

खाड़ी अरब गुट के महासचिव का आरोप होर्मुज पर जहाजों से शुल्क वसूल रहा ईरान

तेहरान/ए.। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि ईरान अब इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूल रहा है। यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया का करीब पांचवां हिस्सा तेल और गैस सप्लाई होता है। इस कदम से वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ जहाजों से प्रति यात्रा करीब 20 लाख डॉलर तक का शुल्क मांगा जा रहा है। यह वसूली किसी तय नियम के तहत नहीं, बल्कि अलग-अलग मामलों में की जा रही है। कुछ जहाजों ने यह भुगतान भी किया है, हालांकि भुगतान की प्रक्रिया और मुद्रा को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं है। इस वजह से शिपिंग कंपनियों में असमंजस और चिंता बढ़ गई है।

सूत्रों का कहना है कि ईरान भविष्य में इस शुल्क को आधिकारिक रूप देने की योजना बना सकता है। हाल ही में वहां के एक सांसद ने प्रस्ताव दिया था कि जो देश इस मार्ग का इस्तेमाल करें, उनसे शुल्क लिया जाए। अगर ऐसा होता है तो यह वैश्विक व्यापार के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों ने इस तरह की वसूली पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि इससे उनके तेल निर्यात पर असर पड़ेगा। कुछ देश अब वैकल्पिक पाइपलाइन के जरिए तेल भेजने की कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल होर्मुज को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा जोखिम बनती जा रही है।

क्या सच में ईरान वसूली कर रहा है?

सूत्रों के अनुसार यह वसूली ईरान के प्रभाव को दिखाती है, क्योंकि होर्मुज दुनिया का सबसे अहम समुद्री रास्ता है। युद्ध के चलते जहाजों की आवाजाही पहले ही कम हो गई है और अब शुल्क की मांग से स्थिति और जटिल हो गई है। इससे वैश्विक सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ रहा है।

6 सैनिकों की मौत-हैंगर-रडार सिस्टम डैमेज, खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान का हमला

खाड़ी क्षेत्र में तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है और क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर हो रहे ईरानी हमले तबाही मचा रहे हैं. न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ईरान की ओर से क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमलों में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है. इन हमलों में कुवैत में अमेरिका के छह सैनिक मारे गए हैं, जबकि कई अहम सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचा है. ईरानी ड्रोन और मिसाइल इन ठिकानों को लगातार निशाना बना रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की सीमा से सटे कुवैत में अमेरिकी ठिकानों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। शुएबा बंदरगाह पर हुए हमले में अमेरिकी सेना का टैक्टिकल ऑपरेशन सेंटर पूरी तरह से तबाह हो गया। इस हमले में छह अमेरिकी सैनिक भी शहीद हुए हैं। इसके अलावा अली अल सलेम एयर बेस पर भी ईरानी ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया गया है. यहां विमानों के हैंगर को भारी नुकसान हुआ है। वहीं कैंप बुहरिंग में ईंधन और रखरखाव की सुविधाओं को निशाना बनाया गया है।

तोड़ेंगे हर सीमा, लेबनान से शुरू करेंगे बफर जोन बढ़ाने की योजना

यरूशलम। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को लेबनान की सीमा पर देश के बफर जोन को बढ़ाने की योजनाओं का एलान किया है। यह बयान मार्च की शुरुआत में लेबनान पर इस्राइल की ओर से किए गए हमलों में तेजी आने के बाद आया है।

अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इस्राइल और लेबनान के बीच तनाव में बढ़ोतरी हिजबुल्ला की ओर से इस्राइली इलाकों में रॉकेट दागे जाने के बाद हुई। गौरतलब है कि हिजबुल्ला के लड़ाकों ने अमेरिका-इस्राइल के ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद इन हमलों को शुरू किया था।

दोनों देशों के बीच सीमा पर सैन्य अभियान जारी रहने के साथ स्थिति अभी भी अनिश्चित बनी हुई है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय लगातार चल रहे संघर्ष में आगे के घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है। इस्राइली सरकार की ओर से बफर जोन के विस्तार की यह योजना क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है।

बफर जोन वह क्षेत्र होता है जो दो विरोधी देशों, सेनाओं या विवादित सीमाओं के बीच बनाया जाता है, ताकि सीधे टकराव को रोका जा सके और तनाव कम हो। यह इलाका अक्सर सैन्य गतिविधियों से मुक्त रखा जाता है या यहां सीमित उपस्थिति होती है।

उदाहरण के तौर पर इस्राइल ने अपने पड़ोसी क्षेत्रों, जैसे गाजा या लेबनान सीमा के पास, सुरक्षा कारणों से बफर जोन बनाए हैं।

हर मायने में सीमाएं तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध : नेतन्याहू

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बफर जोन बढ़ाने के इन उपायों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये हर मायने में सीमाओं को तोड़ने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस्राइल सरकार इन कार्रवाइयों के माध्यम से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

उत्तर प्रदेश में एलपीजी का मतलब लापता गैस, भाजपा ने लोगों को लाइन में लगाया

लखनऊ। यूपी में एलपीजी की किल्लत को लेकर गैस एजेंसियों के सामने लगी लंबी लाइनों को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को लाइनों में लगाने के अलावा किया ही क्या है। अब मैं देख रहा हूं कि लोग पेट्रोल के लिए भी लाइनों में लगे हुए हैं। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने एलपीजी संकट को लेकर कुछ भी तैयारी नहीं की। अब तो 14 किलो का सिलिंडर भी 10 किलो का आ रहा लेकिन उससे भी ज्यादा ली जा रही है। यूपी में एलपीजी का मतलब लापता गैस है। गैस न मिलने से लोगों को खाना बनाने के लिए गैस और चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक कचौरी एक समोसा अब गैस पर न रहा भरोसा। सुना है कोयले पर चाय और रोटी अच्छी बनती है। कई लोग स्मोक्ड फूड पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने संसद में कोरोना का जिक्र किया है तो उनके पास जानकारी होगी। पड़ोसी देशों ने एनर्जी सेविंग के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जब तक भाजपा रहेगी देश को आत्मनिर्भर नहीं बनने देगी। उन्होंने यूपी सरकार के दिए गए बयान कि गैस की कोई कमी नहीं है पर कहा कि योगी की बातों में न आएं उनकी चलाचली की बेला है। वो योगी नहीं हैं। उन्होंने शंकराचार्य का अपमान किया है उनसे सावधान रहें।

एमओयू को लेकर यूपी सरकार की पोल खुली

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश के बड़े-बड़े दावे करती है। सुबह सुबह सीएम का ट्वीट अंग्रेजी में आया। कुछ दिन पहले उनकी पोल एक एमओयू को लेकर खुल गई। पूरे देश में उनकी चर्चा हुई। हम सभी एमओयू की जांच की मांग करते हैं। एमओयू करने वाली कंपनी का कोई फाइनेंशियल बैकग्राउंड नहीं है। भाजपा का राज इवेंट पर चलता है। हिटलर राज में एक प्रोपेगेंडा मंत्री था लेकिन भाजपा सरकार में केंद्र और प्रदेश के सभी मंत्री प्रोपोगेंडा मिनिस्टर हैं। सभी खुद को पीएम समझते हैं।

शिक्षण संस्थानों में नेटवर्क खड़ा कर रहा था हारिश, पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे

मुरादाबाद/ए.। संदिग्ध आतंकी हारिश केवल एक कॉलेज तक सीमित नहीं था, वह मुरादाबाद समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई शिक्षण संस्थानों में अपना नेटवर्क खड़ा कर रहा था। वह आकाओं से मिले निर्देश पर शिक्षण संस्थानों के छात्रों को अपने साथ जोड़ रहा था। यह बात एटीएस की पूछताछ में सामने आई है।

सहारनपुर निवासी हारिश मुरादाबाद के एक कॉलेज से बीडीएस कर रहा था। वह कॉलेज के ही हॉस्टल में शामली निवासी छात्र के साथ रहता था। वह ज्यादा समय कमरे में ही रहता और मोबाइल व लैपटॉप पर देर रात तक व्यस्त रहता था। ऑनलाइन ही आईएस के संपर्क में आया था। एटीएस ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। 15 मार्च को लखनऊ से आई एटीएस ने हारिश को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उसे लखनऊ ले गई थी। एटीएस ने मंगलवार को उसे पांच दिन की रिमांड पर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि हारिश मुरादाबाद के अलावा, गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा के बड़े-बड़े कॉलेजों में अपना नेटवर्क खड़ा कर रहा था। वहां के छात्रों को अपने साथ छोड़ रहा था। वह अपने साथ छात्रों की एक बड़ी फौज तैयार कर रहा था। एटीएस ने इसके अन्य साथियों की तलाश भी शुरू कर दी है।

क्रिप्टो करेंसी के जरिए हो रही थी टेरर फंडिंग, बम बनाना भी सीख रहा था

हारिश टेरर फंडिंग के लिए क्रिप्टो करेंसी के जरिये रकम जुटा रहा था। बीते दो वर्षों के दौरान हारिश और उसके करीबियों के बैंक खातों में क्रिप्टो करेंसी के जरिये लाखों रुपये भेजे गए थे। हारिश को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर एटीएस द्वारा की जा रही पूछताछ में इसका खुलासा हुआ है। एटीएस उसके करीबियों का पता भी लगा रही है। सहारनपुर निवासी हारिश ने नीट की तैयारी के साथ ही आईएस की जिहादी गतिविधियों में रुचि लेनी शुरू कर दी थी।

पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं, देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ तौर पर कहा कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे 'भ्रामक और दुष्प्रचार' पर ध्यान न दें, जिसका उद्देश्य बेवजह घबराहट पैदा करना है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल मिलाकर 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और भूमिगत रणनीतिक भंडारण (कवर्न) शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मध्य पूर्व संकट के 27वें दिन भी देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है।

सरकार ने कहा, हर भारतीय के लिए लगभग दो महीने की निरंतर आपूर्ति उपलब्ध है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। साथ ही अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुछ देशों में जहां ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन नियम और पेट्रोल पंप बंद होने जैसी स्थिति है, वहीं भारत में ऐसी किसी भी आपातकालीन उपाय की जरूरत नहीं है।

सरकार की ओर से कहा गया है कि कुछ जगहों पर घबराहट में ईंधन खरीदने की घटनाएं सामने आईं, लेकिन सरकार ने इसे सोशल मीडिया पर फैलाए गए भ्रामक वीडियो का परिणाम बताया। इसके बावजूद सभी उपभोक्ताओं को ईंधन उपलब्ध कराया गया और तेल कंपनियों ने रातभर डिपो चलाकर सप्लाई बढ़ाई। सरकार ने पेट्रोल पंप मालिकों को राहत देते हुए क्रेडिट सीमा 1 दिन से बढ़ाकर 3 दिन कर दी है, ताकि कार्यशील पूंजी की कमी के कारण किसी भी पंप पर ईंधन की कमी न हो।

आईपीएल-2026 से पहले कप्तानों की बैठक

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने वाली है. इससे पहले मुंबई में सभी 10 टीमों के कप्तानों की एक अहम बैठक हुई. इस मीटिंग में कई नियमों पर चर्चा की गई, लेकिन सबसे ज्यादा विवाद इम्पैक्ट प्लेयर नियम को लेकर हुआ. ज्यादातर कप्तान इस नियम से खुश नहीं हैं और उन्होंने बीसीसीआई के सामने अपनी नाराजगी खुल कर रखी है। मुंबई में हुई बैठक में कप्तानों ने साफकर दिया कि उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर नियम पसंद नहीं आ रहा है. न्यूज एजेंसी PTI को एक सूत्र के हवाले से खबर मिली है कि लगभग सभी टीमों के कप्तान इस बात से सहमत थे कि यह नियम खेल के संतुलन को बिगाड़ रहा है. साल 2023 में जब से यह नियम लाया गया है, तब से ही इस पर लगातार बहस चल रही है. कप्तानों का मानना है कि खेल के हित में इसे तुरंत हटाना चाहिए.

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम का खुलकर विरोध किया है. उनका कहना है कि इस नियम की वजह से टीमों को अब ऑलराउंडर की जरूरत महसूस नहीं होती. पहले टीमें ऐसे खिलाड़ी खोजती थीं जो बैटिंग और बॉलिंग दोनों कर सकें. अब मैनेजमेंट अपनी जरूरत के हिसाब से एक अतिरिक्त बैटर या बॉलर खिला लेता है. इससे असल ऑलराउंडर्स की अहमियत पूरी तरह खत्म हो रही है।

अक्षर पटेल अकेले नहीं हैं जो इम्पैक्ट प्लेयर नियम के खिलाफ हैं. पिछले साल रोहित शर्मा ने भी कहा था कि वह इम्पैक्ट प्लेयर की सोच से बिल्कुल सहमत नहीं हैं. उनके मुताबिक इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडर खिलाड़ियों की कमी हो जाएगी।

फिल्म धुंरधर-2 के क्लाइमैक्स में बजा 'रासपुतिन' गाना, क्या है रूसी कनेक्शन

मुंबई। फिल्म 'धुरंधर 2' में कई पुराने गानों को रीमेक किया गया। लेकिन क्लाइमैक्स के एक सीन में कुछ देर के लिए एक गाना 'रा रा रासपुतिन' बजता है। फिल्म के क्लाइमैक्स को यह गाना खास बना देता है। लेकिन क्या आप इस गाने और इसके पीछे के इतिहास के बारे में जानते हैं। 'धुरंधर 2' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कलेक्शन कर रही है। 600 करोड़ क्लब में यह फिल्म शामिल हो चुकी है। इन दिनों सोशल मीडिया पर फिल्म का क्लाइमैक्स सीन और इसमें बजा 'रा रा रासपुतिन' गाना खूब ट्रेंड कर रहा है। जानिए, इस गाने और उससे जुड़े इतिहास के बारे में।

बोनी एम म्यूजिक बैंड का गाना 'रा रा रासपुतिन' इन दिनों 'धुरंधर 2' के क्लाइमैक्स में सुनने को मिल रहा है। क्लाइमैक्स में जब आईएसआई चीफ शमशाद हसन (राज जुत्शी) हमजा को पकड़ लेते हैं, उसे बुरी तरह मारते हैं, तब अजय सान्याल यानी आईबी चीफ का फोन आता है। वह शमशाद को एक वीडियो भेजता है, जिसमें शमशाद पाकिस्तानी सीक्रेट को इजरायली लोगों बेचते हैं। इसी वीडियो में 'रा रा रासपुतिन' गाना बजता है। यही वीडियो रिकॉर्डिंग दिखाकर सान्याल, हमजा (रणवीर सिंह) को पाकिस्तान से बाहर निकालता है। अब सवाल है कि 'रा रा रासपुतिन' गाना ही क्यों इस सीन के लिए चुना गया है। दरअसल, यह महज एक गाना नहीं है, इस गाने में एक ताकतवर शख्स की बात की जाती है। इस शख्स का नाम रूस के इतिहास में बहुत गर्व से लिया जाता है।

न्यूज गैलरी

रेलवे ट्रैक किनारे मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं हुई

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा के मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत उरांव बस्ती रेलवे ट्रैक किनारे गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिला। सुबह लगभग 10 बजे शव देखे जाने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पर काम करने वाले मजदूरों ने सुबह युवक को एक पैर के ऊपर पैर रखकर सोया हुआ देखा था। पास में पानी की बोतल भी थी, जिससे उन्हें लगा कि वह आराम कर रहा है। काफी समय बीत जाने के बाद जब लोग पास गए, तो पाया कि उसकी सांसें थम चुकी थीं और नाक से झाग निकला हुआ था। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया। टीम ने मौके पर जांच की। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में पता चला कि युवक पिछले कुछ दिनों से आसपास घूमते हुए देखा गया था। आशंका जताई जा रही है कि वह मानसिक रोगी था और उसकी मौत भूख के कारण हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोरबा अंतिम स्टेशन होने के कारण अक्सर मानसिक रोगियों को ट्रेन में बैठा दिया जाता है, जिससे वे सीधे कोरबा पहुंच जाते हैं। इस वजह से जिले में मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ रही है। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की है, लेकिन युवक की मौत कब, कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी जांच का विषय है।

जनगणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स को मिला प्रशिक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। जनगणना के प्रथम चरण में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से शुरू होने वाला है। इस संबंध में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुन्द, बागबाहरा, कोमाखान और तुमगांव चार्ज के लिए नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वन प्रशिक्षण शाला महासमुन्द में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा ने कहा कि फील्ड ट्रेनर्स गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें क्योंकि उन्हें अपने अपने चार्ज में प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देना है इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी मनोज कुमार खांडे ने भी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर के उप संचालक मनोज कुमार महिलांगे तथा जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जनगणना संबंधी अधिनियम , आधारभूत शब्दों, नजरी नक्शा तैयार करने की विधि तथा प्रगणक द्वारा पूछे जाने वाले कुल 34 प्रश्नों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 27 मार्च को सिलपहरी में

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा जन मानस की विभिन्न मांगो एवं शिकायतों का समाधान करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और पात्रतानुसार हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर सिलपहरी में 27 मार्च शुक्रवार को आयोजित किया गया है। यह शिविर ग्राम पंचायत भवन के पास सिलपहरी में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित होकर जनसमस्याओं का निवारण करेंगे।

जगदलपुर जेल से कैदी फरार सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर केंद्रीय जेल से एक कैदी के फरार हो जाने से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। फरार कैदी की पहचान महेंद्र दीवान उर्फ बल्लू के रूप में हुई है, जो कांकेर जिले का निवासी है। वह चोरी के एक मामले में पिछले एक वर्ष से जगदलपुर जेल में बंद था। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम करीब सात बजे बल्लू ने जेल की दीवार फांदकर फरार होने में सफलता हासिल कर ली। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वह जेलर समेत पूरी सुरक्षा व्यवस्था की नजरों के सामने से ही निकल भागा। इस घटना ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बल्लू पहले भी कांकेर जेल से फरार होने की योजना बना चुका था। सुरक्षा कारणों से उसे कांकेर से जगदलपुर जेल शिफ्ट किया गया था, लेकिन यहां भी वह भाग निकलने में कामयाब रहा। घटना की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन और पुलिस ने तुरंत तलाशी अभियान शुरू कर दिया। आसपास के इलाकों में नाकेबंदी कर दी गई है और पुलिस की कई टीमें लगातार छानबीन कर रही हैं। हालांकि, खबर लिखे जाने तक फरार कैदी का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने फरार कैदी को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। मामले की जांच जारी है।

खुले डिवाइडर की मरम्मत नहीं होने से हादसे, कई राहगीर हो चुके घायल

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव शहर के भीतर 2 किलोमीटर का प्रमुख मार्ग इन दिनों हादसों का केंद्र बन गया है। सड़क के बीच बने डिवाइडर जगह-जगह से टूटे और खुले पड़े हैं, वहीं कई सालों से पड़ी हाई मास्क लाइट की कंक्रीट भी जोखिम का कारण बन रही है। रहवासियों का कहना है कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। डिवाइडरों को कई जगहों से तोड़ कर लोगो ने आने जाने की जगह बना ली है। वहीं कुछ हिस्से पहले हुई दुर्घटनाओं के कारण टूट गए हैं, जिनकी मरम्मत अब तक नहीं की गई है। जसके कारण सड़क पर बड़े-बड़े गैप बन गए हैं। जिनसे अचानक आवारा पशु सड़क पर आ जाते हैं। तेज रफ्तार से आ रहे वाहन चालकों को संभलने का मौका नहीं मिलता और टक्कर हो जाती है। इन हादसों में न केवल पशु बल्कि लोग भी घायल हो रहे हैं। स्थिति रायपुर नाका कलेक्टर रोड तिराहे पर और भी गंभीर है, जहां करीब तीन साल पहले हाई मास्क लाइट का पोल टूट गया था।

40 सालों का लाल आतंक खत्म, कांकेर में सरेंडर करेंगे 5 हथियारबंद नक्सली

■ मानपुर-मोहला जिले के उइकाटोला जंगलों से निकले 5 सशस्त्र नक्सली

मोहला/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर ऐतिहासिक सफलता दर्ज की गई है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के घने जंगलों और सीमावर्ती ग्रामों में फैला 40 वर्षों का लाल आतंक आखिरकार समाप्त हो गया है। उइकाटोला जंगलों से आरकेबी डिवीजन कमेटी के पाँच सशस्त्र नक्सली हथियारों सहित आत्मसमर्पण के लिए कांकेर एसपी कार्यालय की ओर रवाना हुए। इस महत्वपूर्ण कदम को क्षेत्र में शांति और स्थिरता की दिशा में निर्णायक मोड़ माना जा रहा है।

मोहला-मानपुर और आसपास के क्षेत्रों ने बीते चार दशकों में नक्सलवाद की भयावहता को झेला है। यह नवगठित आदिवासी अनुसूचित जनजातीय जिला सैकड़ों विस्फोट, अपहरण, जनप्रतिनिधियों की हत्या, ग्रामीणों पर 'तलिबानी सजा', युवा वर्ग की निर्मम हत्याओं जैसी घटनाओं का दर्द सहता रहा है। 1985 के आसपास आंध्र प्रदेश से होते हुए नक्सली बस्तर क्षेत्र के रास्ते मानपुर के दक्षिणी हिस्से में पहुंचे। औंधी थाना क्षेत्र में उनकी पहली सक्रियता दिखी और फिर धीरे-धीरे पूरे इलाके में भय का साम्राज्य फैलता गया। जंगलों और पगडंडियों का सर्वे कर नक्सलियों ने सीमावर्ती घाटियों, औंधी से बकरकट्टा तक अपना मजबूत आधार क्षेत्र बना लिया, जो वर्षों तक आतंक का पर्याय बना रहा। भारी हथियारों के साथ कर रहे आत्मसमर्पण: समर्पण के लिए पहुंचे नक्सलियों के पास से एक एसएलआर और दो 303 रायफलें सहित अन्य सामग्री बरामद हुई है। समर्पण करने वाले नक्सलियों में मंगेश, गणेश उइका, राजे हिड़मे उर्फ जमाली और मंगति है। इन सभी पर विभिन्न नक्सल गतिविधियों में शामिल होने के चलते इनाम घोषित था।

मोहला-मानपुर-औंधी नक्सल मुक्त: इन पांच नक्सलियों के आत्मसमर्पण के साथ ही मोहला-मानपुर-औंधी संयुक्त एरिया कमेटी का पूरी तरह सफाया हो गया है। यह क्षेत्र अब नक्सल प्रभाव से मुक्त घोषित किया जा सकता है। सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जो आने वाले दिनों में विकास कार्यों और जनविश्वास बहाली को तेजी देगा। नक्सलवाद से लंबे समय तक जिला जूझता रहा है।

रायपुर में बनेगी नई बाईपास सड़क, 4.5 किलोमीटर लंबा होगा, 20 करोड़ का प्रोजेक्ट

पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक 60 फीट चौड़ी सड़क के लिए सर्वे शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक नई बायपास सड़क बनेगी। 60 फीट की इस सड़क के लिए रायपुर नगर निगम और राजस्व विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया है। करीब 4.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के बनने से डेढ़ लाख लोगों को राहत मिलेगी। केनाल रोड 2.0 कलर्स माल के पीछे से शुरू होकर भाठागांव मार्ग तक विकसित किया जाएगा। नगर निगम ने इस कार्य के लिए 20 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत इस प्रोजेक्ट को लिया गया है।

दरअसल, रिंगरोड पर ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को कम करने पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक केनाल रोड 2 का निर्माण कराया जाएगा। लंबे समय से अटके इस प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सर्वे कर नापजोख का काम शुरू कर दिया है।

राज्य सरकार ने इस अहम प्रोजेक्ट के लिए अपने बजट में 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 4.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के बनने से लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। यह सड़क न सिर्फ पुरानी धमतरी रोड से भाठागांव तक एक मजबूत कनेक्टिविटी देगी, बल्कि शहर के सबसे व्यस्त रूट में शामिल रिंगरोड पर ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम होगा। नई बायपास सड़क निर्माण में अतिक्रमण एक प्रमुख चुनौती के रूप में है। इसके कारण 165 लोगों को नोटिस भेजा गया है। शहरीकरण से नहर कब्जे का शिकार है, नहर किनारे अवैध रूप से मकान बनने से पुरानी नहर नाले में तब्दील हो गई है। इसके चौड़ीकरण के लिए नपाई शुरू हो गई है।

फैक्ट

- सड़क का नाम : केनाल रोड 2.0 सड़क
- बायपास सड़क कुल लंबाई : 4.5 किलोमीटर
- निर्माण लागत : 20 करोड़
- निर्माण एजेंसी : नगर निगम रायपुर
- नई सड़क बनने से डेढ़ लाख आबादी को राहत

शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा प्रस्ताव

नगर निगम रायपुर के अधीक्षण अभियंता इमरान खान ने बताया कि, केनाल रोड 2.0 के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग ने संयुक्त सर्वे शुरू कर दिया है। राज्य शासन ने बजट में इस प्रोजेक्ट के लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया है। हमने प्रस्ताव बनाकर शासन की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा है। यह सड़क 7 मीटर से बढ़ाकर 18 मीटर यानी 60 फीट की जाएगी।

ये है प्रोजेक्ट

केनाल रोड 2.0 कलर्स माल के पीछे से शुरू कर भाठागांव मार्ग तक विकसित की जाएगी। यह सड़क एनएच 53 के समानांतर बनेगी, जिससे शहर के भीतर एक वैकल्पिक और तेज कनेक्टिविटी मार्ग तैयार होगा। पुराना धमतरी रोड से भाठागांव को जोड़ने में यह सड़क अहम भूमिका निभाएगी

इन इलाकों को मिलेगा फायदा

संतोषीनगर, रावतपुरा सिटी, चौरसिया कालोनी, भैरव सोसाइटी सहित 40 से अधिक कालोनियों के लोगों को राहत मिलेगी। अभी इन क्षेत्रों के रहवासी रिंग रोड पर निर्भर हैं। इसके अलावा पुराना धमतरी रोड जाने के लिए कुशालपुर, प्रोफेसर कालोनी, भाठागांव वालफोर्ट सिटी व आसपास के इलाकों के रहवासियों को राहत मिलेगी।

हत्या के दोषी की उम्रकैद बरकरार सबूतों की कड़ी को माना मजबूत

■ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बहुचर्चित हत्या कै मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी कुसुम लाल साव की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि मामले में मौजूद परिस्थितिजन्य साक्ष्य, मेडिकल रिपोर्ट, इलेक्ट्रॉनिक डेटा और आरोपी के व्यवहार से जुड़ी कड़ियां पूरी तरह जुड़ती हैं और यही आरोपी के दोषी होने की पुष्टि करती हैं।

दरअसल मामला सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला थाना क्षेत्र का है, जहां 2019 में सौरभ पांडा की लाश खेत में मिली थी। जांच में सामने आया कि, मृतक की हत्या कर शव को दूसरे स्थान पर फेंका गया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट को मौत की वजह बताया गया और इसे हत्या करार दिया गया। जांच के दौरान आरोपी के घर से खून लगे कपड़े, लोहे के औजार और अन्य सामान बरामद किए गए थे। साथ ही व्हाट्सएप मैसेज, कॉल डिटेल और साइबर साक्ष्यों से यह भी सामने आया कि, घटना की रात आरोपी और मृतक के बीच विवाद हुआ था और आखिरी बार दोनों साथ देखे गए थे।

अपराध छिपाने की कोशिश की: हाईकोर्ट ने कहा कि, आरोपी के शरीर पर चोट के निशान, हत्या के बाद शव को खेत में फेंकना और हथियार छिपाना इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि, उसने अपराध छिपाने की कोशिश की। कोर्ट ने माना कि, इन सभी परिस्थितियों की कड़ी आरोपी के खिलाफ मजबूत और पूर्ण है, जिससे कोई संदेह नहीं बचता। ट्रायल कोर्ट ने पहले ही आरोपी को IPC की धारा 302 और 201 के तहत दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

बरकरार रखी सजा: हाईकोर्ट ने इस फैसले को सही ठहराते हुए आरोपी की अपील खारिज कर दी और सजा को यथावत रखा। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि, कुछ गवाहों के मुकरने या छोटे विरोधाभास होने से पूरा मामला कमजोर नहीं होता, अगर बाकी साक्ष्य मजबूत और विश्वसनीय हों।

मां ने 4 महीने के मासूम की पटक-पटक कर ले ली जान

■ सूरजपुर में दिल दहला देने वाली घटना, महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से एक बेहद दुखद और झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। उमेश्वरपुर चौकी क्षेत्र के जयपुर गांव में एक महिला ने अपने ही 4 महीने के मासूम बच्चे की जान ले ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, महिला का अपने पति के साथ खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि महिला ने गुस्से में अपना आपा खो दिया और बच्चे को जोर से जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों और आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही उमेश्वरपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

वनस्पति शास्त्र विभाग के 40 विद्यार्थियों ने किया अध्ययन भ्रमण

सूरजपुर/नवप्रदेश। शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर के वनस्पति शास्त्र विभाग के एमएससी द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर के 40 विद्यार्थियों ने अमृत धारा जलप्रपात का पारिस्थितिकी अध्ययन किया। प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे के निर्देशानुसार सभी विद्यार्थियों ने यह अध्ययन भ्रमण पूर्ण किया। विद्यार्थियों ने जलप्रपात के चारों ओर उपस्थित वृक्षों एवं पौधों का अध्ययन किया तथा पर्यावरण को हो रहे नुकसान के संबंध में जानकारी हासिल की। जलप्रपात के चारों ओर नमी के अनुसार उपस्थित विभिन्न पौधों ब्रायोफाइट्स, टेरीडोफाइट्स, शैवाल एवं कवक का संग्रहण भी किया। पौधों के संग्रहण के बाद विद्यार्थियों ने उनका प्रयोग उपयोग हेतु संरक्षण भी किया। सभी विद्यार्थियों ने पारिस्थितिकी तंत्र में जरूरी पौधों की संख्या और उनके प्रभाव का अध्ययन किया।

पुलिस की पिटाई से युवक के जांघ की हड्डी टूटी, एसपी ने दिए जांच के आदेश

■ पिता के मामले की जानकारी लेने गया था, युवक अस्पताल में भर्ती

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक ने पुलिसकर्मियों पर पीटने का आरोप लगाया है। पिटाई से युवक की जांघ की हड्डी टूट गई। यह घटना तब हुई जब युवक अपने पिता के एक्सीडेंट में मृत्यु होने की घटना की जांच और जानकारी लेने थाने पहुंचा था।

धनुवारपारा (रानी रोड) निवासी राजेश मतवानी ने आरोप लगाया है कि कोतवाली थाने के 4-5 पुलिसकर्मियों ने उसे घेरकर गालियां दीं और लात-घूसों से बेरहमी से पिटाई की। पिटाई इतनी जोरदार थी कि उसके बाएं पैर की जांघ की हड्डी (फीमर बोन) टूट गई है। युवक को तुरंत कोरबा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

न्याय की मांग ही बन गई दर्द की वजह: युवक 2022 में हुई अपने पिता की सड़क दुर्घटना की जांच और कार्रवाई की जानकारी लेने कोतवाली थाना गया था। पीड़ित परिवार का कहना है कि वे लंबे समय से पुलिस से जांच के नाम पर गुमराह किए जा रहे थे। युवक ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने और कार्यवाही की मांग की थी।

प्लास्टिक के पाइप और पट्टे से पिटा: पीड़ित के चाचा श्रीचंद मतवानी ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। घायल युवक ने बताया कि प्लास्टिक के पाइप और पट्टे से पिटाई करने के बाद उसके पैर को मोड़ दिया गया, वो दर्द से कराहता रहा। इस मामले में कोरबा सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि पीड़ित युवक के परिवार वालों ने एसपी से शिकायत की है। कोरबा एसपी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं, जिसके बाद ही वास्तविक कारण सामने आ सकेगा। एक टीम भी गठित की गई है।

अच्छी खबर: 31 मार्च से सेवा होगी बहाल, हवाई सेवा से निवेश और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

हवाई यात्रियों के लिए खुशखबरी, फिर शुरू होगी जगदलपुर-रायपुर फ्लाइट

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के लिए लंबे इंतजार के बाद एक राहत भरी खबर सामने आई है। एलायंस एयर ने जगदलपुर-रायपुर सेक्टर पर दोबारा फ्लाइट सेवा शुरू करने की घोषणा की है। यह सेवा 31 मार्च से समर शेड्यूल के तहत शुरू होगी, जिसमें हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर सेक्टर को शामिल किया गया है।

काफी समय से इस रूट पर विमान सेवा बंद थी, जिससे यात्रियों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि लगातार इस सेवा को फिर से शुरू करने की मांग कर रहे थे। अब नई घोषणा के बाद बस्तर क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नई व्यवस्था के तहत विमान हैदराबाद, जगदलपुर और रायपुर के बीच नियमित रूप से संचालित होगा।

क्यों अहम है यह फ्लाइट सेवा?: बस्तर क्षेत्र, खासकर जगदलपुर लंबे समय से सीमित हवाई कनेक्टिविटी की समस्या से जूझ रहा है। सड़क और रेल मार्ग से लंबी दूरी और समय लगता है। व्यापार, पर्यटन और प्रशासनिक कार्यों के लिए तेज कनेक्टिविटी जरूरी है। हवाई सेवा से निवेश और पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। हैदराबाद और रायपुर से सीधी कनेक्टिविटी मिलने से अब यात्रियों को बड़े शहरों तक पहुंचने में आसानी होगी।

यात्रियों को मिलेगा फायदा

नई फ्लाइट सेवा से न केवल आम यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि व्यापारियों, छात्रों और सरकारी अधिकारियों के लिए भी सफर आसान होगा। खासकर मेडिकल और आपातकालीन यात्राओं में यह कनेक्टिविटी बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। कुल मिलाकर, जगदलपुर-रायपुर सेक्टर पर फ्लाइट की वापसी बस्तर क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक और बहुप्रतीक्षित कदम है, जो आने वाले समय में क्षेत्रीय विकास को नई गति दे सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com